
सुप्रभात
रांची, शनिवार
25.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 223



12 कंगना ने मधुबाला से की अपनी तुलना



# विधायक कैश कांड मामले में हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

## रांची में हुई जीरो एफआइआर को कोलकाता ट्रांसफर करने का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। 46 लाख रुपये के साथ कोलकाता में पकड़े गए कांग्रेस से निलंबित तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की ओर से रांची में की गई जीरो एफआईआर को कोलकाता ट्रांसफरकरने के खिलाफ दाखिल याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि विधायकों के पास जो पैसे बरामद हुए थे उसे लेकर कोलकाता में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, इसलिए अरगोड़ा थाने में दर्ज जीरो एफआईआर को वरीय अधिकारियों की सलाह पर कोलकाता भेज दिया गया। वहीं प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रुपया बरामदगी को लेकर कोलकाता में प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकती है, यह कोलकाता पुलिस के क्षेत्राधिकार में तहत नहीं आता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बंगाल सरकार से पूछा की विधायकों के पास से रुपए बरामद हुए यह मामला आयकर विभाग के पास क्यों नहीं गया, आईपीसी की धारा के तहत यह मामला कैसे दर्ज किया गया। बंगाल सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि अभी मामले में जांच चल रही है यह पता नहीं चल पाया कि वित्तीय अनियमितता का मामला है या नहीं। बरामद पैसा किस मद का है, इसकी जांच चल रही है। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू ने पैरवी की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की कोर्ट में हुई।



हाईकोर्ट ने पूर्व मामले में अंतरिम आदेश देते कोलकाता पुलिस को मामले की जांच को जारी रखने का निर्देश दिया था। लेकिन कोर्ट ने चार्जशीट दायर करने पर रोक लगाई थी। दरअसल, इन 3 विधायकों के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाने में अनूप सिंह की ओर से जीरो एफआईआर कराई गई थी, जिसे कोलकाता ट्रांसफर कर दिया गया था। विधायकों ने इसे कोलकाता भेजे जाने को निरस्त करने मांग की है। जीरो एफआईआर में अनूप सिंह ने सरकार गिराने की साजिश में इन विधायकों के शामिल होने का आरोप लगाया है।

## कारोबारी प्रेम प्रकाश की याचिका पर हाइकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जेल में बंद चर्चित कारोबारी प्रेम प्रकाश की ओर से संपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिका में कहा गया था कि ईडी ने जो इसे पुलिस पेपर उपलब्ध कराए हैं वह अपूर्ण है, इसलिए उसे संपूर्ण पुलिस पेपर उपलब्ध कराया जाए। निचली अदालत ने प्रेम प्रकाश द्वारा संपूर्ण दस्तावेज मांगे जाने के आग्रह को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अखौरी अविनाश कुमार ने पैरवी की।

**संपूर्ण दस्तावेज मांगे जाने का मामला**

### 25 अगस्त को ईडी ने किया था गिरफ्तार

ईडी ने अवैध खनन के मामले में प्रेम प्रकाश के 16 ठिकानों पर पहले छापेमारी की थी और बाद में 25 अगस्त को ईडी ने प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था। ईडी की टीम ने प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर हुई छापेमारी के दौरान अरगोड़ा स्थित आवास से दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद की थी। इसके अलावा कई अवैध संपत्तियों व कोयला कारोबार से जुड़े दस्तावेज बरामद किए थे।

## बिजली घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका पर अब 2 सप्ताह बाद सुनवाई

➲ हैदराबाद की बिजली कंपनी के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रु घूस लेने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में अब 2 सप्ताह बाद होगी। यह मामला हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सूचीबद्ध था। निचली अदालत द्वारा इस मामले में मधु कोड़ा के खिलाफ आरोप गठित किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है इसके पहले उन्होंने निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटिशन खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसी दरमियान निचली अदालत ने उनके खिलाफ आरोप गठित कर दिया था। जिसके बाद मधु कोड़ा ने हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर निचली अदालत द्वारा आरोप गठित किए जाने को भी हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

### मधु कोड़ा पर क्या है आरोप

दरअसल, मधु कोड़ा पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री के उच्च पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की बिजली कंपनी आईवीआरसीएल के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपए घूस ली। साथ ही कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए उसे लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण करने का टेंडर दे दिया। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है, इसमें मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में रहे थे। उन्हें 30 जुलाई 2013 को जमानत मिली थी। बता दें कि आरोप है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने हैदराबाद की ब्लैक लिस्टेड कंपनी आईवीआरसीएल को काम दिया था। वर्ष 2006 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना के लिए झारखंड को केंद्र से 467.76 करोड़ रुपए मिले थे। इस परियोजना के तहत झारखंड के छह जिलों के 27359 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना था। इससे 29.26 लाख परिवारों को सीधे तौर पर लाभ मिलता।

## हाइकोर्ट भवन निर्माण पर सरकार के जवाब से कोर्ट नाराज, चार वकीलों की निरीक्षण कमेटी गठित की

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। नए हाईकोर्ट भवन में वकीलों और मुवक्किलों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के मामले में सरकार के जवाब पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जतायी है। जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत ने सरकार के जवाब को नामंजूर कर दिया है। अदालत ने कहा कि सरकार का जवाब अस्पष्ट है, और इसमें प्रार्थियों की ओर से उठाए गए बिंदुओं की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। अदालत ने कहा है कि सरकार के शपथपत्र से नए हाईकोर्ट भवन में सुविधाओं की जानकारी नहीं मिल रही है। इस कारण अदालत वकीलों की चार सदस्यीय कमेटी का गठन करती है। कमेटी 26 और 27 फरवरी को दौरा कर वहां मौजूद सुविधाओं पर रिपोर्ट पेश करेगी।

कमेटी में अधिवक्ता मनोज टंडन, पीएएस पति, कौशिक सरखेल और अधिवक्ता अंकित सरखेल को शामिल किया गया है। अदालत ने अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार से कहा कि भवन निर्माण में शामिल सभी प्राधिकार से बात कर सुविधाओं की जानकारी हासिल करें, और हाईकोर्ट भवन का समय-समय पर निरीक्षण करें। अदालत ने भवन निर्माण विभाग के कम से कम दो अधिकारियों को वकीलों के निरीक्षण के दौरान मौजूद रखने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों को वकीलों की कमेटी को सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। कमेटी को दो मार्च तक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश अदालत ने दिया है। अगली सुनवाई दो मार्च को शाम चार बजे होगी।

### हाइकोर्ट ने अपर बाजार में बेसमेंट में चल रही दुकानों का ब्योरा मांगा

रांची। रांची के अपर बाजार में अतिक्रमण हटाने और जाम मुक्त करने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने रजिस्टार जनरल के माध्यम से चेंबर (एफजेसीसीआई) को पक्ष रखने के लिए कहा है। वहीं अपर बाजार में घर एवं बेसमेंट में चल रहे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का अदालत ने ब्योरा मांगा है। इस संबंध में चेंबर की ओर से अदालत में अब तक जानकारी नहीं दी गई है। अदालत ने इस जनहित याचिका पर अगली सुनवाई की तिथि 17 मार्च मुकर्रर की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई।

## एमिकस क्यूरी की रिपोर्ट पर हाइकोर्ट ने प्रार्थी की याचिका को किया खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। हिनू स्थित वीर कुंवर सिंह कॉलोनी का रास्ता एजी ऑफिस की ओर से बंद कराए जाने के बाद इसे खुलवाने का आग्रह करने वाली सत्यदेव सिंह की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में एमिकस क्यूरी सत्येंद्र रमित की रिपोर्ट के आलोक में कोर्ट ने प्रार्थी की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने प्रार्थी को छूट दी है कि अगर उसे रास्ते की जरूरत है तो सक्षम सिविल कोर्ट में जा सकता है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

एमिकस क्यूरी ने अपनी रिपोर्ट में हाईकोर्ट को बताया था कि प्रार्थी ने ही जमीन का अतिक्रमण किया है, जिससे लोगों को वैकल्पिक रास्ता नहीं मिल पा रहा है। पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले के एमिकस क्यूरी समेत एजी और रांची नगर निगम के सक्षम पदाधिकारी, अरगोड़ा सीओ और प्रार्थी ने स्थल का निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के बाद वैकल्पिक रास्ता को लेकर एमिकस क्यूरी ने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो वैकल्पिक रास्ता है उसकी जमीन को प्रार्थी ने ही अतिक्रमण किया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रार्थी को खुद ही अतिक्रमण हटा लेने को कहा, लेकिन प्रार्थी की ओर से कहा गया की यह अतिक्रमण की जमीन नहीं है, वह उसकी जमीन है। पूर्व की सुनवाई में दौरान एजी ऑफिस की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि वह उसकी जमीन है और उसपर बाउंड्री वॉल दिया है। वहीं प्रार्थी की ओर से कहा गया इस रास्ते को वह 24 साल से इस्तेमाल कर रहे हैं रास्ता बंद करना न्यायसंगत नहीं है। जबकि रांची नगर निगम ने बताया कि पहले इस स्थल का निरीक्षण किया गया है, यहां वैकल्पिक रास्ते का विकल्प तलाशा जा रहा है।

# राजग की एकजुटता से ध्वस्त होगा महागठबंधन : सांसद आदित्य साहू

### रामगढ़ उपचुनाव को लेकर भाजपा के शीर्ष नेताओं ने जीत के लिये की है व्यूह रचना

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा ने गठबंधन धर्म निभाते हुये आजसू पार्टी के प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में शुक्रवार को ताबड़तोड़ रैली व रोड शो का आयोजन किया। भाजपा के रामगढ़ उपचुनाव प्रभारी सह सांसद आदित्य साहू के नेतृत्व में विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में महागठबंधन सरकार की नाकामियों को उजागर किया गया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित महागठबंधन सरकार अब अंतिम सांसे गिन रही है। उन्होंने आम जनता को सकारात्मक बदलाव के लिये आजसू प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीताने का आह्वान किया। यह भी कहा कि भाजपा ने अलग राज्य का सपना पूरा किया है और अब राज्य को समृद्धि के रास्ते पर ले जाने का दायित्व भी भाजपा ही पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है बच्चे को चुनावी सभाओं में घुमा कर कांग्रेस पार्टी अपने चारित्रिक पतन का सबूत दे रही है। वैसे, इस बार रामगढ़ में कोई सहानुभूति लहर काम नहीं आने वाला है। जिसमें कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में राजग की चट्टानी एकता के आगे महागठबंधन बिखर जायेगा। हालांकि, 2024 के आम चुनाव से पहले यह आखिरी जनमत संग्रह होने की संभावना है। झारखंड के निर्माण के बाद से यह सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पास रही है। जिसमें से एक बार भाजपा के पास और तीन बार उसकी सहयोगी आजसू पार्टी के पास रही है। आजसू पार्टी के दिग्गज चंद्र प्रकाश चौधरी ने 2005 से तीन बार रामगढ़ सीट का प्रतिनिधित्व किया। हालांकि, 2019 में कांग्रेस की ममता देवी ने आजसू प्रत्याशी को भारी बहुमत से हराया था।

### आजसू पार्टी के साथ मिलकर बनाया ये प्लान



भगवा ब्रिगेड यह सुनिश्चित करने में सावधानी बरत रही है कि वोट विभाजित न हों और संदेश जोरदार और स्पष्ट हो कि आजसू पार्टी भाजपा की सहयोगी है। इसका नेतृत्व पीएम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। न सिर्फ भाजपा के दिग्गज इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। यहां तक कि आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने भी लोगों की भावनाओं को इस ओर मोड़ने की कोशिश की है। हालांकि, राजग ने उपचुनाव को हल्के में नहीं ले रही है। राजग ने उपचुनाव जीतने के लिये हर दांव आजमा रही है। इसके पास संसाधनों की भी कमी नहीं है। हालांकि, दोनों पक्ष के उम्मीदवारों में से किसी के लिए भी सफलता की राह इतनी आसान नहीं है। पांचवीं विधानसभा के दौरान हुए चार उपचुनावों में से यूपीए प्रत्येक में विजयी रहा है।


**Office -District Health society , Palamu**

**REQUEST FOR PROPOSAL**

District Health society, palamu is inviting the tender Number 01/2023 of Jan Aushadhi Kendra for opening the Jan Aushadhi Kendra in the Different Community Level Hospital in the palamu Dist as per the given term and condition

| SL. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Establishment of Jan Aushadhi Kendra in the community Health centre of Palamu District |
| 2 | Period of the work | 05 year for the qualifying Agency |
| 3 | Invitation of RFP | 25-02-2023 |
| 4 | Last date for receiving queries | 10-03-2023 |
| 5 | Pre-Bid meeting | 15-03-2023 |
| 6 | Authority response to queries latest by | 28-03-2023 |
| 7 | Last late of Bid Submission(Bid due date) | 20-04-2023 1300 hrs IST |
| 8 | Opening of Technical Bids | 20-04-2023, 1500 hrs IST |
| 9. | Letter of Award (LOA) [Within 30 days ofBid Due Date] | Within 30 days of bid finalization |
| 10 | Bid and other fee | As per the direction given in the Bid Document |
| 11 | Bid submission | DDC office , C block , collectorate building Daltonganj |
| 12 | Opening place | DDC office , C block , colletrate building Daltonganj |
| 13 | Name and address of tender inviting agency | DDC office , C block , colletrate building Daltonganj |
| 14 | Validity of Bids | 120 days from Bid Due Date |
| 15. | Signing of Tripartite Agreement [Within 30days of award of LOA] | Within 30 days of LOA |

Interested candidate can see detail and apply for E tender in detail in Jharkhandtender.gov.in website .

PR.NO.291201 Palamu(22-23):D — s/d Civil surgeon , palamu — s/d DDC PALAMU — s/d DC, PALAMU

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन०आर०ई०पी०, चतरा**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/09/2022-23 दिनांक–23.02.2023

1. मद का नाम: राज्य योजना अनाबद्ध के अन्तर्गत :–

| क्र. सं. | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चतरा | चतरा | चतरा | फांसी तालाब में कांक्रीट बेंच, डेस्क एवं पेवर ब्लॉक पथ निर्माण का कार्य। | 24,87,300.00 | 50000.00 | 5000.00 | तीन माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.03.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 14.03.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 15.03.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 18.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 7979730487 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhand tenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी., चतरा

PR 291108 NREP(22-23).D

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, KODERMA**
**PIN – 825409/ E-mail-ese.esc.koderma@gmail.com**

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tenders in two parts (Part-I Technical & commercial and Part –II price part ) subscribed on sealed envelope are invited from the reputed firms/agencies having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.:-

| Sl. No. | S.T.N. No . | Name of work | Estimate Cost ( In Rs.) | Cost of B.O.Q Including GST in Rs. (Non-refundable) | Earnest money To be deposited in Rs. | Time of completion of the work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 249/PR/JBVNL/ 22-23 | Provision of deep boring with water supply system at 33/11 KV PSS Goushala under Electric Supply Circle, Koderma | 442850.00 | 885/- | 8900/- | Three Months |
| 2 | 250/PR/JBVNL/ 22-23 | Construction of toilet with septic tank At - 33/11 KV PSS Goushala under Electric Supply Circle, Koderma | 485810.00 | 885/- | 9800/- | Three Months |

1. Last date for sale of tender documents up to. 16.03.2023 upto 5:00 PM
2. Last date & time for submission of Tender- 17.03.2023 upto 1:00 P.M.
3. Date & time for opening of Tender (Part-1)– 17.03.2023 At 1:30 P.M.

Tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the last date of submission of tender in working hours on depositing cost of B.O.Q. with Accounts Officer, Electric Supply Circle Koderma in shape of Cash/Demand Draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/- Dy. General Manager (Technical) Electric Supply Circle, Koderma

PR.NO. 291182 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(22-23):D

**कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा।**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष– 2022–23 हेतु आवेदन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं को सरकार द्वारा जारी निर्देश के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुसार वितीय वर्ष–2022–23 में प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. **छात्रवृति के लिए आय की अधिसीमा** :–
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राएँ, जिनके माता–पिता/अभिभावक की सभी श्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से अधिक नहीं हो। इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृति प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अन्य कोई छात्रवृति का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगें।

2. **आवेदन करने की प्रकिया** :–
अहर्त्ता प्राप्त छात्रों को वेबसाईट https://ekalyan.cgg.gov.in में दिये गये सभी दिशा निर्देशों एवं प्रकियाओं का पालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन करना है एवं सभी निम्नांकित वांछित प्रमाण–पत्रों की Scanned Copy (jpeg/jpg में 1mb तक) वेबसाईट पर अपलोड करेंगें :–
(i) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत आय प्रमाण–पत्र (Income Certificate) (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति। (दिनांक 01.09.2022 अथवा उस तिथि के बाद से निर्गत आय प्रमाण–पत्र मान्य होगा।)
(ii) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (Caste Certificate) (अंचलाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
(iii) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र (Residential Certificate) (अंचलाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
(iv) संस्थान के लेटर हेड में संस्थान द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए निर्गत Bonafide Certificate (with Fee Structure निर्गत संख्या एवं दिनांक के साथ) की मूल प्रति। (एक पृष्ठ में)
(v) पूर्व की परीक्षा के अंकपत्र (Mark Sheet of previous exam) की अभिप्रमाणित प्रति।
(vi) छात्रवृति की धनराशि PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT के द्वारा सुयोग्य छात्र–छात्राओं के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। (बैंक खाता को आधार संख्या से सीडिंग एवं NPCI में Mapped होना अनिवार्य है।)

3. **ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा** :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही प्रारम्भ होने की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 21.02.2023 | 06.03.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 10.03.2023 | 17.03.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 10.03.2023 | 18.03.2023 |

4. **कॉलेज/संस्थान का निबंधन**:–
केवल AISHE कोड/U-Dise वाले शैक्षणिक संस्थान/कॉलेज पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति योजना के लिए पात्र होंगे। कॉलेज/संस्थान के द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु Affiliation एवं Registration का अद्यतन कागजात वेबसाईट पर upload करने की अंतिम तिथि दिनांक– 06.03.2023 निर्धारित है। जिन कॉलेज/संस्थानों को NAAC/NBA से प्रमाण–पत्र प्राप्त है, वे कॉलेज/संस्थानों NAAC/NBA प्रमाण–पत्र भी वेबसाईट पर upload करेंगे।

5. **कॉलेज/संस्थान का दायित्व** :–
(I) संस्थान अपना पूर्ण विवरण सहित मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपलोड करेंगें।
नोट:– राज्य के अन्दर स्थित संस्थानों को संबंधित जिला के जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा User Id एवं Password उपलब्ध कराया जायेगा तथा राज्य से बाहर के संस्थानों को उनके ई–मेल आई0डी0 पर System Generated User Id एवं Password उपलब्ध कराया जायेगा। राज्य के अन्दर एवं राज्य के बाहर स्थित महाविद्यालय/संस्थान Course Mapping करते हुए Fee Detail भी Update करेंगे, जो Student application form में दिखलाई देगा, तभी Student Online आवेदन कर सकते हैं।
(II) संस्थान अपने लेटर हेड में वर्ष– 2022–23 में अध्ययनरत छात्र/छात्रा की छात्रवृति हेतु Bonafide Certificate निर्गत करेंगे, जिसमें **निर्गत संख्या एवं दिनांक** अंकित होगा।
(III) संस्थान प्रधान अपने महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के द्वारा भरे गए Online आवेदन को https://ekalyan.cgg.gov.in के वेबसाईट पर अपने User Id एवं Password के माध्यम से Login कर Online सत्यापित करेंगे। राज्य के अन्दर एवं राज्य के बाहर स्थित महाविद्यालय/संस्थान सत्यापन से पूर्व Fee Detail भी Update करेंगे।
(IV) निबंधित संस्थान यदि अपने User Id एवं Password भूल गए हों तो पोर्टल पर दिए गए लिंक से पुनः User Id एवं Password Recover कर सकते हैं।

6. **हेल्प लाईन** :–
सिर्फ आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया में यदि कोई कठिनाई हो तो ई–कल्याण के सम्पर्क संख्या– 040–23120591/23120592/23120593 पर सम्पर्क कर सकते है, एवं e-mail id- helpdeskekalyan@gmail.com पर e-mail कर सकते है अथवा https://ekalyan.cgg.gov.in वेबसाईट के Complaint link पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

7. **नोट**:–
- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना से संबंधित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से निर्गत दिशा–निर्देश एवं अन्य अनुवर्ती सूचना वेबसाईट https://ekalyan.cgg.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व कृपया उक्त वेबसाईट पर दिए गए निर्देश को अवश्य देख लिया जाय।
- उपबन्धित बजट राशि की सीमा के अन्तर्गत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति हो सकेगी।
- निश्चित समय सीमा की समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार का आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- छात्र/छात्रा को अपना आधार संख्या देना अनिवार्य होगा।
- एक से अधिक आवेदन पत्र भरने पर छात्र/छात्रा का सभी आवेदन पत्र रदद् कर दिया जायेगा।
- ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/अशुद्धि/गलत अथवा भ्रामक सूचना देने पर आवेदन रदद् कर दिया जायेगा।
- छात्र/छात्रा द्वारा ऑनलाईन आवेदन के पश्चात् पोर्टल पर दिनांक 01.09.2022 के पूर्व निर्गत आय प्रमाण–पत्र अपलोड किया जाता है तो वैसे आवेदन पत्र को रदद् कर दिया जायेगा।

ह0/– जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 291211 (Lohardaga) 22-23 (D)

**AFFIDAVIT**

**मेरा नाम** आयुष कुमार सिंह है। मैं DE-NOBILI SCHOOL MUGMA का छात्र हूं। मैं मैट्रिक का एग्जाम 2017 में पास किया हूं। मेरा मैट्रिक का मार्कशीट और पासिंग सर्टिफिकेट में पिता का नाम अंग्रेजी में Neeraj Kumar Singh लिखा गया है। जो कि गलत है। सही नाम Niraj Kumar Singh होना चाहिए। यही नाम मार्कशीट एवं पासिंग सर्टिफिकेट में होना चाहिए जो सही है।

**e- Procurement Cell**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI**
**COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT**
**JHARKHAND, RANCHI**

**Notice Inviting Tender (Very Short Notice) ई - प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

Tender Reference No.-(13)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ,DIV/2022-23

Date:-24-02-2023

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction Of Health Sub Centre at Saguna in Block Patan,Under Palamu District. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 2. | Construction Of Health Sub Centre at Chirukurd in Block Manatu,Under Palamu District. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 3. | Construction Of Health Sub Centre at Dowarika in Block Panki,Under Palamu District. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 4. | Construction Of Health Sub Centre at Darudih in Block Lesliganj,Under Palamu District. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 5. | Construction Of Health Sub Centre at Chaparna in Block Hariharganj,Under Palamu District. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 6. | Construction of Block Public Health Unit in The Campus of Public Health Centre in Lesliganj,Under Palamu District | रू0 72,34,600.00 | 09 महीने |
| 7. | Construction of Block Public Health Unit in The Campus of Public Health Centre in Chattarpur,Under Palamu District | रू0 72,66,200.00 | 09 महीने |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02.03.2023 |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 10.03.2023 को अपराह्न 3.00 बजे |
| 3 | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 11.03.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 11.03.2023 को अपराह्न 3.00 बजे |
| 5 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची, कम्बाईन्ड, ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 6 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9431105183/8987663716 |
| 7 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651.3512691 |

- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer, e- Procurement Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 291206 Building Construction Division - 2 (22-23)_D

सुप्रभात
रांची, शनिवार
25.02.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 223



12 कंगना ने मधुबाला से की अपनी तुलना

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### सरायकेला : सड़क हादसे में पांच परिजनों की मौत

**सरायकेला।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के बड़ा चुनचुडीया मोड़ पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की रात भीषण सड़क दादसे में घायल चार और लोगों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी। मृतकों में मां बिमला देवी, बेटा हलधर (12) और बेटी दीपाली (16) शामिल हैं। पिता कमलाकांत प्रमाणिक इलाजरत हैं। दुर्घटना में गंभीर अलका देवी (35) की भी शुक्रवार को मौत हो गयी। पुनम (10) की मौत गुरुवार देर रात ही हो गयी थी। एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से डुमरा के ऑटो सवार 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। छह लोगों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया था, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान चार लोगों की मौत हो गयी।

### चाईबासा में फिर चार आइइडी बम बरामद

**रांची।** चाईबासा जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के वनग्राम मेरालगढ़ा में शुक्रवार को आइइडी बरामद किया गया। सुरक्षाबलों ने 5 किलो का एक और दो से तीन किले के तीन आइइडी बरामद किये हैं।

### सुरक्षा प्रभारी को इडी का सम्मन, 28 को बुलाया

**रांची।** झारखंड में सक्रिय रहे पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के यहां से एके-47 बरामदगी मामले में इडी ने सीएम के सुरक्षा प्रभारी विमल कुमार को सम्मन भेजा है। उन्हें 28 को पूछताछ के लिए रांची जोनल कार्यालय बुलाया है। ईडी ने दो एके-47 राइफल प्रेम प्रकाश के घर से बरामद किया था।

### सेना का अपमान करने वाले मंत्री को हटायें: राय

**पटना।** भारतीय सेना को लेकर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री सुरेंद्र यादव के विवादित बयान पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है। श्री राय ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सेना का अपमान करनेवाले मंत्री को तत्काल कैबिनेट से बाहर करें।

### रामगढ़ में हेमंत ने किया रोड शो, कहा- बजरंग की जीत तय

# सरकार को हमेशा अस्थिर करने में लगी रही भाजपा

➲ महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में सीएम ने की सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में छावनी फुटबॉल मैदान में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत होगी। क्योंकि लोगों का समर्थन उन्हें प्राप्त है। कहा कि पूर्व विधायक ममता देवी ने 3 वर्षों में रामगढ़ विधानसभा में सड़क, बिजली, पानी के लिए काफी कार्य किया, जो विपक्ष को बर्दाश्त नहीं हुआ।

कहा कि विपक्ष ने षडयंत्र के तहत पूर्व विधायक ममता देवी को जेल भेजने का कार्य किया है। जिसका जवाब 27 फरवरी को उपचुनाव में यहां की जनता महागठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाकर देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने राज्य के जरूरतमंद लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ दिया है। साथ ही सभी जरूरतमंदों को राशन कार्ड दिलाया है। श्री सोरेन ने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में गैस सिलेंडर 400 में मिलता था, जिसका दाम अब 1200 रुपये हो गया है। केरोसिन की कालाबाजारी हो रही है। प्लेटफॉर्म टिकट 50 रुपये का हो गया है। जरूरत की चीजें नमक, दूध, दही सभी पर टैक्स लगासे लोगों का जीवन मुश्किल हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष जनहित में कुछ कर नहीं रहा है। इसलिए महागठबंधन सरकार के जनहित कार्यों से विपक्ष को परेशानी हो रही है। कहा कि विपक्ष कोई भी कोशिश कर ले पर राज्य सरकार को कभी अस्थिर नहीं कर सकता। क्योंकि महागठबंधन सरकार मजबूती से आगे बढ़ रही है। सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, सरफराज अहमद आदि मौजूद थे।



### 2019 के पहले यहां आतंक का राज था

सीएम हेमंत सोरेन ने रामगढ़ भाजपा और आजसू पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2019 से पहले रामगढ़ में आतंक का राज था। व्यापारी और नागरिक हमेशा दहशत में रहते थे। मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं यहां होती थी। शहर जलता रहता था। गद्दी पाने के लिए भाजपा और आजसू के नेता किसी भी हद तक जा सकते हैं। सीएम शहर के फुटबॉल ग्राउंड में चुनावी जनसभा के दौरान पूरे तेवर में दिखे। हेमंत सोरेन ने कहा कि , भाजपा और आजसू नींद में सरकार गिराकर सीएम बनने का सपना देख रहे हैं। सभा की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रोड शो किया। रोड शो फुटबॉल ग्राउंड से आरंभ होकर बाजार टांड़ के निकट पहुंचकर संपन्न हुआ। रोड शो में मुख्यमंत्री के साथ महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो भी शामिल थे। साथ ही रोड शो में समर्थक भी बाइकों पर सवार होकर चल रहे थे। (शेष पेज 11 पर)

### संस्थापक दिवस पर टाटा में आकर्षक विद्युत सज्जा का ट्रायल शुरू



टाटा समूह के संस्थापक जेएन टाटा की जयंती 3 मार्च के अवसर पर टाटा स्टील लिमिटेड प्रबंधन जुबिली पार्क, शहर के प्रमुख भवनों, पार्क एवं सड़कों के किनारे आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। विद्युत सज्जा का ट्रायल भी शुरू हो गया है। जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा का आकर्षक दृश्य।

### **बजट सत्र** : स्पीकर ने बुलायी सर्वदलीय बैठक, विपक्ष नदारद

# विपक्ष के सवालों का देंगे करारा जवाब : मुख्यमंत्री

➲ स्पीकर, सीएम और संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्ष से मांगा सहयोग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र को लेकर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें भाजपा और आजसू के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए। बैठक में मौजूद सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया जायेगा, ताकि सदन शांतिपूर्ण चल सके। कहा कि सदन के सुचारू रूप से संचालन के लिए विपक्ष का भी सहयोग जरूरी है। विधायक दल की बैठक में विपक्ष यानी भाजपा और आजसू अनुपस्थित हैं। इससे उनका रुख स्पष्ट है। हालांकि, सरकार ने सदन को लेकर तैयारी पूरी कर ली है।

**सभी दलों का सहयोग जरूरी :** इधर, 27 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र को लेकर शुक्रवार को स्पीकर रवींद्रनाथ महतो के कक्ष में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक सरयू राय, विनोद सिंह उपस्थित थे। बैठक में सरहुल को लेकर सरकारी छुट्टी और सदन की कार्यवाही का मसला उठाया गया। इसके अलावा बजट पेश होने के बाद होली को लेकर होने वाली सरकारी छुट्टी की वजह से सदन की कार्यवाही पर चर्चा हुई। आलमगीर आलम ने कहा कि सदन की कार्यवाही ठीक ढंग से संचालित हो। इसमें पक्ष और विपक्ष की भूमिका अहम होती है। सरकार की ओर से कोशिश की जायेगी कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया जाये।



**बजट सत्र 27 से :** गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी यानी सोमवार से शुरू हो रहा है। जो 24 मार्च तक चलेगा। इस बार बजट सत्र में 17 कार्य दिवस होंगे, जिसकी शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगा। सरकार की ओर से 3 मार्च को वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट सदन के पटल पर रखा जायेगा।

#### अधिकारियों संग भी बैठक

इसके बाद स्पीकर की अध्यक्षता में आलाधिकारियों की बैठक में सुरक्षा, पेयजल-बिजली समेत तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई। स्पीकर ने अधिकारियों को ससमय जवाब देने को कहा। सदन में आने वाले प्रश्नों के जवाब देने के लिए भी जरूरी निर्देश दिये गये। इसमें मुख्य सचिव सुखदेव सिंह सहित राज्य के सभी आलाधिकारी मौजूद थे। इसके बाद स्पीकर ने प्रेस दीर्घा समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। इसमें आनंद मोहन, नमिता तिवारी, विनोद ओझा, भारत भूषण प्रसाद, प्रदीप सिंह, विनय कुमार, राजेश तोमर, उदय चौहान, एसएम खुर्शीद आदि भी थे।

#### 27 को है रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव

झारखंड में 27 फरवरी को रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव होना है। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। सभी पक्ष अपनी-अपनी जीत के लिए एड़ी-चोटी एक कर रहे हैं।

**27 को होनेवाली कैबिनेट बैठक स्थगित :** उधर, झारखंड कैबिनेट की बैठक अब 27 फरवरी को नहीं होगी। बैठक स्थगित कर दी गयी है। 27 से ही झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है। साथ ही 27 को रामगढ़ विधानसभा का उपचुनाव भी है। संभावना है कि इसे देख कैबिनेट की बैठक स्थगित कर दी गयी है। झारखंड मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने शुक्रवार को सूचित किया है कि कैबिनेट (मंत्रिपरिषद) की सोमवार (27 फरवरी) को 4 बजे होने वाली बैठक स्थगित कर दी गयी है।

# पूजा पर प्राथमिकी को लेकर इडी ने सीएस को लिखा फिर पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने पर ईडी ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि पूजा सिंघल पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और अफसरों से उगाही के मामले में प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की गयी? इडी का यह दूसरा पत्र है। इससे पूर्व भी एजेंसी ने पत्राचार कर पूजा सिंघल के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया था। (शेष पेज 11 पर)



**पूजा सिंघल पर हैं कई आरोप :** ईडी ने दावा किया है कि पूजा सिंघल को उक्त अवधि के दौरान विभिन्न बैंकों के कई खातों में बड़ी मात्रा में नकद जमा करते हुए पाया गया था। ईडी ने जांच के दौरान यह पाया गया कि वह उन खातों में नकद जमा करती थी और नकदी को डिमांड ड्राफ्ट में परिवर्तित करती थी। फिर लंबी अवधि के लिए बीमा पॉलिसियां खरीदती थी और पॉलिसी को समय से पहले बंद कर देती थी।

# रिक्त पद शीघ्र भरें, नहीं तो पारित करना होगा सख्त आदेश : हाइकोर्ट

■ आयोग के खाली पदों पर हाइकोर्ट ने जतायी नाराजगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), सीडब्ल्यूसी व राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 1 सप्ताह की मांग की गयी। जिस पर कोर्ट ने समय देते हुए कहा कि जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को जल्द भरा जाये, नहीं तो कोर्ट सख्त आदेश पारित करेगा। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को सरकार ने बताया था कि नियुक्ति के लिए सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन रिटायर्ड जस्टिस एके गुप्ता को बनाया गया है। नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जायेगी। (शेष पेज 11 पर)

### संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन पर प्रस्ताव, भारत समेत 32 देश मतदान से दूर

# पाक आतंकियों का सुरक्षादाता : भारत

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** यूक्रेन में शांति बहाली को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में लाये गये एक प्रस्ताव की मतदान प्रक्रिया में भारत शामिल नहीं हुआ। भारत ने सवाल किया कि क्या यूक्रेनी संघर्ष के एक साल बाद रूस और यूक्रेन दोनों के लिए दुनिया 'संभावित समाधान के पास कहीं भी' थी। भारत के साथ 32 देश मतदान प्रक्रिया में अनुपस्थित रहे। इनमें चीन भी शामिल है। 193 सदस्यीय महासभा में प्रस्ताव के पक्ष में 141 और विरोध में सात मत पड़े। भारत का मानना है कि मानव जीवन की कीमत पर कभी भी कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता है। भारतीय प्रतिनिधि ने पीएम मोदी का बयान 'यह युद्ध का युग नहीं हो सकता है' को रेखांकित करते हुए कहा कि शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। वहीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के 11वें आपातकालीन विशेष सत्र में भारत ने इस्लामाबाद को आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने वाले देश के रूप में इसके ट्रैक रिकॉर्ड को देखने की सलाह दी। भारतीय काउंसलर प्रतीक माथुर ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को शरण देता है। सुरक्षित आश्रय प्रदान करता है और ऐसा वह बेखौफ होकर करता है। इसके लिए उसे दंडित भी नहीं किया जाता। (शेष पेज 11 पर)



#### रूस-यूक्रेन युद्ध के एक साल पूरे

उल्लेखनीय है कि रूस ने पिछले साल 24 फरवरी यूक्रेन पर आक्रमण किया था। शुक्रवार को युद्ध के एक साल पूरे हो गये। इस एक साल के दौरान संयुक्त राष्ट्र की महासभा, सुरक्षा परिषद और मानवाधिकार परिषद में यूक्रेन पर रूसी हमले की कई बार निंदा की गयी और यूक्रेन की संप्रभुता, स्वतंत्रता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता रेखांकित किया गया। प्रस्ताव का शीर्षक था 'यूक्रेन में एक व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति'। भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है-'जैसा कि महासभा यूक्रेनी संघर्ष के एक वर्ष को चिह्नित करती है, यह महत्वपूर्ण है कि हम खुद से कुछ प्रासंगिक प्रश्न पूछें। क्या हम दोनों पक्षों को स्वीकार्य संभावित समाधान देने के करीब हैं? क्या कोई भी प्रक्रिया, जिसमें दोनों पक्षों में से कोई भी शामिल नहीं है।



# ऊर्जा मंत्रालय ने दिया निर्देश, कोयला आधारित संयंत्रों से पूरी क्षमता से हो बिजली का उत्पादन

## पिछले वर्ष गर्मी में अधिकतम मांग 2.15 लाख मेगावाट हो गयी थी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** फरवरी माह में ही बढ़ते तापमान को देखते हुए केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने गर्मी में बिजली की रिकॉर्ड मांग को देखते हुए बिजली संयत्रों कों पूरी क्षमता के साथ उत्पादन करने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि देश में मैन्यूफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र के विकास के साथ ही बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए इस साल गर्मी में बिजली की रिकॉर्ड मांग रहने का अनुमान है।

औद्योगिक उत्पादन के साथ लोगों के लिए गर्मी में सुचारू रूप से बिजली की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने आयातित कोयला आधारित सभी बिजली संयंत्रों को पूरी क्षमता से उत्पादन करने का निर्देश दिया है। ऊर्जा मंत्रालय बिजली कानून के तहत विशेष परिस्थिति में इस प्रकार का निर्देश जारी कर सकता है।

ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक, इस साल अप्रैल तक ही बिजली की पीक (अधिकतम) मांग 2.29 लाख मेगावाट तक पहुंच सकती है, जो अब तक की सर्वाधिक मांग होगी। पिछले साल गर्मी में पीक मांग 2.15 लाख मेगावाट आंकी गई थी। आगामी 16 मार्च से अगले तीन महीने तक आयातित कोयले पर आधारित समेत सभी कोयला बिजली संयंत्रों को पूरी क्षमता से उत्पादन करने का निर्देश जारी किया है, ताकि गर्मी में बिजली की किल्लत नहीं हो।

सूत्रों के मुताबिक, आयातित कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों से उत्पादित बिजली की कीमत सरकार की समिति तय करेगी। ये संयंत्र पॉवर एक्सचेंज के माध्यम से बिजली की बिक्री करेंगे। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के मुताबिक, गत दिसंबर में 115.50 अरब यूनिट का बिजली उत्पादन रहा, जबकि पिछले साल नवंबर में 108.44 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया था।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से भेंट करते सांसद वीडी राम।

## स्पीड न्यूज

### टेरर फंडिंग मामले में डिस्चार्ज याचिका पर हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में चतरा के टंडवा स्थित मंगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग से जुड़े मुकदमे का सामना कर रहे आधुनिक पावर कंपनी के तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल, कारोबारी अमित अग्रवाल, सुदेश केडिया एवं अजय कुमार की ओर दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से दाखिल जवाब पर याचिकाकर्ता की ओर से समय की मांग की गई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 28 फरवरी निर्धारित की।

### फायरिंग के आरोपी को मिली जमानत

**रांची।** एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने शुक्रवार को लातेहार के तेतरियाखाड़ में आगजनी व फायरिंग मामले जेल में बंद अजय तूरी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने याचिका पर सुनवाई प›ात 16 फरवरी को आदेश सुरक्षित रख लिया था। आरोपी की ओर से 16 जनवरी को याचिका दाखिल की गई थी। आरोपी गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह का सदस्य है। एनआईए ने 19 दिसंबर 2020 की घटना को तीन मार्च 2021 को टेक ओवर किया है।

### एमसीडी में मारपीट की घटना शर्मसार करने वाली : राजेंद्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने दिल्ली एमसीडी में पार्षदों के द्वारा आपस में मारपीट की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना देश को शर्मसार करने वाली है। प्रसाद ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का आचरण और व्यवहार उदहारण बनना चाहिए, ना कि यह लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला हो।

# भाजपा ने नमो किसान सम्मान दिवस पर किया समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा ने नमो किसान सम्मान दिवस पर पूरे राज्य में समारोह मनाया। इसका नेतृत्व मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में किसान सम्मान निधि के सफलतम 4 वर्ष पूर्ण होने पर नमो किसान सम्मान दिवस का भव्य कार्यक्रम जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित की गयी।

मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी वैभव सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के नेतृत्व में किसान सम्मान निधि योजना के 4 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर किसानों को सम्मानित किया गया और गोष्ठियां आयोजित की गयीं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। केंद्र सरकार की उपब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगरनाथ ठाकुर धनबाद के टुंडी विधानसभा में किसानों को संबोधित किया। इसके अलावा साहिबगंज में आनंद तिवारी, पाकुड़ में फनी लाल कुशवाहा, गोड्डा में प्रभात सिंह, दुमका में ब्रजकिशोर झा, रंजीत राय, जामताड़ा में मदन तिवारी, धनबाद महानगर में अशोक सिंह, गिरिडीह में मनमीत अकेला, कोडरमा में अनूप भाई वर्मा, हजारीबाग में सुरेंद्र मोदी, रामगढ़ में विनोद ठाकुर, बोकारो में अर्जुन सिंह, राजेश कुशवाहा, मुकेश राय, राजीव नाथ शाहदेव, महेंद्र महतो, रांची महानगर में रितु लाल महतो, रांची ग्रामीण में राजेश सिंह, खूंटी में संतोष साहू, सिमडेगा में मंगल सिंह, गुमला में विजय साहू, लातेहार में सफदर अली, गढ़वा में पुष्प रंजन, पूर्वी सिंहभूम में डॉ दिनेशनंद गोस्वामी, राजकुमार सिंह, जमशेदपुर महानगर में अजय मुंडा, सरायकेला-खरसावां में विजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड के 250 से अधिक सदस्य ले रहे हैं हिस्सा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी का 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन 24 फरवरी से 26 फरवरी तक छतीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हो रहा है। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड से एआईसीसी और पीसीसी डेलीगेट्स मेंबर भी भाग ले रहे है। इसके अलावा इस अधिवेशन में 2024 को लेकर विपक्षी एकता को लेकर कांग्रेस की क्या नीति होगी, इस पर भी चर्चा की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा है कि रायपुर अधिवेशन में गिरती अर्थव्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी और यूथ के मुद्दे पर कांग्रेस की रणनीति पर भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड के एआइसीसी और पीसीसी डेलीगेट्स के 250 से 300 सदस्य हिस्सा लेने के लिए गये है।

राकेश सिन्हा की माने तो रामगढ़ उपचुनाव को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम अधिवेशन में हिस्सा नहीं लेगे। उन्होंने कहा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित कई विधायक और सांसद, मंत्री राष्ट्रीय अधिवेशन में शिरकत करने के लिए पहुंच चुके है।

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी का यह अधिवेशन कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इसमें 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को जीतने की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में कई सामाजिक और राजनीतिक प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

## खबर एक नजर में

### जगप्रीत कौर बनीं डिवाइन योगा अकादमी महाराष्ट्र की कोऑर्डिनेटर

**रांची।** रांची की बेटी जगप्रीत कौर डिवाइन योगा अकादमी महाराष्ट्र की कोऑर्डिनेटर बनाई गयी हैं। डिवाइन योगा अकादमी की डायरेक्टर डॉ परिणीता सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जगप्रीत के आने से अकादमी को बहुत बल मिलेगा। बताते चलें कि डिवाइन योगा अकादमी विगत कई वर्षों से योग की जागरूकता के लिए कार्य कर रही है। डिवाइन योगा अकादमी का प्रयास रहा है कि योग के बारे में सही और साइंटिफिक जानकारी लोगों तक पहुंचाएं।

### विधायक नवीन जायसवाल व उप महापौर ने डॉग रेस्क्यू वाहन को किया रवाना

**रांची।** हटिया विधायक नवीन जायसवाल व उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने शुक्रवार को विधायक निधि से क्रय किए गए डॉग रेस्क्यू गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर निगम कार्यालय से रवाना किया। मौके पर विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि रांची शहर में स्ट्रीट डॉग्स की आबादी लगातार बढ़ रही है। इसके मद्देनजर रांची नगर निगम द्वारा डॉग रेस्क्यू के लिए कार्यक्रम चलाए जाते है और विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट डॉग्स का रेस्क्यू कर उन्हें वैक्सीनेट किया जाता है। आए दिन यह देखा जाता है कि स्ट्रीट डॉग्स का रेस्क्यू कराकर इन्हे वैक्सीनेट करने की आवश्यकता को देखते हुए इन गाड़ियो का क्रय किया गया है । रांची नगर निगम से जुड़े हो एंड एनिमल ट्रस्ट संस्था के द्वारा इन रेस्क्यू किए हुए डॉग्स को वैक्सीनेट किया जाता है।

### डालसा की सहायता से मानसिक रोगी को वृद्धा आश्रम में मिला आश्रय

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के सचिव के निर्देश पर डालसा की पीएलवी ने मनोरोगी अज्ञात माधुरी कुमारी को हेसाग स्थित अपना घर वृद्धा आश्रम में आश्रय दिलाया है। अज्ञात मनोरोगी माधुरी कुमारी, पिता श्री हरी चन्द्र, ग्राम- चौरी-चौरा, पोस्ट व थाना गोरखपुर, जिला- गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) की रहने वाली है।

### एनआइ एक्ट मामलों के 5 दिवसीय अभियान में 106 मामले निष्पादित

**रांची।** माननीय झालसा के निदेर्शानुसार माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा)रांची के मार्गदर्शन पर व्यववहार न्यायालय, रांची के डालसा हॉल में दिनांक 20.02.2023 से 24.02.2023 तक चेक बाउन्स मामलों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में चेक बाउंस से संबंधित कुल 106 वादों को निष्पादन करने में सफलता मिली।

### अन्नपूर्णा सेवा में लोगों ने ग्रहण किया भोजन

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड में स्थित तिरुपति मंदिर के सामने श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में शुक्रवार को130 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। इस अन्नपूर्णा सेवा केंद्र पर रमेश बंका एवं अनामिका बंका के वैवाहिक वर्षगांठ पर भोजन प्रसाद प्रायोजित था। इस अवसर पर बंका परिवार के काफी लोग उपस्थित थे। मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित दूसरे केंद्र पुरुलिया रोड स्थित अन्नपूर्णा सेवा में 230 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे।

### श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा 26 को

रांची। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति रांची के तत्वावधान में 26 फरवरी रविवार को रांची नगर में राजस्थान के खाटू श्री श्याम जी की परंपरा अनुसार श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रांची के नेवरी (विकास विद्यालय) से श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा शुरू हो कर श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा समर्पण के साथ समाप्त होगी।ज्ञात हो कि खाटू धाम में यह परंपरा है कि श्याम भक्त बाबा श्याम की ध्वजा निशान यात्रा 17 कि.मी. की पदयात्रा कर बाबा श्री श्याम को समर्पित करते है।

### झारखंडियों दिशा और दशा सुधारे सरकार : मिर्धा

**रांची।** राष्ट्रीय संविधान रक्षा मंच के अध्यक्ष सरजीत मिर्धा ने बयान जारी कर कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से राज्य की जनता को काफी उम्मीद है। झारखंड और झारखंडियों की दिशा और दशा सुधारने के लिए उन्हें पांच साल का अवसर मिला है। साढ़े तीन साल हो गये, बदलाव अब दिखना चाहिए। बता दें कि श्री मिर्धा झामुमो में दो दशक रहे, आजसू के संस्थापक सदस्य और झारखंड आंदोलनकारी रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी, शिबू सोरेन, निर्मल महतो, बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हो, चांद-भैरव नीलांबर-पीतांबर के सपनों का झारखंड बनाने की पहल करें।

### परिधि ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

रांची। एमबीए की छात्रा परिधि सरावगी ने अपना जन्मदिन बीच कुम्हार टोली रांची स्थित सृजन हैल्प परिवार मे जाकर वहां के दिव्यांग व मूक-बधिर बच्चों के साथ मनाया। सृजन हेल्प के बच्चों के बीच स्वरुचि व सुपाच्य आहार इडली बड़ा, फल, फ्रूटी, पेस्ट्री, मीठा, केक और चॉकलेट का वितरित करते हुए सबों के साथ खुशियां साझा की। परिधि सरावगी की हार्दिक इच्छा थी कि वह अपना जन्मदिन बड़े होटल, रेस्टोरेन्ट में जाकर केक काटने, दोस्तों रिश्तेदारों के संग आमोद-प्रमोद करने, महंगे उपहारों के आदान-प्रदान के बजाय समाज के अंतिम छोर पर अवस्थित मंदबुद्धि विशेष दिव्यांग बच्चों के साथ मनायें।

### सीआइडी आइजी का फेसबुक हैक

**रांची।** सीआइडी आइजी का हैकरों ने फेसबुक पेज हैक कर लिया। इस बाबत सीआइडी आइजी असीम विक्रांत मिंज ने साइबर थाना को सूचित कर दिया है। आइजी ने अपने फेसबुक वॉल पर लिखा है कि हैकर के द्वारा उनके फेसबुक पेज को हैक कर लिया है और लोगों से मैसेंजर में पैसे की डिमांड कर रहा है। उन्हें किसी प्रकार से भी पैसे न दें।

# सीज होगी वीरेंद्र राम की बेनामी संपत्ति

## आय से अधिक संपत्ति का मामला होगा दर्ज, सीएम ग्राम सड़क योजना में थी लूट की तैयारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के भ्रष्टाचार की पोल प्रवर्तन निदेशालय नहीं खोलती तो चालू वित्तीय वर्ष के दौरान मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 615 करोड़ के बजट पर निगाह थी। बहरहाल, इस योजना को बजट में 15 सौ करोड़ की योजना लेने का लक्ष्य रखा गया था। मुख्य अभियंता कार्यालय में 4.5% तो मुख्य अभियंता कार्यालय में ही वसूली होनी थी। ईडी पूछताछ में चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम ने भविष्य में लूट की जानकारी दी है। जिस पर ईडी की ओर से योजना में संलिप्त कमीशनखोरों को गिरफ्त में लेने की योजना भी तैयार कर रही है।

ईडी वीरेंद्र राम व उनकी पत्नी राजकुमारी के संयुक्त खाते में करोड़ों रुपए समेत बेनामी संपत्ति सीज करेगी। गौरतलब हो कि ईडी वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान दोनों के ज्वाइंट एकाउंट में 9.30 करोड़, वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान गेंदा राम के एकाउंट में मात्र 31 दिनों में (21 दिसंबर 2022 से 23 जनवरी 2023 के बीच) 4.5 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। ईडी ने वीरेंद्र राम के सीए मुकेश मित्तल और उसके एसोसिएट्स के ठिकानों पर 21 फरवरी को छापेमारी की थी। जिसमें पता चला कि मुकेश मित्तल को वीरेंद्र राम ने अपनी काली कमाई को प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के लिए कहा था। मुकेश मित्तल को वीरेंद्र राम ने अपने पिता गेंदा राम के खाते में पांच करोड़ डालने के लिए दिए थे। अनुसंधान के दौरान ईडी को गेंदा राम के खाते में 4.48 करोड़ रुपए ट्रांसफर की जानकारी मिली है। यह पैसे दिल्ली के पॉश इलाके में संपत्ति खरीदने के लिए दिए गए थे। ईडी ने जब गेंदा राम के खाते में 4.48 करोड़ स्थानातंरण मामले में पूछताछ की, तो उन्होंने ट्रांजेक्शन से इनकार किया। ईडी को राजकुमारी के खाते में भी 5.70 करोड़ रुपए व 3.59 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जाने की जानकारी मिली। दोनों फर्मों को सीए मुकेश मित्तल संचालित कर रहा था।

**एसीबी का चार्जशीट ने बनाया वीरेंद्र राम को बकरा :** पुलिस के एसीबी ने 11 जनवरी 2020 को सुरेश प्रसाद वर्मा व आलोक रंजन के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम में चार्जशीट की थी। उसी आधार पर ही ईडी ने 17 सितंबर 2020 को केस दर्ज किया था। दरअसल, 13 नवंबर 2019 को एसीबी (जमशेदपुर) में जय माता दी इंटरप्राइजेज के ठेकेदार विकास शर्मा ने सड़क निर्माण विभाग के कनीय अभियंता सुरेश प्रसाद वर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसीबी ने सुरेश को 14 नवंबर 2019 को रिश्वत लेते पकड़ा था। उसी दिन एसीबी ने उनकी पत्नी पुष्पा वर्मा के आवास से नकदी, जेवरात, जमीन व बैंक से संबंधित कागजात मिले थे। जबकि किरायेदार आलोक रंजन के पास से 2.67 करोड़ रुपए नकदी जब्त किए।

### वीरेंद्र का पूरा परिवार इडी के रडार पर

वीरेंद्र राम की अकूत संपत्ति पर ऐश करने वाले भी इडी के रडार पर हैं। इडी की जांच में यह बात सामने आयी है कि उनके परिवार वाले भी मनी ट्रेल में शामिल हैं। ऐसे में उनका भी आरोपी बनना तय माना जा रहा है। इडी ने जांच में यह पाया है कि अपनी अवैध कमायी की मनी लाउंड्रिंग के लिए वीरेंद्र राम ने स्वयं, पिता, पत्नी और बेटे के खातों में भी 23 करोड़ से अधिक का ट्रांजेक्शन किया। अपनी पत्नी राजकुमारी के साथ ज्वाइंट एकाउंट में वित्तीय वर्ष 2014-15 और 18-19 के दौरान 9.30 करोड़ रुपये अलग अलग खातों से मंगवाये। पिता गेंदा राम के खाते में 21 दिसंबर 2022 से 23 जनवरी 2023 के बीच 31 दिनों में 4.50 करोड़ रुपये जमा हुए। इन पैसे का लेन देन किस माध्यम से हुआ, इसकी जानकारी वीरेंद्र राम देने में असमर्थ रहे।

### काली कमाई के साथी भूमिगत

चीफ इंजीनियर के साथ काली कमाई में साथ देनेवाले सहयोगी ईडी के कार्रवाई के बाद भूमिगत हो गई है। कई पदाधिकारी ऐसे हैं जो अब ऑफिस ही नहीं आ रहे हैं। ठेकेदार समेत इंजीनियरों में हड़कंप मचा हुआ है। उन्हें डर है कि ईडी उनके दरवाजे तक भी पहुंच सकती है।

# हेमंत सरकार के संरक्षण में फल फूल रहे भ्रष्टाचारी : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। श्री प्रकाश शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के संरक्षण में राज्य भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुका है। बिचौलिये और भ्रष्टाचारी दिन रात फल फूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सभी विभागों में रोज नये नये लूट के कारनामे उजागर हो रहे, जनता उसकी कल्पना भी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि केवल वीरेंद्र राम ही नही बल्कि पथ निर्माण विभाग, रांची नगर निगम, राज्य आवास बोर्ड, विधानसभा और हाईकोर्ट बिल्डिंग निर्माण में भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों से घिरे अभियंताओं पर एसीबी की अनुशंसा के बावजूद मुकदमे दर्ज क्यों नहीं हुये। उन्होंने कहा कि राज्य के वरिष्ठ मंत्री तो ऐसे भ्रष्ट अभियंता को बॉडी गार्ड उपलब्ध कराने के लिए पत्र से अनुशंसा भी कर चुके हैं।

### राज्य में कई वीरेंद्र राम, जिनपर कार्रवाई की जरूरत : सरयू राय

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी से शासन-प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। पूजा सिंघल के बाद दूसरे बड़े रसूखदार अधिकारी भ्रष्टाचार मामले में पकड़ा गया है। इससे फिर झारखंड शर्मसार हुआ है। विधायक सरयू राय ने कहा कि राज्य में कई ऐसे वीरेंद्र राम हैं, जिनपर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। फिलहाल, चीफ इंजीनियर रिमांड पर है और ईडी उनसे पूछताछ कर रही है। वहीं, ग्रामीण विभाग ने गिरफ्तार चीफ इंजीनियर के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि जल्द ही इस संबंध में चिठ्ठी निकल जायेगी। माले विधायक विनोद सिंह ने कहा है राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निविदा फाइनल करने में 6 से 8 महीने लग जाते हैं। इसके पीछे सिर्फ बारगेन पॉलिसी है। टेंडर होने के बाद भी वर्क आर्डर मिलने में देरी होती है। यह भ्रष्टाचार नहीं तो और क्या है।

# येसु ख्रीस्त के क्रूस दु:खभोग और फिर से जी उठने का स्मरण है क्रूस रास्ता आराधना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राख बुध से शुरू ईसाई धर्मावलंबियों का चालीसा या लेंट में प्रत्येक शुक्रवार एक महत्वपूर्ण दिवस होता है। चालीसा काल के प्रत्येक शुक्रवार को खासकर कैथोलिक मसीही गिरजाघरों, अपने संस्थानों या फिर किसी निर्धारित स्थल पर एकत्रित हो कर क्रूस रास्ता की आराधना करते है। इस आराधना में मसीही येसु ख्रीस्त के क्रूस के रहस्यों पर चिंतन करते है। वर्ष 2023 के चालीसा काल के प्रथम शुक्रवार को आज डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मेरिज कैथेड्रल में मसीही विश्वासियों ने क्रूस रास्ता आराधना कर कलवरी पर्वत पर येसु के क्रूस दुःखभोग, प्रताड़ना, तिरस्कार व क्रूस मृत्यु तक की असह्य पीड़ा को याद किया। शहर के लगभग सभी गिरजाघरों में आज मसीहियों ने क्रूस रास्ता की आराधना की।

संत अल्बर्टस कॉलेज राँची के फादर प्रफुल बड़ा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि क्रूस रास्ता आराधना के संबंध में मान्यता है कि पुण्य शुक्रवार के दिन अर्थात गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह सूली अर्थात क्रूस पर अपनी जान की कुबार्नी दी थी। इसलिये चालीसा काल के प्रत्येक शुक्रवार को ईसाई लोग ईसा मसीह के दुख भोग और उनके मरण का स्मरण करते हैं। क्रूस मरण के कारण ईसा मसीह ने लोगों को पाप तथा मृत्य से बचाया। उनका मानना है कि आज भी क्रूस भक्ति द्वारा पापों से छुटकारा, बुराइयों से बचने तथा मुक्ति पाया जा सकता है।

# व्यावसायिक वाहनों के लिए कर समाधान योजना लाये सरकार : चैंबर

**रांची।** चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में शुक्रवार को परिवहन सचिव के श्रीनिवासन से मुलाकात की और कहा कि व्यावसायिक वाहनों के बकाया टैक्स की एकमुश्त प्राप्ति के लिए विभाग द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लायी जाये। प्रतिनिधिमंडल ने कॉन्ट्रैक्ट कैरिज परमिट के दौरान लग रहे अतिरिक्त अधिभार शुल्क की बाध्यता से हो रही परेशानियां पर चर्चा करते हुए समीक्षा का आग्रह किया। कहा कि झारखंड गजट में अधिभार शुल्क के विषय में कहीं उल्लेख नहीं है और न ही इस संबंध में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा कोई आधिकारिक सूचना उपलब्ध करायी गयी है। चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में निर्बंधित व्यावसायिक वाहनों की दुरुस्ती जांच किसी भी मोटरयान निरीक्षक से हो सके, यह व्यवस्था जरूरी है।

# राज्य में पहली बार वनोत्पाद को बढ़ावा देने का हो रहा संगठित प्रयास

## किसानों एवं वन उत्पाद संग्राहकों के कार्यों को आगे बढ़ाने को तैयार की गयी है योजना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की पहल पर राज्य के किसानों को स्वावलंबी बनाया जा रहा है। वनोत्पाद से किसान होंगे स्वावलंबी। वन उत्पाद के मामले में झारखंड पर प्रकृति की विशेष मेहरबानी है। लाह, तसर, शहद, ईमली, चिरौंजी, साल बीज, महुआ आदि झारखंड के वनों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। राज्य गठन के बाद से राज्य के किसानों को वन उत्पाद का सही मूल्य दिलवा पाना चुनौती का विषय बना हुआ था। लेकिन, सीएम हेमंत सोरेन ने वीर शहीद सिद्दो-कान्हो के नाम से सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ का निर्माण किया। इसके तहत राज्य के सभी किसानों एवं वन उत्पाद संग्राहकों को संगठित करते हुए उनके विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने की योजना तैयार की गयी है। ताकि, वनोत्पाद के माध्यम से भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए नव ऊर्जा का संचार किया जा सके।

मुख्यमंत्री के निर्देश के तहत पलाश ब्रांड की ही तरह सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ के विभिन्न उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की जिम्मेवारी निभाई जायेगी। इसका मूल उद्देश्य जिले के सभी लैम्प्स पैक्स को उचित बाजार तक पहुंच सुनि›ित करना, क्षमता निर्माण, प्रसंस्करण और एक मजबूत ब्रांड को खड़ा करना है। सिदो कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ में त्रिस्तरीय संरचना का गठन किया जा रहा है। पंचायत स्तर पर लैम्प्स पैक्स, जिला स्तर पर संघ एवं राज्य स्तर पर महासंघ कार्य करेगा। पंचायत स्तरीय समिति उत्पादन एवं संग्रहण का जिम्मा एवं जिला स्तरीय संघ प्रसंस्करण की जिम्मेवारी निभाएगी। विभिन्न सुविधाओं से जोड़ते हुए वनोत्पाद के साथ आगे बढ़ने की जो परिकल्पना की गयी है। उससे प्रतीत होता है कि आने वाले दिनों में सिदो कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ कृषि एवं वन उत्पाद के क्षेत्र में देश में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल होगा।

### पैक्स लैंपस को किया जा रहा सशक्त

किसानों के वनोपज को उचित मूल्य और बाजार उपलब्ध कराने के उदेश्य से सभी लैम्प्स-पैक्स को आधुनिक स्वरूप देने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के तहत धरातल पर अब सकारात्मक प्रयास प्रारम्भ हुए हैं। इस कड़ी में सहकारिता के माध्यम से कृषि और वन उपज में आजीविका संवर्धन पर सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत रांची से 17 फरवरी 2023 को की गयी है। प्रत्येक जिले में कार्यशाला के आयोजन के बाद जल्द ही सभी लैम्प्स पैक्स को जोड़ते हुए सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जायेगा। राज्य भर में लैम्प्स सदस्यों को उनकी कृषि और उपज के लिए प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करने की योजना भी सरकार की है।

# सरहुल की 23 मार्च की छुट्टी को लेकर असमंजस, स्पीकर नाराज

## स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा, सचिवालय और राजभवन के अधिकारियों में विभेद नहीं होनी चाहिए

**उदय चौहान**

**रांची।** झारखंड में अब ग्रामर पॉलिटिक्स भी शुरू हो गया है। झारखंड के महान पर्व सरहुल को लेकर सरकारी छुट्टी आगामी 23 मार्च को निर्धारित की है। इसके कारण स्पीकर रवींद्र नाथ महतो खासे नाराज हैं। स्पीकर का कहना है कि सरहुल के दिन सदन की बैठक कैसे संभव है। दरअसल, विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से 24 मार्च तक चलेगा। सत्र के संचालन को लेकर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने सीएम समेत सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद अधिकारियों के साथ ही हाईलेवल मीटिंग की। इस दौरान सत्र के सुचारू रूप से संचालन को लेकर कई फैसले लिए गये। स्पीकर ने कहा कि सदन में उनके आसन की ऊंचाई की वजह से सीएम समेत कई विधायकों से फेस टू फेस मुखाबित होने में दिक्कत होती थी। इसको ध्यान में रखते हुए टेबल की ऊंचाई को कम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरहुल के दरम्यान सरकारी अवकाश



को देखते हुये विधानसभा एवं सचिवालय के अधिकारियों को अपनी ग्रामर दुरूस्त करने को कहा है। सरहुल की छुट्टी को लेकर असमंजस की स्थिति को अविलम्ब स्पष्ट करने को कहा गया है। स्पीकर का मानना है कि सदन के भीतर गुंबद की ऊंचाई काफी है। इसके अलावा गुंबद में शीशे से नक्काशी की गई है जिसके टूटने की आशंका बनी रहती है। इसकी वजह से विधायकों को खतरा हो सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए गुंबद के नीचे नेटिंग करने को कहा गया है।

जब स्पीकर से यह पूछा गया कि सरहुल के अवकाश को लेकर 24 मार्च की कार्यवाही में बदलाव संभव है क्या? स्पीकर ने कहा कि 24 मार्च को सरहुल पर्व की बात सामने आ रही है। लेकिन उस दिन सरकारी छुप्ती वाले कैलेंडर में इसका जिक्र नहीं है। लिहाजा, बोर्ड की परीक्षा की तिथि में भी बदलाव की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि 24 मार्च को ही बजट सत्र का अंतिम कार्य दिवस है। लिहाजा, राज्यपाल के अभिभाषण के बाद कार्यमंत्रणा की बैठक में 24 मार्च के मसले पर चर्चा कर कोई निष्कर्ष निकाला जायेगा। स्पीकर ने कहा कि 24 मार्च की कार्यवाही को 25 मार्च के दिन शिफ्ट किया जा सकता है। स्पीकर ने कहा कि विधानसभा से पारित कई विधेयक इस वजह से राजभवन ने लौटाएं हैं। क्योंकि संबंधित विधेयक के अंग्रेजी और हिन्दी रूपांतरण में एकरूपता नहीं थी। इसपर नाराजगी जताते हुए स्पीकर ने कहा कि जो ग्रामर सचिवालय के अधिकारी पढ़ते हैं, वहीं ग्रामर राजभवन के अधिकारी भी पढ़ते हैं। फिर किसी भी विधेयक के हिन्दी और अंग्रेजी अनुवाद में गलतियां कैसे हो रही हैं।

# दोस्त की पिस्टल से चली गोली, अस्पताल में मौत

## लोअर बाजार थाना क्षेत्र का मामला, आशु नामक युवक की तलाश में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में गुरुवार की आधी रात पिस्टल की गोली लगने से अमन सिद्दीकी की मौत रिम्स में हो गई। वह चर्च रोड का रहनेवाला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। गोलीकांड के मामले में लोअर बाजार थाना पुलिस आशु नामक युवक की तलाश कर रही है।

**कैसे घटी घटना :** जानकारी के मुताबिक, लोअर बाजार थाना क्षेत्र के चर्च रोड में गुरुवार की आधी रात एक मृतक अमन सिद्दीकी एक लगन कार्यक्रम में गया हुआ था। बताया जाता है कि चर्च रोड के ही रहने वाले मोहम्मद



नसीम के बेटे की शादी दो दिन बाद होने वाली है। गुरुवार को उसका लग्न था। अमन सिद्दीकी वहां हो रहे कार्यक्रम के दौरान अपने दोस्त आशु के साथ नाच गा रहा था। इसी क्रम में आशु कमर से लोडेड पिस्टल निकालकर नाचने लगा।

### वीडियो फुटेज में कैद हुई वारदात

लगन कार्यक्रम का वीडियो रिकॉर्डिंग भी करवाया जा रहा था। पुलिस की टीम उस वीडियो फुटेज को भी खंगाला। वीडियो फुटेज में पूरा मामला सामने आ गया। पुलिस आशु की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

पिस्टल पर अमन की नजर गई तो उसने आशु से पिस्टल की डिमांड की। पिस्टल की डिमांड होने के क्रम में दोनों के बीच पिस्टल को लेकर खींचतान चल रही थी। इसी क्रम में ट्रिगर दब गया और अमन को गोली जा लगी। इसी बीच घायल अमन को लेकर कुछ लोग अस्पताल गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गोलीबारी की सूचना मिलने पर लोअर बाजार पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची, तब तक अमन को स्थानीय लोग रिम्स ले कर जा चुके थे। पुलिस की एक टीम आनन-फानन में रिम्स पहुंची, वहां उन्हें जानकारी मिली कि अमन की गोली लगने की वजह से मौत हो चुकी है। अमन के परिजनों ने पुलिस को गोली मारने वाले बदमाशों के बारे में जानकारी दी है जिसके बाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### वन एवं वन्य जीव संरक्षण के लिए सीसीएल ने किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर


**रांची।** सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल) 'सतत एवं धारणीय' विकास तथा 'वन एवं वन्य जीव' संरक्षण के दिशा में आगे बढ़ते हुए शुक्रवार को दो समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। दोनों समझौते सीसीएल ने क्रमशः होप एंड एनिमल ट्रस्ट एवं आयुष्मति एजुकेशन एंड सोशल सोसायटी के साथ किया। प्रथम समझौता ज्ञापन में घायल जानवरों के बचाव एवं उपचार के लिए 247 एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त भी घायल जानवरों के पुनर्वास तथा लोगों के बीच 'रेबीज रोग' से बचाव संबंधित जागरूकता फैलाई जाएगी। इस पूरे अभियान में सीसीएल द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 37.44 लाख व्यय किया जाएगा। दूसरे समझौता ज्ञापन में सीसीएल द्वारा संचालन क्षेत्र में 51 लाख रुपए की लागत से रुग्ण वृक्षों के उपचार के लिए ट्री एंबुलेंस की शुरूआत की जाएगी। ज्ञात हो कि सीसीएल न सिर्फ कोयला का उत्पादन कर देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता है बल्कि प्रकृति को बचाने एवं पारिस्थिति तंत्र को संतुलित रखने की दिशा में भी हमेशा प्रयासरत रहता है।

# सीएमपीडीआइ को एनडीटी के लिए एनएबीएल ने मान्यता प्रदान किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई की नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट (एनडीटी) सेल, ईएंडएम इंजीनियरिंग डिविजन का परीक्षण और कैलिब्रेशन लेबोरेटोरीज (एनएबीएल) के लिए नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड द्वारा मूल्यांकन के पश्चात् मान्यता प्रदान किया गया है। इसके तहत अल्ट्रासोनिक परीक्षण, खानों में प्रयुक्त विभिन्न उपकरणों की अल्ट्रासोनिक थिकनेस मेजरमेंट एवं स्टील वायर रोप्स नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट का मानक आईएसओ/आईईसी 17025:2017 ''परीक्षण और कैलिब्रेशन की क्षमता के लिए सामान्य आवश्यकताएं'' के अनुसार मान्यता प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। सीएमपीडीआई ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में स्टील वायर रोप्स के नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट के लिए मान्यता हासिल किया और अन्य तीन मापदंडों के संबंध में सीएमपीडीआई को 2019 से मान्यता प्राप्त थी और अब इसे नवीनीकृत किया गया है। मालूम हो कि एनएबीएल मान्यता परीक्षण में सीएमपीडीआई की क्षमता स्थापित/सिद्ध करती है और सीएमपीडीआई द्वारा प्रदान की जाने वाली रिपोर्ट/कैलिब्रेशन सेवाओं के संबंध में ग्राहकों के बीच विश्वास व विश्वसनीयता भी बढ़ाती है।

नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट (एनडीटी) भूमिगत एवं खुली कोयला खदानों एवं अन्य उद्योगों में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों और मशीनरी में दोषों, जोड़ों व रिसाव की पहचान करने अथवा पता लगाने के लिए किया जाता है तथा विफलता के चलते दुर्घटनाओं का कारणों और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किया जाता है। एनडीटी सुरक्षा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परीक्षण है क्योंकि यह परीक्षण का एक सुरक्षित और विश्वसनीय तरीका प्रदान करता है। डीजीएमएस नियमों के अनुसार एनडीटी भी एक वैधानिक आवश्यकता है।



सीएमपीडीआई के प्रयोगशाला में भूमिगत एवं खुली खानों में कोल हैंडलिंग प्लांट, 10 मि.मी. से 42 मि.मी. व्यास तक स्टील वायर रस्सी सहित भूमिगत खानों में प्रयुक्त चेयरलिफ्ट मैन राइडिंग सिस्टम, वाइंडिंग इंजन इंस्टालेशन, केज सस्पेंशन गियर्स, 10 मि.मी. से 42 मि.मी. व्यास की झुकी हुई रस्सी का खुली खानों में उपयोग, 10 मि.मी. से 42 मि.मी. व्यास वाली स्टील वायर रस्सियों के एरिया रोप वेज, लांगवाल पावर्ड सपोर्ट सिस्टम, विभिन्न एचईएमएम यानि ड्रैगलाइन, रोप्स शॉवेल्स, हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर, विभिन्न क्षमताओं के डम्पर, मोटर ग्रेडर, वाटर स्प्रिंकलर, ड्रिल मशीन, व्हील और चेन माउंटेड डोजर, टायर हैंडलर, मोबाइल और ईओटी क्रेन, विभिन्न एचईएमएम के वायु दाव टैंकों के अल्ट्रासोनिक थिकनेस मेजरमेंट द्वारा प्रेशर टैंक्स आदि का नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट (एनडीटी) किया जा सकता है।

# हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा मई में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस ने अपनी ऑनलाइन इंजीनियरिंग परीक्षा - 2023 और लिबरल आर्ट्स एंड एप्लाइड साइंसेज, स्कूल ऑफ लॉ और अन्य कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा - 2023 की तारीखों की घोषणा कर दी है। आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा हिटसीई 2023, 3 मई 2023 से 10 मई 2023 तक आयोजित की जाएगी। वही एचआइटीएससीएटी ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा 17 मई से 18 मई 2023 तक आयोजित की जाएगी। एचआइटीएसइइ- 2023 के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2023 है और एचआइटीएससीएटी 2023 के लिए 14 मई 2023 है।

एचआईटीएस रैंक धारकों को विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियां प्रदान करके अकादमिक प्रतिभा को प्रोत्साहित और पोषित करता है। डॉ. केसीजी वर्गीज मेरिट स्कॉलरशिप केंद्रीय और राज्य बोर्ड परीक्षा रैंक धारकों को दी जाती है,



जो ट्यूशन फीस में 100% तक की छूट पाने के पात्र हैं। एचआइटीएससीएटी और एचआइटीएसइइ प्रवेश परीक्षाओं के शीर्ष रैंक धारक भी 100% शिक्षण शुल्क माफी तक की छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं। अन्य छात्रवृत्ति में डॉ. एलिजाबेथ वर्गीज फाउंडर चांसलर स्कॉलरशिप शामिल है, जो एचआईटीएस में उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए कम आय वाले परिवारों की शैक्षणिक क्षमता वाली लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए दी जाती है। एथलेटिक रूप से प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए,राष्ट्रीय, राज्य और अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में प्रशंसा हासिल करने वाले छात्रों के लिए खेल छात्रवृत्ति उपलब्ध है।

## भीषण गर्मी की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार अलर्ट

# पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही : विनय चौबे

शहरों में निर्बाध जलापूर्ति को लेकर नगर विकास विभाग की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नगर विकास विभाग के सचिव सह सीएम के सचिव विनय चौबे ने कहा है कि गर्मी में पेयजल की कमी न हो इसके लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित करें। श्री चौबे शुक्रवार को आला अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने एक सप्ताह में एक्शन प्लान बनाकर उसे क्रियान्वित करने की बात कही है। जिन शहरों में पाइप लाइन वाटर सप्लाई स्किम पूरी हो गई हैं। वहां, अधिक से अधिक घरों में वाटर कनेक्शन दिया जाये। सभी निकायों में खराब और बंद पड़े चापानलों को अविलंब दुरुस्त किया जाये। जहां पाइपलाइन से जलापूर्ति संभव नही है, वहां टैंकर से जलापूर्ति सुनिश्ति हो। शहरों में बंद पड़े एचवाईडीटी बोरिंग को दुरुस्त करायें। उन्होंने कहा कि संसाधनों को दुरुस्त करने के लिए जरूरी उपलब्ध टीमों की संख्या



बढ़ायें। सभी नगर निकाय एक टॉल फ्री नंबर जारी करें। सभी नगर निकाय में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये, जो जलापूर्ति को लेकर जवाबदेह होगा। उन्होंने कहा कि वीडियो कंफ्रेंसिंग के जरिये सभी नगर निगम के नगर आयुक्तों, नगर परिषद और नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों और जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमिटी के विशेष पदाधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता की बुनियादी जरुरतों की पूर्ति के लिए बेहद संवेदनशील है। इसलिए खासकर पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही होगी। हर नागरिक को पर्याप्त पीने का पानी मिलेए इसे सुनिश्चित करें।

बैठक में राज्य शहरी विकास अभिकरण के उप निदेशक कृष्ण कुमार, नगरीय प्रशासन निदेशालय के सहायक निदेशक शैलेश प्रियदर्शी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। जबकि नगर विकास विभाग के तकनीकी कोषांग की टीम, जुडको के कई पदाधिकारी और सभी नगर निगम के नगर आयुक्त, सभी नगर परिषद और नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारी और अन्य पदाधिकारी आनलाईन जुड़े थे।

### जरूरी संसाधन खरीदने का दिया निर्देश

विभागीय सचिव विनय चौबे ने कहा कि जलापूर्ति को लेकर सभी निकायों की ओर से कुछ अतिरिक्त संसाधनों जैसे टैंकरए हैंडपंप और नई बोरिंग की आवश्यक्ता बतायी गयी। इसपर राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने कहा कि त्वरित गति से निविदा निकालकर संसाधन की खरीद कर लें। पर जलापूर्ति में कोई कोताही नहीं होनी चाहिये। उन्होंने तकनीकी कोषांग और जुडको को सहयोग करने का निर्देश दिया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने प्रदेश के शहरों में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना वर्टिकल एक और वर्टिकल 3 की स्वीकृत योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बेघरों को घर देनें की योजनाओं को लेकर भी उतनी ही संवेदनशील है। इसलिए आप कोशिश करें कि जरुरतमंदों को ससमय गुणवतायुक्त आवास का लाभ मिले।

# बिजली कर्मियों ने 12 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यालय पर दिया धरना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ऊर्जा विकास निगम अभियंता-कर्मचारी समन्वय समिति के बैनर तले बिजली कर्मियों ने शुक्रवार को 12 सूत्री मांगों को लेकर ऊर्जा विकास निगम मुख्यालय, धुर्वा के सामने धरना दिया गया। धरना में अभियंता पदाधिकारी कर्मचारी समन्वय समिति के संयोजक पीएन किड़ो, विद्युत डिप्लोमा अभियंता संघ के महामंत्री अजय कुमार, अध्यक्ष राजकिशोर, झारखंड पावर वकर्स यूनियन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, आशीष कुमार, महामंत्री वरुण कुमार सिंह आदि शामिल हुए।

समिति के संयोजक प्रीतम निशि किड़ो ने इस दौरान कहा कि कई बार बिजली कर्मियों को छह फीसदी ऊर्जा भत्ता देने की बात कही गयी है। लेकिन इस पर अभी तक अमल नहीं किया गया है। जिससे बिजली कर्मी इस भत्ता के लाभ से वंचित है। जबकि दिन रात की कड़ी मेहनत से निगम को राजस्व वसूली में हर महीने उपलब्धि हासिल हो रही है। पिछले कुछ महीनों के आंकड़ों को देखें तो निगम को 510 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई है। इसके बाद भी निगम कर्मचारियों से किये वायदे को लागू नहीं कर पाती है। किड़ो ने कहा कि सालों से निगम ने संघो के साथ कई बार पदाधिकारियों कर्मचारियों के कल्याणार्थ लिखित समझौता किये है। लेकिन मुद्दे फाइलों तक सीमित रह गई हैं। जिसे कर्मचारी पदाधिकारी में रोष होना स्वाभाविक है। साथ ही वन विभाग की ओर से बिजली कर्मियों और अधिकारियों पर किये गये केस वापस लेने की बात कही गयी।

### ये है मांगें

6 प्रतिशत ऊर्जा भत्ता को बिहार की तर्ज पर अविलंब लागू किया जायें। वन विभाग द्वारा विभागीय पदाधिकारियों पर किये केस वापस लिये जायें। तकनीकी कर्मियों का ग्रेड पे 3000 पर निर्धारित होने के बाद भी व्यवस्था लागू नहीं की गयी है। ऐसे में इस व्यवस्था को लागू किया जायें। 10 लाख रुपए का सामूहिक चिकित्सा बीमा करते हुए इलाज करवाने की सुविधा दी जायें। कार्यक्षेत्र में होने वाली दुर्घटना से मृत्यु का मुवावजा राशी 50 लाख की जाये। प्रोन्नति प्राप्त अभियंताओं को प्रोन्नति की तिथि से प्रोन्नत वेतमान का लाभ दिया जायें एवं उनका पदस्थापन अविलंब किया जायें समेत अन्य मांग शामिल है।

# महिला पुलिसकर्मी अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा अलर्ट रहें : अखिलेश कुमार झा

फिक्की झारखंड का झारखंड पुलिस फोर्स के लिए हेल्दी लिविंग पर कार्यशाला

व्यायाम, योग आदि के माध्यम से महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर हों

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** फिक्की झारखंड की ओर से झारखंड पुलिस फोर्स के लिए हेल्दी लिविंग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। होटवार स्थित आइटीएस हॉल में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के आइजी (हेडक्वाटर एंड एचआर) अखिलेश कुमार झा ने महिला पुलिसकर्मियों से हेल्दी जीवन जीने की सलाह दी। कहा कि महिला पुलिसकर्मी हमेशा अपने स्वास्थ्य के प्रति अलर्ट रहे यह बताते हुए उन्होंने कहा कि अपने काम के साथ जीवन जीने का तरीका भी सही होना चाहिए। स्वस्थ जीवनशैली को अपनायेंगे, तो आप हमेशा फीट रहेंगे। श्री झा ने कहा कि अक्सर महिलाएं अपने स्वास्थ्य



के प्रति गंभीर नहीं होती है। इससे समस्याएं बढ़ती है। आज के जीवनशैली को अच्छे से संभाल कर चलने की आवश्यकता है। लाइफ स्टाइल बेहतर करना होगा। व्यायाम, योग आदि इसका बेहतर माध्यम साबित होगा। जैप-10 के सीओ धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मियों को काम के साथ अपने आप को फीट रखना जरूरी है। इस प्रकार के कार्यशाला से पुलिसकर्मियों को लाभ मिलेगा। फिक्की झारखंड के हेड रौशन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय पर अपनी बात कही।

न्यूट्रिशियन एंड फिटनेस कोच श्रीयम ने कहा कि पतले होने पर कम और हेल्दी भोजन करने पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है। घर का खाना ही आपके लिए बेहतर है। घर से बाहर काम करने जाती है, तो कोशिश करें कि घर से ही खाना ले जाये। जरूरत से अधिक खाना भी नुकसानदायक है। कार्यशाला में डॉ सिद्धार्थ सिन्हा, इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रथिन भद्रा, एमवे इंडिया की अलका गुरनानी, आशीष वैद्य, एमवे इंडिया के नीतिन माथुर, हेल्थ एक्सपर्ट मनु सेठ, योग आचार्य स्वामी मुक्तिरथ आदि ने अपने विचार रखे। कार्यशाला के तकनीकी सत्र का संचालन आइएसएस के पूर्व निदेशक एसके सिंह ने किया।

### वायु प्रदूषण से कैंसर मरीजों की संख्या होगी दोगुणी : डॉ मानस रंजन

**रांची।** चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर इंस्टीट्यूट, कोलकाता के पूर्व सहायक निदेशक डॉ मानस रंजन रे कहा है कि प्रदूषण से कैंसर मरीजों की संख्या दोगुणी हो सकती है। डॉ रे शुक्रवार को मोराबादी स्थित पर्यावरण मेला में बोल रहे थे। उन्होंने प्रदूषण का मानव जीवन पर कुप्रभाव विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि अगर शासन व्यवस्था और समाज ने प्रदूषण की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया तो आने वाले दिनों में वायु प्रदूषण के कारण देश में ही नहींए पूरी दुनिया में कैंसर से मरने वालों की संख्या बेहद बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में प्रदूषण को रोकने के लिए जो कदम उठाये जाने चाहिए थे, वो नहीं उठाये गये। युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे पर्यावरण मेले में कोलकाता से शिरकत करने आए डॉ रे ने कहा कि वायु प्रदूषण का असर वर्तमान पीढ़ी के शरीर के प्राय: सभी हिस्सों पर तो पड़ ही रहा है। आने वाली पीढ़ी पर भी पड़ रहा है। बच्चे अंडरवेट पैदा हो रहे हैं। वो निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं। महिलाओं में गर्भधारण की समस्या पैदा हो रही है। उनका मासिक धर्म भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

# झारखंड के इंजीनियर, दाग अच्छे हैं...

## एसीबी ने दर्जनों अभियंताओं को रिश्वतखोरी में पकड़ा है

**कुबेर सिंह**

**रांची।** झारखंड में इंजीनियरों की चांदी हैं। राज्य में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दर्जनों इंजीनियर को रिश्वतखोरी में पकड़ा है। कुछ पर विभागीय कार्रवाई चल रही है तो कुछ निलंबन मुक्त होकर दोबारा पद पर योगदान कर चुके हैं तो कुछ लोग बेल पाकर आजादी से घूम रहे हैं। कहा जा सकता है कि रिश्वतखोर इंजीनियर हैं तो क्या दाग अब भी अच्छे हैं।

### कब-कब पकड़े गए हैं इंजीनियर

**15 नवंबर, 2019 :** एसीबी ने ग्रामीण विकास विभाग के जूनियर इंजीनियर को दस हजार रूपए रिश्वत लेते हुए इंजीनियर सुरेश कुमार वर्मा को पकड़ा था। बाद में पुलिस ने जब उसके घर छापेमारी की तो दो करोड़ 45 लाख रूपए बरामद किया गया था। वर्तमान में सुरेश कुमार वर्मा के मामले में जांच चल ही रही है।

**21 जुलाई, 2020 :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 30 हजार रूपए रिश्वत लेते हुए रवि राकेश को पाकुड़ से पकड़ा था। रवि राकेश को दुमका एसीबी की टीम ने पकड़ा था।

**18 अगस्त, 2021 :** रांची एसीबी की टीम ने भरनो ब्लॉक में पदस्थापित सहायक अभियंता राजीव कुमार रंजन को 30 हजार रूपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

**19 अप्रैल, 2022 :** रांची एसीबी की टीम ने सिमडेगा जिले के बानो प्रखं कार्यालय के कनीय अभियंता मनोज कुमार को दस हजार रूपए लेते गिरफ्तार किया था।

**15 जुलाई, 2020 :** झारखंड में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने एक कार्यपालक अभियंता को एक लाख रुपये



(1,00,000 रुपये) रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इंजीनियर सिमडेगा आरइओ विभाग में तैनात था।

**24 नवंबर, 2022 :** इनकम टैक्स विभाग ने पथ निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार सिंह के अशोकनगर स्थित घर में छापा मारा था, इनकम टैक्स विभाग ने वहा से 10 लाख रूपए जब्त किए थे।

**तीन वर्ष पहले** चतरा के गाड़ीलौंग पंचायत कार्यक्षेत्र के जूनियर इंजीनियर को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को 8 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टंडवा निवासी जूनियर इंजीनियर अमित कुमार ने पीसीसी सड़क निर्माण के बकाए रुपए दिलवाने के एवज में रिश्वत की मांग की थी।

**दो वर्ष पहले :** एंटी करप्शन ब्यूरो खूंटी जिला परिषद कार्यालय से असिस्टेंट इंजीनियर अशोक कुमार को 10 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। अशोक कुमार को रांची लाकर जेल भेज दिया गया था।

**18 जून, 2020 :** प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में खूंटी जिला परिषद् के बर्खास्त पूर्व कनीय अभियंता राम विनोद प्रसाद सिन्हा को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जांच में भी आय से अधिक संपत्ति के मामले में कनीय अभियंता राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कांड सत्य पाया था। उनपर आय से 679 प्रतिशत अधिक संपत्ति की पुष्टि हुई थी।

**12 जनवरी, 2022 :** झारखंड एसीबी की टीम ने लातेहार में कनीय अभियंता और पंचायत सेवक को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। दोनों के ऊपर दस-दस हजार रूपए रिश्वत लेने का आरोप है।

# सूखती-डूबती दुनिया

वैश्विक संस्था क्रॉस डिपेंडेंसी इनिशिएटिव यानी एक्सडीआई की रिपोर्ट उजागर कर देती है। संस्था ने दुनिया के तमाम राज्यों, प्रांतों और क्षेत्रों में निर्मित पर्यावरण केंद्रित भौतिक जलवायु के जोखिम का तार्किक विश्लेषण किया है। दरअसल, जलवायु परिवर्तन के चलते हमारी फसलों, आबोहवा तथा जल स्त्रोतों पर पड़ने वाले प्रभावों के आकलन के बाद पचास संवेदनशील क्षेत्रों का चयन किया गया है। चिंता की बात यह है कि अमेरिका व चीन के बाद भारत के तमाम राज्य इस संकट वाली सूची में शामिल हैं। उसमें पंजाब भी शामिल है। यूं तो इस सूची में बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात व केरल भी शामिल हैं, लेकिन पंजाब को लेकर हमारी चिंता बड़ी होनी चाहिए। इसकी एक वजह पंजाब का राष्ट्रीय खाद्यान्न पूल में बड़ा योगदान होना है। यदि ग्लोबल वार्मिंग संकट का राज्य में विकट प्रभाव नजर आता है तो देश की खाद्यान्न सुरक्षा के लिये भी चुनौती पैदा हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पंजाब संवेदनशील सीमावर्ती राज्य है, जिसकी किसी तरह की समस्या जटिलता को जन्म दे सकती है। यद्यपि देश के अन्य राज्यों में जलवायु परिवर्तन के जोखिम को भी हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर इस चुनौती के मुकाबले के लिये रणनीति बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। कहीं सूखा तो कही बाढ़ पूरी दुनिया में यह माहौल डर पैदा कर रहा है। सौ साल की विनाशकारी नीति के कारण जो हाल हुआ है वह निश्चित रुप से चिंताजनक है। दरअसल, इस संकट की बड़ी मार समाज के कमजोर वर्गों व खेतिहर श्रमिक जैसे पेशों पर पड़ती है। गंभीर समस्या के प्रति जहां केंद्र व राज्यों को मिलकर मुहिम चलाने की जरूरत है, वहीं किसानों व आम लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

# भारत पर भरोसा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉजीवा ने कहा है कि भारत वर्ल्ड इकॉनमी में तुलनात्मक रूप से ब्राइट स्पॉट बना हुआ है। भारत 2023 में ग्लोबल इकॉनमी की ग्रोथ में अकेले 15 प्रतिशत का योगदान देगा। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी को महामारी के चलते हुई गिरावट से उबरने में डिजिटलीकरण से मदद मिली और विवेकपूर्ण राजकोषीय नीति तथा अगले साल के बजट में प्रस्तावित पूंजी निवेश से वृद्धि की गति को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

जॉजीवा ने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में बताया, ह्यह्यभारत की परफॉर्मेंस काफी प्रभावशाली रही है। हमें उम्मीद है कि मार्च में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारत 6.8 प्रतिशत के हाई ग्रोथ रेट को बनाए रखेगा। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए हमारा अनुमान 6.1 प्रतिशत है। भारत की ग्रोथ बाकी दुनिया की इकॉनमी की तरह थोड़ी धीमी होगी, लेकिन ग्लोबल एवरेज से ऊपर रहेगी। इस तरह 2023 में ग्लोबल ग्रोथ में भारत का योगदान लगभग 15 प्रतिशत होगा। यह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज ग्रोथ रेट है। भारत ऐसे वक्त में ह्यब्राइट स्पॉटह्ल बना हुआ है, जब आईएमएफ ने 2023 को एक मुश्किल साल रहने का अंदेशा जताया है। इस साल ग्लोबल ग्रोथ रेट घटकर 2.9 प्रतिशत रह सकता है।

भारत ब्राइट स्पॉट क्यों है? क्योंकि देश ने महामारी के प्रकोप पर काबू पाने और ग्रोथ तथा नौकरियों के अवसर पैदा करने के लिए डिजिटलीकरण का बेहतर ढंग से इस्तेमाल किया। दूसरी वजह है कि भारत की राजकोषीय नीति आर्थिक स्थितियों के प्रति उत्तरदायी रही है। हमने पेश किए गए नए बजट को देखा है, और यह राजकोषीय समेकन के लिए प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जबकि साथ ही पूंजी निवेश के लिए महत्वपूर्ण वित्तपोषण भी मुहैया कराता है।

# फांसी की सजा से दुष्कर्म रुक सकता है?





-डॉ रमेश ठाकुर

> भारत में औसतन रोजाना 90 से 100 दुष्कर्म की घटनाएं घटती हैं। ये आंकड़े वह हैं जो रिपोर्ट किए जाते हैं, बाकी गांव-देहातों में लाज जज्जा के कारण रेप के मामले दर्ज ही नहीं हो पाते। ऐसे राजनेताओं-अधिकारियों की संख्या कम नहीं, जो रेप करके कुछ सालों जेल में रहकर जमानत पर बाहर हैं। बलात्कार अपराध के लिए नपुंसक और फांसी दोनों सजा संयुक्त रूप से लागू हों।

**बलात्कार** की घटनाओं को रोकने के लिए इसे प्रयोग कहें, या समय की जरूरत? जरूरत तो वैसे कई वर्षों से महसूस हो रही है। बलात्कार जैसे जघन्य अपराध की रफ्तार को थामने के लिए पाकिस्तान की हुकूमत ने भारत जैसे देशों को आईना दिखाया है। पाकिस्तान में रेपिस्टों को रासायनिक तरीके से नपंसुक बनाने का एलान हुआ है। दुष्कर्म को सबसे बड़े अपराधों में गिना जाता है, इसमें सजा देने के नियमों में बदलाव के साथ समय-समय पर नए सिरे से परिभाषित भी किया गया, बावजूद इसके दुष्कर्म की घटनाएं घटने के जगह बढ़ीं। इस कृत्य से कोई एक देश नहीं, बल्कि समूचा संसार दुखी है। पड़ोसी देश पाकिस्तान भी परेशान है, बीते कुछ सालों में वहां अप्रत्याशित रूप से बलात्कार की घटनाएं घटीं। अभी कुछ दिन पहले वहां एक ऐसी घटना घटी जिसने पूरे पाकिस्तान को झकझोर दिया। पंजाब के सिंध प्रांत में मां-बेटी के साथ कई लोगों ने सामूहिक बलात्कार की जघन्य वारदात को अंजाम दिया। घटना कमोबेश दिल्ली में घटित निर्भया कांड जैसी ही थी। बलात्कार करने के बाद बदमाशों ने दोनों मां-बेटी के साथ जानवरों से व्यवहार किया। घटना से दुखी होकर अगले ही दिन प्रधानमंत्री इमरान खान ने बलात्कार पर पहले से बने कानूनों को बदल कर कठोरतम कानून बनाने का फरमान जारी कर दिया। बलात्कारियों को सजा के रूप में नपुंसक बनाने का कानून पारित हुआ। इमरान खान के इस कदम की पाकिस्तानियों ने खूब प्रशंसा की।

कुछ ऐसे ही कानून बनाने की मांग हिंदुस्तान में भी उठती है। लेकिन, उस पर अमल नहीं हो पाता। जबकि, भारत में बलात्कार के केस सबसे ज्यादा प्रतिदिन दर्ज किए जाते हैं। सवाल उठता है, जब बलात्कारियों को पाकिस्तान जैसे छोटे मुल्क में नपुंसक बनाया जा सकता है तो भारत में क्यों नहीं? तुलनात्मक रूप से पाकिस्तान से हमारा कोई मुकाबला नहीं, लेकिन उनके इस निर्णय से हम कुछ सीख ले सकते हैं।

वैज्ञानिक तौर पर फांसी दुष्कर्म को रोकने का कारगर उपाय नहीं हो सकता? भारत में रेपकांड पर फांसी मुकर्रर है, बावजूद इसके बलात्कारियों में कोई भय नहीं?

निर्भया के दोषियों को जब सूली पर चढ़ाया गया, तो उस वक्त लगा कि अब ऐसे कृत्य करने वालों में डर पैदा होगा। लेकिन हुआ उसके उलट, पहले से भी ज्यादा मामलों में वृद्धि हुई। हाथरस, बलरामपुर व राजस्थान की घटनाएँ ताजा उदाहरण हैं जहां बलात्कारियों ने सारी की सारी मानवता को तार-तार कर दिया। निश्चित रूप से हमारे यहां रेप के मामले डरावने हैं, 2018 में दुष्कर्म के 33,356 मामले दर्ज हुए, जिनमें आधे से ज्यादा पीड़िता नाबालिक बच्चियां थीं। भारत में औसतन रोजाना 90 से 100 दुष्कर्म की घटनाएँ घटती हैं। ये आंकड़े वह हैं जो रिपोर्ट किए जाते हैं, बाकी गांव-देहातों में लाज जज्जा के कारण रेप के मामले दर्ज ही नहीं हो पाते। वहां आज भी पंचायतों द्वारा सुलझाए जाते हैं। पीड़िताओं को धन रूपी थोड़ा बहुत मुआवजा देकर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है। 2017 में दुष्कर्म के 32,559 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि 2016 के लिए यह आंकड़ा 38,947 था। इसके बाद 2019 में रिकॉर्डतोड़ मामले सामने आए।

रेप के मामले बढ़ रहे हैं। बलात्कार के कानून में बदलाव भी किए गए, सख्त नियमों के बाद भी अपराधी अपराध करने से नहीं डरते। जैसे पाकिस्तान में अब बलात्कारियों को रासायनिक तरीके से नपुंसक बनाया जाएगा, ठीक उसी तरह से हमारे भी नियम लागू किए जाएं। कानून बनाने को लेकर पाकिस्तान में पक्ष-विपक्ष सभी ने एक सुर में अपनी सहमति दी। क्योंकि बलात्कार एक ऐसा अपराध है जिसका कोई पक्ष नहीं ले सकता। अपराधी किसी भी धर्म-समुदाय से ताल्लुक रखता हो, चाहें कितनी भी बड़ी पहुंच वाला क्यों न हो, उसकी सिर्फ एक ही सजा होनी चाहिए, नपुंसक या फांसी? जैसा पाकिस्तान किया जा रहा है। हालांकि नपुंसक बनाने का कानून और भी कई इस्लामिक देशों में पहले से लागू है। इस डरावने कानून से वहां ये अपराध नियंत्रण में है।

बहरहाल, दुष्कर्म अपराध को नए सिरे से परिभाषित करना समय की मांग है। ये मांग सिर्फ पाकिस्तान में ही नहीं, बल्कि भारत जैसे देशों में भी महसूस की जा रही है। भारत में शायद ऐसा कानून बन पाए, क्योंकि इसके पीछे एक बड़ी बजह है। बलात्कार के मामलों में 33 प्रतिशत सफेदपोश, अधिकारी व उच्च वर्ग के लोग संलिप्त हैं। कई राजनेता तो इस वक्त जेलों में कैद हैं जिन्होंने बलात्कार की घटनाओं को अंजाम दिया है। अब ऐसा तो हो नहीं सकता है कि बलात्कारियों के लिए अलग-अलग कानून बनाए जाएं। आम के लिए अलग और खास के लिए अलग? अगर इस रूप में देखें तो निर्भया के दोषी आम लोग थे, इसलिए उन्हें फांसी पर लटका दिया गया, खुदा-न-खास्ता वह भी सत्ता के गलियारों से वास्ता रखते होते तो उनका भी केस समय के साथ चलता रहता।

ऐसे राजनेताओं-अधिकारियों की संख्या कम नहीं, जो रेप करके कुछ सालों जेल में रहकर जमानत पर बाहर हैं। कुल मिलाकर, पाकिस्तान की तर्ज पर अगर भारत में भी रेपिस्टों को नपुंसक बनाने का कानून बना दिया जाए, तो निश्चित रूप से मामलों में गिरावट आएगी। बलात्कार अपराध के लिए नपुंसक और फांसी दोनों सजा संयुक्त रूप से लागू हों।

कानून के मुताबिक नपुंसक बनाने के वक्त बलात्कारियों को एक च्वाइस देनी चाहिए। उनसे पूछा जाए, नपुंसक बनना है या फांसी पर लटकना है? जब एकाध मामलों ऐसे ये नियम लागू हो जाएंगे, तो भय पैदा होना स्वाभाविक होगा। समय की दरकार है, पाकिस्तान के देखा देख, हिंदुस्तान की हुकूमत को भी ऐसी पहल करनी चाहिए। इसमें जन मानस की सहमति सौ प्रतिशत होगी। शायद ही कोई विरोध करे। उत्तर प्रदेश सरकार की योगी सरकार जब लव जिहाद पर शिकंजा कस सकती है, तो केंद्र सरकार को पाकिस्तान की तरह नपुंसक कानून बनाने में भला क्या गुरेज होगी?

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## खास बात

# वाइडेन की भूमिका

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की यूक्रेन यात्रा ने सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। वैसे पहले भी कई अमेरिकी राष्ट्रपति जैसे जॉर्ज बुश, बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप अफगानिस्तान में गए हैं लेकिन उस समय तक इन देशों में अमेरिकी फौजों का वर्चस्व कायम हो चुका था लेकिन यूक्रेन में न तो अमेरिकी फौजें हैं और न ही वहां युद्ध बंद हुआ है। वहां अभी रूसी हमला जारी है। दोनों देशों के डेढ़ लाख से ज्यादा सैनिक मर चुके हैं। हजारों मकान ढह चुके हैं और लाखों लोग देश छोड़कर परदेश भागे चले जा रहे हैं। यूक्रेन फिर भी रूस के सामने डटा हुआ है। आत्मसमर्पण नहीं कर रहा है।

इसका मूल कारण अमेरिका का यूक्रेन को खुला समर्थन है। अमेरिका के समर्थन का अर्थ यही नहीं है कि अमेरिका सिर्फ डॉलर और हथियार यूक्रेन को दे रहा है, उसकी पहल पर यूरोप के 27 नाटो राष्ट्र भी यूक्रेन की रक्षा के लिए कमर कसे हुए हैं। बाइडेन तो युद्ध शुरू होने के साल भर बाद यूक्रेन पहुंचे हैं लेकिन फ्रांस के राष्ट्रपति इम्नुएल मेक्रों, जर्मन चासंलर ओलफ शुल्ज, कनाडा के प्रधानमंत्री और ब्रिटेन के पूर्व और वर्तमान प्रधानमंत्री जॉनसन और ऋषि सुनक भी यूक्रेन की राजधानी कीव जाकर जेलेंस्की की पीठ थपथपा चुके हैं।

राष्ट्रपति बाइडन का कीव पहुंचना इसलिए भी आश्चर्यजनक रहा कि इस समय रूसी हमला बहुत जोरों पर है और बाइडन के जीवन को कोई भी खतरा हो सकता था। इसीलिए यह यात्रा बिल्कुल गोपनीय रही लेकिन अमेरिकी शासन ने यात्रा के कुछ घंटे पहले मास्को को चेताया कि बाइडन कीव जा रहे हैं ताकि इस युद्ध को समाप्त किया जा सके। लेकिन बाइडन ने वहां जाकर क्या किया? जेलेंस्की की पीठ ठोकी और 500 मिलियन डॉलर के हथियार और सौंप दिए। इसके अलावा उन्होंने रूस और चीन को चेतावानियां दे डालीं। अमेरिकी प्रवक्ता ने चीन पर आरोप लगाया कि वह रूस को हथियार सप्लाई कर रहा है। चीन ने इस आरोप को खारिज कर दिया और अमेरिका से कहा कि वह यूक्रेन को भड़काने की बजाए समझाने का काम करे। इससे अमेरिका का शास्त्रास्त्र उद्योग भी परम प्रसन्न रहता है।

# अहंकार से रहें दूर

## विचार-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**स्वांसों** का प्रसाद देने वाला परमात्मा सभी के हृदय में विराजमान है और बहुत ही नजदीक है। लेकिन इंसान को उसकी खुशबू क्यों नहीं आती क्योंकि इंसान स्वयं और अपने हृदय से बहुत दूर रहता है। जब शीशू रोता है तो ममतामयी प्यारी मां उसे अपने आंचल में ले लेती है और उसी पल शीशू को अपनी मां की खुशबू मिल जाती है। तब वह बिल्कुल शांत हो जाता है। उसके होठों पर मधुर मुस्कान आ जाती है और शरीर का रोआं रोआं खिल जाता है। इसी प्रकार परमात्मा स्वांसों की छड़ी से छूकर हमें हर पल अपने पास बुलाता है। लेकिन इंसान अपने अहंकार और स्वयं से दूरी के वशीभूत इसे पहचान नहीं पाता। सच्चा प्रेम ऐसा होना चाहिए कि अभ्यास के समय आंखों में अपने आप आंसू निकलना शुरू हो जाएं। जिस प्रकार बच्चे की कोई मांग या आकांक्षा नहीं होती बल्कि मां स्वयं उसे दे देती है इसी प्रकार आप भी किसी प्रकार की कोई आकांक्षा या मांग न रखें।

परमात्मा का आपके भीतर हृदय में विराजमान होना ही सबसे बड़ा आशीर्वाद है। उनसे कुछ मांगना नहीं पड़ता। अभ्यास से जैसे ही परमात्मा का सानिध्य मिलता है तो व्यक्ति को सब कुछ अपने आप मिल जाता है।

जैसे फूल के पास जाओ खुशबू अपने आप ही मिलने लगती है उसी प्रकार परमात्मा के सानिध्य में शांति की खुशबू अपने आप मिलना शुरू हो जाती है। वो इतना परम दयालु है कि बच्चा मां के गर्भ से बाहर बाद में आता है लेकिन उसके भोजन के लिए मां का आंचल पहले ही दूध से भर देता है।

## आपके ट्वीट

**हर** नागरिक स्वस्थ हो और स्वास्थ्य सेवाओं पर होने वाला खर्च नागरिकों पर बोझ न बने'


'आयुष्मान भारत योजना' के माध्यम से मोदी सरकार इसी मंत्र को चरितार्थ कर रही है।

**– अर्जुनराम मेघवाल, केन्द्रीय मंत्री**

**राज्य** की लाखों किशोरियों को किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उन्हें रु 40 हजार तक की सहायता दी जा रही है। आज पढ़ाई से लेकर नौकरी-रोजगार की तैयारी में युवाओं को मदद के लिए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गयी है।

**– हेमंत सोरेन**





**प्रत्येक** कार्य निष्ठा व एकाग्रतापूर्वक करें।जीवन लक्ष्य के प्रति सजगता और निश्चयात्मक बुद्धि से आत्म सामर्थ्य का जागरण होता है, और आत्म जागरण ही जीवन के उन्नयन का मूल है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# खरीद- फरोख्त की भटठी में जलता बाल जीवन

**मुकुंद**

## समस्या

**सूडान** में इस साल पहली जनवरी को दुनिया का सबसे कुख्यात और अमीर मानव तस्कर किडेन जेकारियास हब्टेमरियाम इंटरपोल के हत्थे चढ़ चुका है। वह अफ्रीकी देश इरीट्रिया का रहने वाला है। हब्टेमरियाम के लीबिया में संचालित शिविर में यूरोप जाने के लिए लालायित हजारों पूर्वी अफ्रीकी प्रवासियों को बंधक बनाकर रखा जाता था। खुलासा हुआ था कि इस शिविर में बंधक बनाकर रखी गई महिलाओं और बच्चों का यौन शोषण कराया जाता था। देश-दुनिया में फलते-फूलते इस उद्योग की जड़े कितनी गहरी हैं, इसका खुलासा 24 घंटे पहले जयपुर में जारी की गई ह्यरेलवेजझ्रमेकिंग द ब्रेक इन ट्रैफिकिंगह्ल नामक रिपोर्ट से भी होता है।

इस रिपोर्ट को नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी और रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक संजय चंदर ने जयपुर में 18वीं यूआईसी विश्व रेलवे सुरक्षा कांग्रेस में सार्वजनिक किया है। इसमें कहा गया है कि आज मानव तस्करी दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा संगठित आपराधिक उद्योग है। यह रिपोर्ट हर संवेदनशील, विकासशील, प्रगतिशील व्यक्ति और राष्ट्र को चुनौती देती है। कैलाश सत्यार्थी इस दिशा में 1980 से बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से काम कर रहे हैं। बचपन बचाओ आंदोलन और रेलवे सुरक्षा बल का संयुक्त अध्ययन ह्यरेलवेजझ्रमेकिंग द ब्रेक इन ट्रैफिकिंगह्ल आंखें खोलने के लिए काफी है। बचपन बचाओ आंदोलन अब तक 1,13,500 बच्चों को क्रूर पंजों से छुड़ा चुका है। सत्यार्थी अब यह अभियान रेलवे सुरक्षा बल के साथ मिलकर चला रहे हैं। उनका मानना है कि इस घिनौने और बर्बर उद्योग से जुड़े खूंखार मानव तस्कर आमतौर पर रेलगाड़ियों का प्रयोग करते हैं। इस संगठित आपराधिक उद्योग की कमर तोड़ने में यह बल महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है।

बचपन बचाओ आंदोलन के इस मकसद को पूरा करने में रेलवे सुरक्षा बल से काफी मदद मिल रही है। जनवरी, 2020 से अब तक 1600 से ज्यादा बच्चों को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाया जा चुका है। इन बच्चों को रेलवे स्टेशन और ट्रेन के डिब्बों से अपराधियों को दबोचकर मुक्त कराया गया। खुशी की बात है कि बचपन बचाओ आंदोलन और रेलवे सुरक्षा बल कई साल से ऐसे अपराधियों के चेहरों से नकाब हटा रहे हैं। यह उद्योग अरबों डॉलर की कमाई का साधन बन चुका है। इन बच्चों से जबरन मजदूरी, वेश्यावृत्ति और भीख मंगवाई जाती है। किशोरियों को शादी के लिए बेच दिया जाता है। यह कितना दुखद है कि कोविडकाल में लॉकडाउन इन मानव तस्करों के लिए उत्सव की तरह रहा। यह किसी से छिपा नहीं है कि इस काल ने लाखों लोगों को गरीबी की ओर धकेला और इन अपराधियों ने इन बेवश परिवारों को शिकार बनाया। रेलवे सुरक्षा बल ने जनवरी, 2020 से अब तक संयुक्त छापामार कार्रवाई में 337 मानव तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है। सत्यार्थी कहते हैं कि संभवतः यह दुनिया में मानव तस्करों के खिलाफ सबसे बड़ा अभियान है। रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक संजय चंदर की भूमिका इस अभियान में स्वप्नदर्शी जैसी है। वह इंटरनेशनल यूआईसी सेक्योरिटी प्लेटफॉर्म के चेयरमैन भी हैं। इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के मौके पर आयोजित समारोह में इस प्लेटफॉर्म के 22 सदस्य देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इन प्रतिनिधियों ने बचपन बचाओ आंदोलन और रेलवे सुरक्षा बल के इस अभिनव अभियान को अपने यहां लागू करने पर सहमति जताई है। सभी का मानना है कि बच्चों को सुरक्षित रखना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### लकीर की फकीर

**आत्मविश्वास** खो चुकी कांग्रेस अब भी अस्तित्व पर पड़े संकट को गंभीरता से न लेकर लकीर की फकीर बनी हुई है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को आत्मविश्लेषण की जरूरत है। नेताओं का महत्व समझना होगा और उन्हें सम्मान भी देना होगा। जो नेहरू परिवार और कांग्रेस के लिए ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के लिए भी सुखद स्थिति नहीं होगी।

**–रवि, रांची**

### असावधानी से खतरा

**किसानों** का धरना निश्चित रूप से न केवल राष्ट्रीय राजधानी बल्कि पूरे देश में घातक वायरस के प्रसार के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सकता है। ये विरोध निश्चित रूप से कोरोना मामलों की संख्या में वृद्धि का कारण बन सकता है क्योंकि न तो किसी सामाजिक दूरी का पालन किया जा रहा है और न ही ये प्रदर्शनकारी बीमारी के प्रसार को रोकने को तैयार हैं।

**–दीपांशी, पटियाला**

# विकसित मध्य प्रदेश की सिचाई क्षमता तीन गुणा बढ़ी

**डॉ. मयंक**

## सामयिक

**केंद्रीय** सिंचाई एवं ऊर्जा ब्यूरो ने मध्य प्रदेश को सीबीआईपी अवार्ड प्रदान किया है। मध्य प्रदेश को सिंचाई के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए उत्कृष्ट राज्य के रूप में चुना गया है। राज्य ने अपनी 15 वर्षों में सिंचाई क्षमता को सात लाख हेक्टेयर से बढ़ा कर 45 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया है। विगत तीन वर्षों में मध्य प्रदेश पाइप प्रणाली के माध्यम से अधिकतम क्षेत्र में सिंचाई करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। निश्चित ही यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। खासकर किसानी के क्षेत्र में कैसे आत्मनिर्भर एवं लाभ का बनाया जा सकता है इसके लिए बहुत सार्थक प्रयास नहीं किए गए थे। यदि पिछली सरकारों में ये हुए होते तो बीमारू राज्य का टैग कभी मध्य प्रदेश के साथ नहीं लगता ।

मोदी सरकार का भी धन्यवाद है कि 2014 से केंद्र में आने के बाद से पिछले आठ सालों में लगातार उसने मध्य प्रदेश के विकास को ध्यान में रखा है, योजनाएं बनाते समय उसकी जमीनी आवश्यकताओं पर पूरा ध्यान दिया है। वस्तुतः जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कहते हैं कि सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों के लिए जल-संसाधनों के अधिकतम उपयोग में मध्य प्रदेश को देश में प्रथम स्थान मिला है।

वैसे तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देश की ग्रामीण आबादी के लिए "राष्ट्रीय जल जीवन मिशन" ऐसा वरदान है जो उनकी पेयजल की कठिनाइयों को पूरी तरह दूर कर देता है ।प्रदेश की करीब सवा पांच करोड़ ग्रामीण आबादी के लिए उन्होंने जल जीवन मिशन में तत्काल कार्य प्रारंभ करवाए हैं । कोविड-19 और दो वर्षा काल के बाबजूद 20 लाख की आबादी से अधिक तक जल सुविधा पहुंचाने का वार्षिक लक्ष्य वाले 12 बड़े राज्यों में मध्य प्रदेश ने अपना प्रमुख स्थान लगातार बनाए रखा है ।

अभी हाल ही में बुरहानपुर को देश का शत-प्रतिशत "हर घर जल" सर्टिफाइड जिला होने का प्रथम पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्राप्त करने में सफल रहा है। आज के आंकड़े देखें तो प्रदेश के छह हजार 800 से अधिक ग्राम शत-प्रतिशत "हर घर जल" युक्त हो चुके हैं, इनमें से केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा सर्वाधिक सर्टिफाइड घोषित ग्रामों की संख्या मध्य प्रदेश की है। अब तक प्रदेश के 53 लाख 97 हजार 911 ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाया जा चुका है। प्रदेश के करीब एक करोड़ 20 लाख लक्षित ग्रामीण परिवारों में से शेष रहे परिवारों को केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित वर्ष 2024 की समय-सीमा में नल कनेक्शन से जल पहुंचाना है। यह तो हुई हर घर जल पहुंचाने की बात ।इसी तरह आप देखें कि राज्य सरकार को लगातार सातवीं बार 'कृषि कर्मण अवार्ड' के अतिरिक्त कृषि अधोसंरचना निधि के सर्वाधिक उपयोग के लिये 'बेस्ट फरफॉर्मिंग स्टेट', मिलेट मिशन योजना में 'बेस्ट इमर्जिंग स्टेट' और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 'एक्सीलेंस अवार्ड' प्राप्त हुआ। फसल बीमा योजना का ज्यादा से ज्यादा किसान लाभ ले सकें और इसमें अपनी विभिन्न फसलों का बीमा कराने के लिए सरकार ने अधिसूचित फसल क्षेत्र का मापदंड 100 हेक्टेयर के स्थान पर 50 हेक्टेयर किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के चार हजार रुपये मिला कर प्रदेश के लाखों किसानों को 10 हजार रुपये की सालाना मदद की जा रही है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक नजर में

## सुभम वेडिंग कार फ्लावर एंड डेकोरेशन खुला



बरकट्ठा। कपका बरकट्ठा –परसाबाद रोड़ स्थित हाईस्कूल के समीप सुभम वेडिंग कार फ्लावर एंड डेकोरेशन का उद्घाटन मुखिया कमलेश कुमार ने शुक्रवार को किया। मुखिया ने कहा कि इस तरह के दुकान खुलने से आम लोगो को काफी सुविधा होगी।क्षेत्र के लोगों को शादी विवाह, दूल्हा गाड़ी, बर्थडे पार्टी, सजावट के लिए लोगों को बरकट्ठा जाना पड़ता था अब लोगों के गांव में ही सुविधा हो जाने से समय का बचत होगी। संचालक सुरजदेव पासवान ने कहा कि उचित मूल्य पर बेहतर काम होगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य डालेश्वर पंडित,रघुबीर महतो, रंजित पासवान, संजय प्रसाद, खुशलाल प्रसाद, नरेश ठाकुर, चिकन ठाकुर उपस्थित थे।

## खैरा में किसान संगोष्ठी आयोजित



टाटीझरिया । खैरा पंचायत भवन प्रांगण में एसबीआई बैंक व्यवसाय कार्यालय हजारीबाग के ओर तत्वधान में झरपो शाखा द्वारा 24 फरवरी को शिविर लगा। एसबीआई झरपो शाखा प्रबंधक ने किसानों को हितार्थ व्यसाय सबंधी ऋण मुहैय्या की विस्तृत जानकारी दी। मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार वर्मा समाज सेवी अरविंद केसरी पसंस विनय कुमार दास, आनन्दी महतो,फिकन महतो,निर्मल महतो,शांति देवी,कोयल कुमारी,राजकुमार राम बैजनाथ महतो, सरजू महतो,सुमित्रा देवी,अन्य कई ग्रामीणों संग सीएसपी संचालक शशि सिंह दीपक पांडेय मौजूद थे।

## लंपी वायरस को ले मवेशियों को लगा टीका

टाटीझरिया। गोवंश को लंपी वायरस से बचाने के लिए शुक्रवार को डुमर पंचायत के कोल्हु में उपमुखिया मुकेश कुमार मंडल के पहल पर पशु चिकित्सालय की टीम भरत यादव, संतोष प्रसाद व कुंदन कुमार ने 400 मवेशियों को टीका लगाया. इस टीकाकरण अभियान में स्थानीय पशुपालकों के सैकड़ों मवेशियों को टीका लगाया गया। उपमुखिया ने बताया कि लंपी से पशुओं के बचाव को टीकाकरण किया जा रहा है. इस मौके पर पशुपालन विभाग के कर्मियों ने ग्रामीणों को लंपी स्किन बीमारी के कारण, लक्षण व उपचार पर विस्तार से जानकारी दी. मौके पर दिलेश्वर प्रसाद साहु, अशोक प्रसाद, रोहित प्रसाद, लखन साहु, पंकज कुमार, बघा मंडल, अनिल मंडल, समेत अन्य उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मुलन को लेकर बैठक

हजारीबाग। राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत 10 से 25 फरवरी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चुरचू अन्तर्गत आयोजित मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के सफल क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त, नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, हजारीबाग में जिला समन्वय समिति की द्वितीय बैठक हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी / सदस्य एवं स्वयं सेवी संस्था से उनके प्रतिनिधि उपस्थित हुए। सिविल सर्जन डॉ. एस.पी.सिंह एवं जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी डॉ.सी.बी.प्रतापन द्वारा उपस्थित सदस्यों को फाइलेरिया बीमारी एवं उसके बचाव के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान फाइलेरिया विलोपन हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के क्रम में यह जानकारी दी गई कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है किन्तु इसका बचाव आसान है। वर्ष में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा का सार्वजनिक सेवन कर इस बीमारी से बचा जा सकता है। इस कार्यक्रम के तहत दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को दवा तालिका के अनुसार दवा सेवन करना अनिवार्य है। खाली पेट दवा सेवन नहीं करना है।

## आवासीय स्कूल की जल्द होगी चारदीवारी

दारू। हरली में निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय परिसर की चारदीवारी निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा।इस योजना का टेंडर हो चुका है और यह योजना के निर्माण लगभग 90 लाख की लागत से होगी। इसके लिए भवन के चारो और जमीन का सीमांकन कार्य शुक्रवार को किया गया। अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही चारदीवारी कार्य पूर्ण कर होगा जिसके बाद विद्यालय भी सुचारू रूप से चलने लगेगा जिससे प्रखंड क्षेत्र और आसपास के बच्चीयों को पढ़ने में आसानी होगी।

## बीडीओ ने बुलाई मुखिया संघ की बैठक एक घंटे तक इंतजार के बाद नाराज होकर लौटे

दारू : बीडीओ सुशील कुमार राय ने रविवार को प्रस्तावित डालसा के कार्यक्रम के लिए प्रखंड की प्रमुख कुमारी स्वेता व सभी पंचायत के मुखिया की बैठक शुक्रवार को बारह बजे दिन में बुलाई थी जिसके बाद निर्धारित समय मे सभी जनप्रतिनिधि पहुंच गए पर बीडीओ अन्य कार्य मे ब्यस्तता के कारण उनसे समय पर नही मिल पाए और सभी जनप्रतिनिधि बगल में प्रमुख के कार्यालय कक्ष में इंतजार करते रहे। इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ने दो बार बीडीओ को फोन किया पर फिर भी बीडीओ ने उन्हें बैठक के लिए नही बुलाया जिससे नाराज होकर प्रमुख व सभी मुखिया वापस लौट गए। इस बारे में अनिल देव ने बताया कि हालांकि उनके निकलने के बाद बीडीओ ने फोन कर उनसब को बुलाया पर तबतक सभी प्रखंड भवन से निकल गए थे साथ ही उन्होंने कहा कि इस मुद्दे से नाराज होकर सभी मुखिया 26 फरवरी को डालसा का प्रस्तावित कार्यक्रम से नदारत रहेंगे।

### एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी में महानगरों की तर्ज पर होगा इलाज

# आरोग्यम में पारस अस्पताल रांची के डाक्टर देंगे सेवा

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। जिले का एकलौता एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में न्यूरो सर्जन और कैथ लैब सेवा शुरू होने के बाद हॉस्पिटल प्रबंधन महानगरों के तर्ज पर अन्य स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने को लेकर तत्पर है। अभी जल्द ही रांची के सुप्रिद्ध हॉस्पिटल पारस हॉस्पिटल के गेस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और हेमेटोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सक हजारीबाग के आरोग्यम हॉस्पिटल में अपनी ओपीडी सेवाएं देंगे। इस सुविधा के शुरू होने से अब पाचन तंत्र, और पित्ताशय की थैली, यकृत, पित्त नलिका, अग्नाशय सहित अन्य अंगों से संबंधित रोगों का समुचित इलाज करेंगे।

गेस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट एवं रक्त और रक्त वाहिकाओं से संबंधित रोगों के इलाज की समुचित सुविधा हेमेटोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी । गेस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट के रूप पारस हॉस्पिटल के में डॉ. चंदन कुमार ओपीडी सेवा देंगे। डॉ.चंदन कुमार ने अपनी एमबीबीएस की डिग्री रिम्स, रांची से पूरी की। जिसके बाद भारत के प्रमुख अस्पतालों में से एक वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली से मेडिसिन मेमोरी किया।

इन्होंने एम्स, भुवनेश्वर के एक प्रमुख संस्थान से डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन गैस्ट्रोलॉजी पूरी की। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोध पत्र लिखें और कई पुस्तक अध्ययनों में अपना विशेष योगदान दिया। इनकी विशेषज्ञता डायग्नोस्टिक अपर जीआई एंडोस्कोपी, चिकित्सीय ऊपरी जीआई एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, पोलिपेक्टोमी, इआरसीपी, स्टेंटिंग और स्टोन हटाना, ईयूएस मेन सहायता प्रदान करना, असिस्टेंट मोटराइज्ड स्पाइनल एंट्रोस्कॉपी सहित अन्य शामिल हैं । हेमेटोलॉजी विशेषज्ञ के रूप में पारस अस्पताल के डॉ. अभिक रंजन जो अपनी ओपीडी सेवाएं देंगे। डॉ. अभिक रंजन झारखंड में डीएम क्लिनिकल हेमेटोलॉजी में प्रशिक्षित पहले सुपरस्पेशलिस्ट है। इन्हें रक्त संबंधी विकारों वाले लोगों के निदान और उपचार में प्रशिक्षित किया जाता है।

इसमें रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया, लिम्फोमास, मल्टीपल मायलोमास, आदि), कम हीमोग्लोबिन से जुड़े विकार (थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया सहित विभिन्न प्रकार के एनीमिया, आयरन की कमी से एनीमिया, मेगालोब्लास्टिक एनीमिया, ऑटोइम्यून हेमोलिटिक एनीमिया आदि), प्लेटलेट विकार (आईटीपी आदि) शामिल हैं। ), डब्ल्यूबीसी विकार (ल्यूकोपेनिया आदि), अस्थि मज्जा विफलता सिंड्रोम, अप्लास्टिक एनीमिया, रक्तस्राव विकार (हेमोफिलिया और अन्य)। उन्हें एएमएल, ऑल, मल्टीपल मायलोमास, सीएमएल, हॉजकिन्स लिंफोमा, एनएचएल आदि जैसे सभी ब्लड कैंसर के इलाज में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाता है। डॉ.अभिषेक ने एमडी प्रतिष्ठित ग्रांट मेडिकल कॉलेज और जेजे ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई से किया है। अपनी एमडी की डिग्री खत्म करने के बाद, उन्होंने मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नई, तमिलनाडु के क्लिनिकल हेमेटोलॉजी के सबसे प्रतिष्ठित और बड़े विभाग में से एक से डीएम क्लिनिकल हेमेटोलॉजी में तीन साल का प्रशिक्षण लिया है, जहां उन्हें अस्थि मज्जा सहित घातक और सौम्य हेमेटोलॉजी में प्रशिक्षित किया गया था। इस अवधि के दौरान उन्होंने कीमोथेरेपी और साइड इफेक्ट्स के साथ-साथ लक्षित इम्यूनोथेरेपी में ज्ञान प्राप्त किया। वह सभी सीएमई, सेमिनार और स्नातकोत्तर शिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल थे। उन्होंने कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मणिपाल में सहायक प्रोफेसर के रूप में भी काम किया है।

## ममता को आजसू ने फंसाया : संजीव बेदिया

भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ उपचुनाव को ले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सैंकड़ो झामुमो कार्यकर्ता मतकमा चौक भुरकुंडा से शुक्रवार को रामगढ़ पहुंचे। संजीव बेदिया ने बताया कि महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी द्वारा जिस तरह से महिला विधायक ममता देवी को झूठे केस में फंसाया गया है जो उचित नहीं हैं। एक न एक दिन आजसू के षड्यंत्र का पर्दा फास होकर रहेगा।

## सरकार एक भी वादा नहीं पूरी की : आदित्य साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने शुक्रवार को रामगढ़ के वार्ड नंबर 5 एवं 6 में चाय पर चर्चा के माध्यम से लोगों से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदान की अपील की। कहा कि हेमंत सोरेन सरकार कई वादे कर सत्ता में आयी लेकिन वह लोगों से किये एक भी वादे पूरी नही कर पायी।

उन्होंने कहा कि राज्य सहित रामगढ़ में अपराध बढ़ने से लोगों में राज्य सरकार के विरूद्ध आक्रोश का माहौल है। चुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत होगी।

## सदर विधायक ने कलश यात्रा का किया स्वागत



हजारीबाग। साईं मंदिर परिवार, ओकनी के 11 वें स्थापना दिवस के मौके पर गुरुवार को परिवार की ओर से भव्य मंगल कलश यात्रा स्थानीय खजांची तालाब परिसर स्थित मनोकामना मंदिर प्रांगण से बाजे- गाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान विधिवत पूजा- अर्चना करके युवती और महिलायें माथे पर कलश में नारियल, आम पत्र और अन्य शुभ सामग्री लेकर शहर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए रवाना हुए । सदर विधायक मनीष जायसवाल ने विधायक कार्यालय के बाहर मालवीय मार्ग में कलश यात्रा का स्वागत किया और हाथ जोड़कर कलश यात्रियों का अभिनंदन किया। कलश यात्रा के दौरान पूरा शहर ॐ साईं राम के नारे से गुंजयमान होता रहा और पुरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

## एनडीए प्रत्याशी को जिताएं : जयंत सिन्हा

रजरप्पा। रामगढ़ उपचुनाव को लेकर भाजपा ने जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान दुलमी के ईदपारा, सिकनी एवं चितरपुर के सुकरीगढ़ा, लारी, बड़कीपोना, चितरपुर पूर्वी, चितरपुर उत्तरी में चलाया गया. यहां, हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने लोगों से राजग प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

# चार संपन्न राशन कार्ड धारियों पर लगा जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता


**ईचाक में गलत तरीके से अनाज उठाव कर रहे लोगों पर जिला आपूर्ति ने की कार्रवाई**

ईचाक। प्रखंड के अलौंजाकला ग्राम के चार संपन्न राशन कार्ड धारियों पर ज़िला आपूर्ति अधिकारी अरविन्द कुमार ने कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा गलत तरीके से राशन का अनाज उठाव के विरुद्ध आर्थिक दण्ड आरोपित कर चालान के माध्यम से दंड राशि जमा करने का आदेश जारी किया है। अन्यथा प्राथमिकी करने का आदेश दिया गया है। जिन राशन कार्ड धारियों पर गलत राशन कार्ड बना कर राशन उठाव करने की कार्रवाई की गई है उनमें अलौंजा कला इचाक के चमेली देवी, जिन पर 1.41 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है चमेली देवी पर आरोप है कि उनका पक्का मकान एवं चार पहिया वाहन है। महावीर मेहता अलौंजा कला जिन पर 97,440 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। उनके पिता का रांची में पक्का मकान है। पार्वती देवी, अलौंजा कला पर 1.08 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया है, उन पर आरोप है कि उसका पुत्र पुलिस विभाग में सिपाही हैं। अलौंजा कला के बंगाली मिस्त्री, जिन पर 1.36 लाख का जुर्माना लगाया गया है इन पर आरोप है इनका तीन मंजिला मकान होने के बावजूद दुकान से अनाज उठाया।

**राशन डीलर को भी नोटिस :** ग्राम असिया के राशन डीलर बालेश्वर प्रसाद मेहता अनुज्ञप्ति संख्या 04/2005 पर राशन कार्डधारियों के विरुद्ध कार्डधारियों से मिली गड़बड़ी की शिकायतों व समर्पित साक्ष्यों के आधार पर जिला आपूर्ति कार्यालय ने डीलर बालेश्वर प्रसाद मेहता को नोटिस दिया है।

# बड़कागांव प्रखंड में तीन जल मीनार अधूरे

खबर मन्त्र संवाददाता



बड़कागांव। गर्मी दस्तक देते ही पानी के लिए हाहाकार मचने लगी। 2022 में घर- घर जल नल योजना पूरी होने वाली थी, लेकिन आज तक पूरी नहीं हुई । प्रखंड के तीन पंचायतों में जल एवं स्वच्छता विभाग से 18 करोड़ के तीन जल मीनार बनाया गया है। तीनों जल मीनारों का निर्माण कार्य का शुभारंभ अलग-अलग अवधि में हुआ था। कई बार समय सीमा समाप्त होने के बाद इसे सितंबर 2022 में चालू करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन अभी कार्य अधूरा है। बड़कागांव पूर्वी, कांडतरी व सिरमा पंचायत के करीब 50 हजार की आबादी को मिलेगा लाभ, लेकिन मीनार शुरू नहीं होने से

**सितंबर 2022 में चालू करने का लक्ष्य था, लेकिन अभी नहीं बना**

इलाके के लोग पानी के लिए भटक रहे हैं। जेई प्रदीप तिर्की ने कहा था कि एक महीने के अंदर जल मीनार काम पूरा हो होगा। लेकिन काम जस का तस है।

**प्रखंड मुख्यालय का जल मीनार अधूरा :** बीडीओ आवास के समीप 6 वर्ष पूर्व 2016 में जल मीनार का काम शुरू हुआ था। जिसका काम अब तक पूरा नहीं हुआ। इस जल मीनार में लगभग 10,000 से अधिक लोगों को पीने का शुद्ध पानी मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है।

**नयाटांड़ में काम बंद :** नयाटांड़ बाजार के समीप 2018 में जल मीनार का काम शुरू हुआ था, लेकिन जमीन विवाद के कारण काम को बंद करवा दिया गया। मुखिया लीलावती एवं पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम ने कहा कि संवेदक एवं ग्रामीणों की सामंजस्य के बाद जल्द काम शुरू होगा।

**बुढ़वा महादेव नहीं हुआ चालू:** कांडतरी पंचायत के बुढ़वा महादेव में 2019 में जल मीनार का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। शुरू में निर्माण में भी विवाद हुआ था। लेकिन उसे निपटा लिया गया। अब यह बनकर तैयार है, लेकिन चालू नहीं किया गया हैं। इस योजना के तहत करीब 25,000 ग्रामीणों तक शुद्ध पानी पहुंचाने का लक्ष्य है।

**क्या कहना है इंजीनियर का**

जेई प्रदीप तिर्की का कहना है कि बड़कागांव ब्लॉक का जल मीनार धीमी गति में है। इसके लिए कॉन्टैक्टर को चिट्ठी लिखी गई है। बुढ़वा महादेव एवं नया टाँड़ का का जल बनकर तैयार है। बिजली जैसे ही जुड़ जाता है गर्मी आने से पहले जलापूर्ति शुरू हो जाएगी।

## महायज्ञ के समापन पर भगवती जागरण

कुजू। नवनिर्मित हनुमान मंदिर चटनिया बस्ती में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ के समापन के अवसर पर गुरूवार की रात्रि जागरण हुआ। जागरण का उदघाटन आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो व जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी फीता काटकर किया।


जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा।

"इच्छा की अभिव्यक्ति"

गन्दौरी मन्दिर के नजदीक डी0आर0डी0ए0 द्वारा निर्मित जलछाजन भवन के प्रथम तल में 'जीम सेन्टर' का अधिष्ठापन किया गया है । जिसका संचालन बन्दाबेस्त/लीज के माध्यम से किया जाना है । इस निमित इच्छुक फर्म/संस्थान से दिनांक 10.03.2023 के अपराह्न 2.00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है । उसी दिन दिनांक 10.03.2023 को 3.00 बजे EoI खोली जायेगी ।

इच्छुक फर्म/संस्थान इसकी विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है एवं विवरणी में अंकित शर्तो के अनुरूप प्रस्ताव इस कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान समर्पित कर सकते है ।

निदेशक
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण चतरा ।

PR 291219 Rural Development(22-23)D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,
मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन,
कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

निविदा स्थगित संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के निविदा आमंत्रण संख्या– 239/RI/2022-23/RWD/ LOHARDAGA, दिनांक– 17.02.2023, PR NO.- 290606 के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– RWD/LOHAR DAGA/ 12/SRPKG-02/2022-23 एवं RWD/LOHARDAGA/13/SRPKG-03/2022-23 द्वारा निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291144 Rural Work Department(22-23).D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,मुख्य अभियंता का कार्यालय, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

निविदा स्थगित संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के निविदा आमंत्रण संख्या– 254/2022-23/RWD/CHATRA, दिनांक– 04.02.2023, PR NO.- 289291 के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– RWD/CHATRA/14/SRPKG-02/2022-23 एवं RWD/CHATRA/ 15/SRPKG-03/2022-23 द्वारा निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR291154 (Rural Work Department)22-23*D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

निविदा स्थगित संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज के निविदा आमंत्रण संख्या– 255/2022-23/ RWD/DALTONGANJ, दिनांक– 04.02.2023, PR NO.- 289283 के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– RWD/ DALTONGANJ/37/SRPKG-02/2022-23 एवं RWD/ DALTONGANJ/38/SRPKG-03/2022-23 द्वारा निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291157 Rural Work Department(22-23)#D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

निविदा स्थगित संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा के निविदा आमंत्रण संख्या– 263/2022-23/RWD/KODERMA, दिनांक– 04.02.2023, PR NO.- 289301 के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– RWD/KODERMA/10/SRPKG-01/2022-23 द्वारा निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291163 (Rural Work Department) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

निविदा स्थगित संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के निविदा आमंत्रण संख्या– 87/RI/2022-23/RWD/HAZARIBAGH, दिनांक– 16.02.2023, PR NO.- 290483 के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– RWD/HAZARIBAGH/09/2022-23 में कार्य का नाम "पी0डब्लू0डी0 पथ से कौलेश्वरीबागी होते हुए बड़काआम घांसी जी के घर तक पथ निर्माण (लं– 3.000 कि0मी0)" कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291188 Rural Work Department(22-23)D

रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय
विश्रामपुर, पलामू (झारखंड) 822132

सूचना- बी.एड. सत्र 2022-24 नामांकन

जे0सी0ई0सी0ई0बी0 रांची द्वारा आयोजित परीक्षा में CML रैंक प्राप्त, बी0एड0 सत्र- 2022-24 में नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 3.3.2023 तक विश्वविद्यालय के नामांकन कक्ष में अपना आवेदन कर/ जमा करा सकते हैं।

रिक्त सीटों का विवरण :-

तेतरी चंद्रवंशी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पिंडरा, गढ़वा, झारखंड

| Category | U.R. | E.W.S. | S.C. | S.T. | OBC-1 | OBC-2 | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Vacant Seat | 08 | 10 | 03 | 22 | 02 | 02 | 47 |

संपर्क सूत्र- 7903128055, 7677162892

सहदेव चंद्रवंशी बी.एड. कॉलेज, विश्रापुर, पलामू झारखंड

| Category | U.R. | E.W.S. | S.C. | S.T. | OBC-1 | OBC-2 | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Vacant Seat | 02 | 10 | 00 | 23 | 01 | 00 | 36 |

संपर्क सूत्र- 7870474005, 9771267411

विश्वविद्यालय के नामांकन कक्ष के संपर्क सूत्र- 9308002248

कुलसचिव
रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय
विश्रामपुर, पलामू।

## स्पीड न्यूज

### ओरमांझी बाजार से बाइक की चोरी

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के ओरमांझी बाजार से शुक्रवार को एक बाइक की चोरी हो गई है। बारीडीह पंचायत के आनंदी निवासी कुंजबिहारी साहू की पत्नी प्रतिमा देवी बेटा सुमित कुमार के साथ हीरो स्पेलेंडर प्लस बाइक जेएच01एआर-8440 में सवार हो सब्जी खरीदने ओरमांझी बाजार गई थी। बाजार में बाइक खड़ी कर सब्जी ली और वापस लौटी तो बाइक गायब थी। बाइक चोरी होने के बाद स्वजन ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराने को परेशान थे।

### राहेः बिजली की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान

**सोनाहातु/राहे।** एक सप्ताह से सोनाहातू ओर राहे प्रखंड में बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान है। 24 घंटे में मात्र 8 से 10 घन्टा बिजली मिल रही है। रोजना शाम को 6 बजे लाइट कट होता है और 10 बजे लाइट आता है। पूरे क्षेत्र के बच्चों का परीक्षा होने वाला है और सभी पर पढ़ाई का प्रेशर है। मैट्रिक परीक्षा भी सामने है। बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। बिजली विभाग के इस रवैया से उपभोक्ता काफी आक्रोशित हैं। दिन में हर एक घंटे में लोडसेडिंग तथा शाम ओर सुबह लगातार 3 घंटे बिजली गुल रह रहती है। जामुदाग फीडर में स्थिति सबसे खराब है। उपभोक्ताओं ने जल्द बिजली आपूर्ति को सुधार की मांग की है, अन्यथा आंदोलन करने का मन बनाया है।

### भांटबोड़ेया में खतियानी महाजुटान छह मार्च को

**ठाकुरगांव।** झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति के तत्वावधान में आगामी 6 मार्च को बुढ़मू प्रखंड के भांटबोड़ेया मैदान में खतियानी महाजुटान का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता टाइगर जयराम महतो मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में खलारी, बुढ़मू, कांके, रातू समेत अन्य प्रखंडों के लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर संचालन समिति का भी गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष संजय पटेलएसचिव हीरालाल महतो तथा कोषाध्यक्ष राजेंद्र महतो बनाये गए हैं। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की सफलता को लेकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार जोरों से किया जा रहा है।

### कोचेटोली गांव में 13 एकड़ में पोस्ते की खेती नष्ट

**राहे।** प्रखंड के कोचेटोली गांव के जंगल में 13 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को एसएसबी 26 वी बटालियन ए कंपनी ओर पुलिस के संयुक्त अभियान में नष्ट किया गया। इंस्पेक्टर मंटू कुमार के नेतृत्व में अनगड़ा पुलिस और एसएसबी के जवानों ने पोस्ते की फसल को नष्ट किया। मौके पर हेड कांस्टेबल सुरेंद्र चौधरी, अनगड़ा प्रभारी ब्रजेश कुमार, एएसआई अजित सिंह सहित जवान मौजूद थे।

### प्रतिमा विसर्जन में उमड़े भक्त

**ओरमांझी।** श्री श्री संकट मोचन महावीर मंदिर बुटी की प्राण प्रतिष्ठा आयोज में स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को कर दिया गया। मंदिर परिसर एक शोभायात्रा निकाल प्रतिमा का विसर्जन करने ले जाया गया। बाजे-गाजे व अबीर-गुलाल के साथ निकली शोभा यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। सभी प्रमिताओं का विसर्जन बूटी तालाब में किया गया।


# तमाड़ः खड़े कंटेनर को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत, चार घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के रांची-टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग दिउड़ी मंदिर के समीप हाईवें पर खड़े कंटेनर को पीछे से एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में कार सवार अनुराग कुमार चौबे उर्फ प्रिंस चौबे उम्र 22 वर्ष की मौत घटनास्थल पर हो गयी। जबकि चार अन्य दोस्तों राजा महानंद, सोनल बोस, दीपक कुमार एवं कृष्णा दुबे सभी आदित्यपुर ट्रांसपोर्ट कॉलोनी रोड नंबर 26 निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार रात 12.00 बजे की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि आदित्यपुर ट्रांसपोर्ट कॉलोनी रोड नंबर 26 के पांच युवक बाबा कुटी में एक तिलक समारोह में शामिल होने के बाद मौज मस्ती करने के लिए निकले थे। दिउड़ी मंदिर के आसपास सड़क पर खड़े कंटेनर में कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। अन्य चार लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल तमाड़ पुलिस द्वारा एंबुलेंस से बेहतर ईलाज के लिए रिम्स भेंजा गया। वही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को रिम्स रांची भेजा। पुलिस ने कंटेनर और कार को जब्त कर लिया। कार टाटा से रांची की ओर जा रही थी।

## रातूः पेयजल कूप से युवक का शव बरामद

**नशे में था कार्तिक उरांव**



**रातू।** पुलिस ने परहेपाट के एक पेयजल कूप से कार्तिक उरांव नामक युवक का शव बरामद किया है। मृतक स्व थोलो उरांव का पुत्र था। मृतक के शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया। उसकी पत्नी किरण उरांव के बयान पर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। उसके परिवार में पत्नी समेत पुत्र करण उरांव, पुत्री कोमल और कृति कुमारी है। जानकारी के मुताबिकए वह शराब का अत्यधिक सेवन करता था। 21 फरवरी की शाम घर से निकला। खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह उसकी छोटी बेटी कृति कुमारी कुआं के पास गयी, तो देखा कि वहां शव पड़ा है। उसके चीखने- चिल्लाने पर लोग जुटे और शव को रस्सी के सहारे बाहर निकाला गया। मौके पर मुखिया ज्योति भगत, सरपंच लक्ष्मण उरांव, सहायक अवर निरीक्षक नरेश कुमार यादव व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इधर घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। किरण और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शाम को शव की अंत्येष्टि की गयी। पुत्र करण उरांव ने मुखाग्नि दी।

### बिचाली में लगी आग से दो घर जले लाखों का नुकसान

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के जिलिंगसेरेंग गांव के कृष्णा पुराण का बिचाली में आग लगने तथा दुर्योधन पुराण ओर माधव पुराण का घर में आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। घटना शुक्रवार दिन के 12 बजे के आसपास की है। पहले बिचाली चाकी में आग लगे और घर में आग पकड़ लिया। लोगों को जमा होने तक दोनों का घर जल कर राख हो गया था। अधिकांश बिचाली भी जल गया था। तीनों लोगों का लाखों का नुकसान हुआ है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर उप प्रमुख प्रतिनिधि निशिकांत गोंझु, पंचायत समिति सदस्य अभिषेक पुरान, महेन्द्र कोइरी, राजू पुरान, कुंजू कोइरी, शंकर कोईरी, सिमोन्तो कोईरी, सत्य लोहरा, नगेन पुरान, सम्बद पुरान, सुभाष कोईरी गांव जाकर पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी लिया।

## तमाड़ विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के एदेलहातु पंचायत के बानाबुरु गांव में तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के द्वारा पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। यह योजना जिला योजना अनावध्द निधि अंतर्गत जूनास तिर्की के घर से सोसो टोली तक 450 फीट पीसीसी पथ एवं गार्डवाल का निर्माण लगभग 17 लाख 50 हजार रुपये से कराया जाना है। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा कहा जल्द ही समस्याओं का निदान किया जाएगा। साथी हमारी सरकार गांव के विकास में विशेष ध्यान दे रही है और धरातल पर योजनाएं ला रही है। इस अवसर पर बुंडू प्रखंड के प्रमुख राजकुमार बिंझिंया पंसस माघमणि देवी प्रदीप मुंडा कुलदीप बिंझिंया कृष्णा मुंडा के अलावा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## कम संसाधनों के बावजूद भी अच्छी शिक्षा दे रहे हैं ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलः संजय सेठ

**बुद्धा पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव**




खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली टुटकी बुद्धा पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांधा। मौके पर उपस्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज के समय में जब शिक्षा को व्यवसायिक रूप दिया जा रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में बहुत कम संसाधनों के बावजूद भी यह स्कूल बहुत अच्छी शिक्षा और संस्कार दे रहा है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और बच्चों को वार्षिक उत्सव की बधाई दी। उन्होंने स्कूली बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़कर परिवार एवं देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। विद्यालय निदेशक रणधीर कौशिक ने पूरे वर्ष का विद्यालय कार्य का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में विद्यालय में कई तरह के और सुविधाएं उपलब्ध की जाएंगी। कार्यक्रम से पूर्व सांसद का शिक्षिका एवं स्कूली बच्चों द्वारा फुल व चंदन टीका लगाकर स्वागत किया।

मौके पर गोबिंदर सिंह, जितेंद्र महतो, लंकेश्वर लोहरा, मोचीराम महतो, बिपुल रॉय, सुषमा सिंह, प्रतिमा देवी, रंचिमनी देवी, सुनीता देवी, खुशबू कुमारी, नकुल बड़ाईक समेत अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज एक गिरफ्तार

**मांडर।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता द्वारा मामले को लेकर थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोपी टांगरबसली निवासी हिरासत में। लिखित आवेदन के अनुसार पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना 8 माह पूर्व हुई थी। तब वह गांव के निकट स्थित जंगल में दिन में अकेली जलावन एवम दतुवन लाने गयी थी। इसी दौरान अकेला देख वहां पहुंचे आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी ने मोबाइल में पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया था और उसे सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया।

### सांसद संजय सेठ ने अगलगी में नुकसान का लिया जायजा

**सिल्ली।** रांची सांसद संजय सेठ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर सिल्ली पहुंचे। इस दौरान वे कुटाम स्थित भक्तिवेदांत गुरुकुल आश्रम पहुंचे कर पिछले दिनों अगलगी में हुए नुकसान का जायजा लिया। गुरूकुल के आचार्यों ने सांसद को आग लगी में हुए नुकसान की जानकारी दी।

वहीं सांसद ने गुरुकुल के जले हुए कमरों के नव निर्माण के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात सांसद सिल्ली के टुटकी गांव में दिवंगत आजसू कार्यकर्ता किशोर साहू के आवास पहुंचे तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**जमीअत उल मोमिनीन इटकी के पदाधिकारी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** जमीअत उल मोमिनीन इटकी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को इटकी के नेशनल हाई स्कूल में शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर शपथ दिलाई गई। जमीयत के नवनिर्वाचित सदर तस्लीम अहमद, सेक्रेटरी रफीक अंसारी, नायब सदर अफरोज अंसारी और नायक सेक्रेटरी सज्जाद हुसैन को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह की शुरूआत हाफिज शोएब अहमद के तिलावते कलाम पाक से हुआ। मौके पर जमीअत उल मोमिनीन के पदाधिकारियों के अतिरिक्त मोहम्मद सलीम उद्दीन, अबरार इमाम, मोहसीन मुमताज, जुबैर अहमद सलाउद्दीन अंसारी सहित अन्य सम्मानित किए गए। कार्यक्रम का संचालन तस्लीम रजा ने व धन्यवाद ज्ञापन वसीम इकबाल ने किया। मौके पर इलेक्शन कमेटी के कन्वीनर शहाब हमजा, इस्लाहुल एराकीन के सदर अकील अहमद, सेक्रेटरी हाजी मोइन, फलाही तंजीम के सरपरस्त लियाकत खान व हाजी मंजूर, अफसर इमाम, जिब्राइल अंसारी, हाजी अली हसन, दानिश निजाम, नौशाद आलम, मास्टर अरशद, मास्टर राशिद, कारी जुबेर अहमद, अबू हसन, अब्दुल राज़िक, अब्दुल राशिद, मोहम्मद रजा, काशान मुस्तफा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कस्तूरबा विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय सोनाहातू की छात्राओं के द्वारा मॉडल का प्रदर्शन विद्यालय परिसर में किया गया। जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, प्रमुख विक्टोरिया देवी, उप प्रमुख सबिता देवी, मुखिया सरिता देवी ने मॉडल का अवलोकन किये। छात्राओं ने विज्ञानए गणितएअंग्रेजीए व्याकरण इतिहास पर्यावरण आदि विषयों से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रदर्शित किये। इस दौरान अभिभावकों के साथ शिक्षकों ने पठन-पाठन सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की। मौके पर वार्डन शशि बाड़ा, सरोजिनी टोप्पो, फुलमनी बाड़ा, सौरभ कुमार सिंह, तारणी सिंह मुंडा, श्याम महतो, सुषेन प्रामाणिक, निशिकांत गोंझु, फणीभूषन सिंह मुंडा सहित अभिभावक उपस्थित थे।

### राहे झारखंड बलिका विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी

**राहे।** झारखंड बालिका विद्यालय राहे में शुक्रवार को सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के छात्राओं के द्वारा बनाये गये मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। छात्राओं ने विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, व्याकरण इतिहास पर्यावरण आदि विषयों से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रदर्शित किये। जिसका अवलोकन अतिथियों ने किया।

### श्रमदान से श्मशान घाट पर खूंटा का निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मोहन नगर के युवाओं ने चूरी सपही नदी श्मशान घाट पर दाह संस्कार हेतु श्रम दान कर खूंटा लगाने का कार्य सम्पन्न किया है। इससे कच्चे पेड़ो की कटाई भी कम होगी और दाह संस्कार करने मे सुविधा होगी। घाट के चारों ओर साफ सफाई का भी कार्य श्रम दान के द्वारा किया गया। खूंटा लगाने में जो भी खर्च हुआ युवाओं ने स्वयं किया है। इस कार्य के लिए श्रम दान कर युवाओं ने एक मिशाल कायम किया है और साबित किया है कि इंसानियत आज भी जिंदा है। मोहन नगर के युवाओं के कार्य से प्रेरित होकर चूरी कोलियरी के युवाओं ने घाट की साफ सफाई और श्मशान घाट में वृक्षारोपण कर घाट का सुंदीकरण श्रम दान से करने का फैसला लिया है। घाट में नदी से सभी तरह के कचरे को भी निकाला गया और घाट में श्राद्ध कर्म के दौरान जो सामग्री प्रयोग किया जाता है उन्हे अनावश्यक नदी में नही बहाने की अपील की गई है। घाट क्षेत्र से ईट निर्माण के लिए अवैध मिट्टी कटाव पर रोक लगने के लिया प्रशासन से अपील की गई है। इसमें घूरा चौहान, सतीश चौहान, सुरेंद्र नोनिया, पंकज चौहान, भारत कुमार, दीपक जी, भीष्मा, आर्यन, रितेश, पीयूष, अंकुश, शुभम, मंतोष चौहान सहित बहुत सारे युवाओं ने अपना सहयोग किया।

# बोदा गांव में हाथियों ने रौंद डाली किसानों की फसल

**बेड़ो में नहीं थम रहा हाथियों का उत्पात**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के गांवों में नहीं थम रहा हाथियों का उत्पात गेहूं व सब्जी की फसलों को खाकर व रौंदकर कर उत्पात मचा रहा है। जहां पिछले एक महीने से तीन हाथियों के उत्पात लगातार जारी है। जिसके चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीण रतजगा करने को विवश हैं। हाथियों का उत्पात किसानों के लिए मुसीबत बना हुआ है। जहां आए दिन हाथियों का झुंड किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीण रतजगा कर फसलों की सुरक्षा में लगे हुए हैं। जंगल में डेरा जमाए हाथीयो द्वारा आये दिन घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अन्नाज को चट कर रहे हैं और खेतों में लगी सब्जियों व फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर रहा है। वहीं गुरुवार की रात भी बोदा गांव में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया।

**तीन हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात**

हाथी लगभग तीन बजे रात में तीन हाथियों ने गांव में जमकर उत्पात मचाया जिसमें बोदा गांव के पूजन गोप व कलेश्वर गोप का मटर व गेहूं नदी टोली के सलकु मुंडा व चरकु मुंडा का गेहूं मटर और प्याज बंजारा निवासी चरिया धान के आलू खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। इधर घटना की सूचना पाने के बाद मुखिया प्रतिनिधि सुनील कच्छप व वन कर्मी ने किसानों के नुकसान का जायजा लिया। साथ ही किसानों के बीच पटाखें का वितरण किया।


## कार्यालय नगर परिषद, विश्रामपुर
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**आम-सूचना**

नगर परिषद बिश्रामपुर में सहायक नगर आयुक्त, बिश्रामपुर की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में डीप/सामान्य बोर करने हेतु बोरवेल रिंग मशीन (बोर करने वाले वाहन मालिक) के वाहन मालिकों/नगरवासियों को सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतू सामान्य/डीपबोर करने हेतू नगर परिषद, बिश्रामपुर में शुल्क जमा कराकर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। नगर परिषद, बिश्रामपुर कार्यालय के बिना अनुमति के नगर क्षेत्र में बोरिंग करना या कराना नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अंतर्गत दण्डीय अपराध है। इस कार्य हेतु सामान्य बोर कराने वाले व्यक्ति को 2000.00 (मो0 दो हजार रूपये मात्र) एवं डीपबोर कराने वाले व्यक्ति को 8000.00 (मो0 आठ हजार रूपये मात्र) का शुल्क निर्धारित है। अतएव नगर परिषद, बिश्रामपुर क्षेत्र में बोरिंग करने/कराने से पूर्व नगर परिषद, बिश्रामपुर कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है।

वैसे सामान्य/डीपबोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाते है, उन पर कारवाई करते हुए सामान्य बोर पर 5000.00 (मो0 पाँच हजार रूपये मात्र) एवं डीपबोर पर 50,000.00 (मो0 पचास हजार रूपये मात्र) राशि का जुर्माना के तौर पर नगर परिषद, बिश्रामपुर कार्यालय में जमा कराना होगा।

निबंधन तिथि :–दिनांक 24.02.2023 से 04.03.2023 तक।

बोरवेल रिंग मशीन (सरकारी/गैर सरकारी) के निबंधन हेतु नियम एवं शर्तेः–

1. बोरवेल वाहन से संबंधित कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।
2. प्रदुशण से संबंधित कागजात।
3. बीमा से संबंधित कागजात।
4. वाहन मालिक का आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र।
5. वाहन मालिक/चालक का ड्राइविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड।
6. वाहन मालिक अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र।
7. निबंधन हेतू 40000/– (चालीस हजार रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट जो सहायक नगर आयुक्त, नगर परिशद, बिश्रामपुर के नाम से देय होगा।
8. बोरवेल वाहन के निबंधित समय सीमा 01.04.2023 से 31.03.2024 तक मान्य होगा।

सहायक नगर आयुक्त,
नगर परिषद, बिश्रामपुर।

PR.NO.291124 District(22-23):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला

**"अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"**
**संख्या –31/2022–23**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 3.03.2023 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.03.2023 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.03.2023 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,भवन अंचल संख्या–02, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग, गुमला। 3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of One Unit Drug Distribution Shed (36'x22') at Welfare Hopital Nagfeni in Gumla District for the year of 2022-23 | 3,88,100.00 | 7,800.00 | 750.00 | 1 Month |
| 2. | Construction of One Unit Waiting Shed (30'x20') at Welfare Hopital Nagfeni in Gumla District for the year of 2022-23 | 9,46,900.00 | 19,000.00 | 1250.00 | 3 Month |

नोट :- निविदा की शर्त www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल,गुमला

PR291118 (Building)22-23*D

## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा।
**अति अल्प कालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या :–29/2022–23**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजनान्तर्गत चतरा जिला के रूर्बन कलस्टर–सराढु प्रखण्ड–टण्डवा में योजना साबुन उत्पादन मशीन (युनिट–01) का अधिष्ठापन निबंधित संस्था के माध्यम से किया जाना है। उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु निबंधित संस्था के इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कंपनी/फर्म/ पार्टनरशिप/गैर सरकारी संगठन से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रण हेतु पुनर्निविदा दिनांक 04.03.2023 को पुर्वाहन 10:30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | Details |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 24.02.2023 |
| 2 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 04.03.2023 till 10:30 AM |
| 3 | निविदा खुलने का तिथि/समय | 04.03.2023 – 11:30 AM |
| 4 | निविदा की अधिकतम लागत | Rs 10,90,000.00 |
| 5 | निविदा खुलने का स्थान | DRDA Vikas Bhawan, Conference Hall, Chatra |
| 6 | अग्रधन की राशि (EMD) उप विकास आयुक्त, चतरा, विकास भवन, चतरा, के नाम से Banker cheque या Demand Draft देय होगा। (Payable at Chatra) | Rs 10,000.00 |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | Head, Procurement Cell cum office of Director DRDA, Vikas Bhawan, Chatra |
| 8 | निविदा एवं EMD का Hard Copy कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 24.02.2023 at 11:00 AM to 04.03.2023 till 10:30 AM |

**Further details can be seen on website: www.chatra.nic.in or visit *Rurban Mission Cell, DRDA, Building, Nagwan Chowk Chatra 825401.***

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदाकर्ता द्वारा दो मुहरबंद लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमा करना होगा। उक्त तिथि को क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। निविदादाताओं के तकनीकी मूल्यांकण के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, Procurement Cell, चतरा।

PR 291097 Rural Development(22-23)D

## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची
शिक्षा विभाग परिसर, पो0–कोर्ट कम्पाउण्ड, रॉची–834001, फोन– 2215544, ईमेल न0– rmsaranchi0651@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

**जिले के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित Teacher Transfer Portal में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित करने के संबंध में आवश्यक सूचना :–**

विभागीय संकल्प संख्या/ज्ञापांक 2093 दिनांक 06.08.2019 यथा संशोधित अधिसूचना ज्ञापांक 1556 दिनांक 08.06.2022 के आलोक में कार्रवाई से संबंधित मानक संचालन प्रकिया के अंतर्गत जिले के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित Teacher Transfer Portal के वेबसाईट teachertransfer.jharkhand.gov.in में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित किया गया है तथा संबंधित शिक्षकों से प्रकाशित विवरण के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मांग की जाती है। सभी संबंधित शिक्षक उपरोक्त वेबसाईट से डाटा को डाउनलोड करके अपने विवरण का मिलान करते हुए किसी प्रकार की त्रुटि रहने की स्थिति में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित दिनांक 11.03.2023 तक विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये Email ID-teachertransferranchi@gmail.com में भेजने हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 353 दिनांक 21.02.2023 के द्वारा विज्ञप्ति संख्या PR290911(HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT) 2022-23*D के द्वारा दिनांक 23.02.2023 के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी।

अंकनीय है कि विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या PR291069(SCHOOL EDUCATION & LITERACY DEPARTMENT) 2022-23*D के द्वारा उपरोक्त से संबंधित आपति दर्ज करने हेतु अंतिम तिथि 03.03.2023 निर्धारित की गई है।

अतः विभाग द्वारा जारी उक्त विज्ञप्ति के आलोक में इस कार्यालय के विज्ञप्ति संख्या PR290911(HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT) 2022-23*D के द्वारा दिनांक 23.02.2023 के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञाप्ति में दिये गये अंतिम तिथि को आंशिक संशोधन करते हुए आपति दर्ज करने हेतु अंतिम तिथि 03.03.2023 निर्धारित की जाती है।

इस कार्यालय के ज्ञापांक 353 दिनांक 21.02.2023 के द्वारा विज्ञप्ति संख्या PR290911(HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT) 2022-23*D में पूर्ववत अंकित सभी शर्तें लागू रहेंगें।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची

PR 291136 Human Resource Developement(22-23)

# टोंटो में विस्फोट से महिला घायल गोइलकेरा से तीन आईईडी बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** टोंटो व गोइलकेरा की सीमा पर जंगल में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आकर घायल होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब तक इस क्षेत्र में कई निर्दोष ग्रामीण आईईडी की चपेट में आकर जान गंवा चुके है, जबकि एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी भी घायल हो चुके है। ताजा मामला शुक्रवार की है जहां टोंटो थानान्तर्गत ग्राम पटातारोब और रेंगड़ाहातु के बीच स्थित संकुबुरू जंगल में एक आईईडी विस्फोट की घटना घटित हुई है। उक्त घटना में



**विस्फोट में घायल महिला को इलाज के लिए ले जाते सुरक्षा बल के जवान**

ग्राम पटातारोब की महिला जेमा बहांदा उम्र लगभग 55 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जेमा बहांदा लकड़ी चुनने के लिए जंगल गई थी। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा टोन्टो थाना को दिया गया। जिसके बाद चाईबासा पुलिस द्वारा झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 197, 157 व 174 बटालियन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए गंभीर रूप से घायल महिला को उचित चिकित्सीय उपचार के लिए सदर अस्पताल चाईबासा में भर्ती कराया गया है। वहीं शुक्रवार को गोईलकेरा थाना क्षेत्र स्थित वनग्राम मेरालगढ़ा में आइईडी बरामद किया गया। सुरक्षाबलों ने 5 किलो का एक और दो से तीन किले के तीन आइईडी बरामद किये हैं। बम निरोधक दस्ता की मदद से बरामद आइईडी को नष्ट कर दिया गया है।

# हाईवा का टायर हुआ ब्लास्ट, धू-धूकर जला

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** अचानक हाईवा में आग लगने से धू-धूकर जल गया। घटना दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर नकटी पहाड़ के समीप झपाड़पुल के समीप शुक्रवार को घटी। सूचना पर मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर अग्निशामक एक वाहन आग पर काबू पाने के लिए पहुंची। लेकिन आग पर काबू नहीं पा सकी। अग्निशामक वाहन के पानी छिड़काव करने वाला पाईप खराब हो गया।

जिसके कारण आग पर काबू पाने में अग्निशामक कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। एक अन्य अग्निशामक वाहन को बुलाया गया। तब तक अग्निशामक कर्मी बाल्टी से पानी डाल आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट रहे। दूसरा अग्निशामक वाहन के मौके पर पहुंचने पर आग पर काबू पा गया। तब तक हाईवा का सभी टायर जलकर राख हो चुका था। जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण अचानक हाईवा का टायर ब्लास्ट होने और तेज गति के कारण घर्षण बताया जा रहा है। हाईवा दुमका की ओर से पाकुड़ गिट्टी लोड करने का जा रहा था। इस दौरान सड़के दोनों ओर वाहनों को घंटो लंबी कतार लगी रही। पुरी तरह यातायात बाधित रहा। बाद में करीब 2 घंटा बाद आग पर काबू पाने के बाद वाहनों का परिचान सुचारू हो सका।

## स्पीड न्यूज

### बिजली बिल जमा करने के लिए रात आठ बजे तक खुला रहेगा काउंटर

**चक्रधरपुर।** राजस्व संग्रह को लेकर बिजली विभाग के काउंटर सुबह आठ बजे से रात के आट बजे तक खुले रहेंगे। इस दौरान उपभोक्ता बकाया बिजली बिल जमा कर सकते है। यह जानकारी विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता अमित खलखो ने दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा को लेकर चक्रधरपुर और मनोहरपुर कार्यालय के काउंटर शनिवार 25 फरवरी से 28 फरवरी तक सुबह के आठ बजे से रात के आठ बजे तक खुले रहेंगे। इस दौरान 26 फरवरी रविवार को अवकाश के दिन भी काउंटर खुले रहेंगे। कहा कि बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। इसलिए उपभोक्ताओं से अपील है कि समय पर बिल का भुगतान कर बेहतर बिजली सेवा प्राप्त करें।

### तीर्थ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं ने बीडीओ से की मुलाकात

**चक्रधरपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन से लौटे चक्रधरपुर के श्रद्धालुओं ने गुरूवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यात्रा के अनुभव साझा करते हुए सरकार के प्रयासों की सराहना की। साथ ही तीर्थ के दौरान लाए उपहार भी बीडीओ को भेंट किए। मालूम हो कि चक्रधरपुर प्रखंड के 13 मुस्लिम धर्मावलंबी अजमेर शरीफ, फतेहपुर सिकरी व आगरा आदि जगहों का भ्रमण कर तीर्थ स्थल का आनन्द उठाया। चक्रधरपुर से जाने वाले मुख्य तीर्थ यात्री मुन्ना खान, सीमीदीरी पंचायत के उप मुखिया मोहम्मद सद्दाम हुसैन, रियाज आलम, मोहम्मद शहाबुद्दीन, तश्ववर हुसैन, मंसूर आलम, इनामुल हक, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद इस्लाम शामिल रहे।

### संजय डांगिल ने किया एनीमिया मरीज के लिए रक्तदान

**चक्रधरपुर।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जन कल्याण संगठन के कोल्हान डिवीजन सीनियर वाइस प्रेसिडेंट दीपक महतो सूचना मिली थी कि एक एनीमिया का मरीज है,जिसे आपातकालिन स्थिति में एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता है। पता करने पर मालूम पड़ा कि चाईबासा ब्लड बैंक में बी पॉजिटिव ब्लड स्टॉक में नहीं है। तत्काल दीपक महतो ने डोनर से संपर्क स्थापित किया। सूचना मिलने पर फुटबॉल कोच संजय डांगिल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रक्तदान करने का निश्चय किया एवं चाईबासा ब्लड बैंक जाकर रक्तदान किया। तत्पश्चात बसंत महतो, दीपक महतो एवं संजय डांगिल द्वारा मरीज को रक्त उपलब्ध करवाया गया।

### इग्नू में नामांकन तिथि होगी 28 फरवरी तक

**दुमका।** एसपी कॉलेज, इग्नू अध्ययन केंद्र, 3604 जनवरी 2023 सत्र के लिए नामांकन तिथि का विस्तार किया गया है। अब नामांकन की तिथि 28 फरवरी तक होगी। इच्छुक आवेदक इग्नू के ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन नामांकन करवा सकते है।

# शादी की नीयत से नाबालिग को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नाबालिग को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के आरोपी युवक को तालझारी थाना पुलिस गिरफ्तार कर जेल दिया। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के पांडेश्वरनाथ गांव निवासी सोनू कुमार सेन है। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक पर शादी के नियत से मुस्लिम समुदाय के नाबालिग को भगा ले जाने के आरोप में पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजी है। पुलिस आरोपी को नाबालिग के मां के लिखित शिकायत पर गिरफ्तार कर जेल भेजी है। लिखित शिकायत 22 फरवरी को की थी। जानकारी के अनुसार नाबालिग को माता-पिता के साथ यूपी जाने के क्रम में जसीडीह स्टेशन से भगा ले गया था। लिखित शिकायत के बाद पुलिस की दबिश पर आरोपी मसलिया थाना में पहुंच गया। जिसकी सूचना मसलिया पुलिस प्रेमीयुगल की जानकारी तालझारी पुलिस को दी है। तालझारी पुलिस आरोपी समेत नाबालिग समेत बरामद करते हुए थाना लायी। युवक माईक्रोफाईनांस कंपनी में काम करता है। मामले में थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि नाबालिग की मां के लिखित शिकायत पर नाबालिग को बरामद करते हुए आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी...

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर कमिटी द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के तृतीय वषर्गांठ के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया। पूजन पश्चात श्री अयोध्याधाम से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा व्यास पंडित गौरांगी गौरी देवी जी ने श्रीराम कथा के तीसरे दिन भगवान श्री राम के जन्म की कथा का वर्णन किया। राम के जन्म होते ही पूरे पांडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों की जयघोष रही। व्यास पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने बताया कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। श्री राम की कथा सुन भक्त भावविभोर हो गए। उन्होंने बताया भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या



हितकारी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। भगवान राम जन्म होते ही लोगों ने मीठी-मीठी तालियां बजाकर भगवान का नाम लिया। कथा वाचिका ने बताया जन्म होते ही अयोध्या में अयोध्या वासी हर्षित हो गए। राजा दशरथ द्वार पुत्रों के जन्म होते ही नगरी मे खुशी की लहर दौड़ी। कथा मर्मज्ञ पंडित गौरांगी गौरी जी ने बताया कि किस तरह से महाराज दशरथ के यहां महारानी कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा को पुत्र योग का संयोग बना। भगवान राम के जन्म के बाद अयोध्या में हर तरफ खुशियां मनाई गई हैं। भगवान श्रीराम के जन्म पर राजा दशरथ संपूर्ण नगर में बधाइयों का वितरण कर मिठाई बंटवाते हैं। नगर में हर घर में बधाई गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर पूरा पंडाल भय प्रकट कृपाला, दीनदयालाल के महाआरती से गुंजायमान हो गया। पांडाल में उपस्थित श्रोताओं ने भक्ति भाव से भगवान की कथा का रसपान किया। प्रभु श्री राम की कथा सुन भक्त भावविभोर हो गए। राम के जन्म होते ही पुष्प वर्षा होने लगी। रामजन्मोत्सव के पूर्व कथा मर्मज्ञ गौरांगी गौरी जी ने उपस्थित महिलाओं को बेटी का दाम्पत्य जीवन सुखी एवं दीघार्यु बनाने के लिए मां पार्वती की मां मैना देवी के उस वाक्य की व्याख्या की। उन्होंने बताया कि शिव जी से विवाह के पश्चात गौरा जब विदा होने को आईं तो उनकी मां मैना देवी ने कहा कि बेटी हम जानते हैं कि आप जग जननी है। किन्तु मैं आपकी मां हूं सो अंतिम सीख मन में गांठ बांध कर रख लीजिए, आज से आपका ससुराल ही घर है, सास-ससुर ही आपके माता-पिता हैं, जेठानी-देवरानी ही आपकी बहने हैं।

# सरकारी शिक्षकों का चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान प्रशिक्षण प्रारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** एफएलएन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला के सतबरवा प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के प्रथम फेज के दो बैचों में सतबरवा बीआरसी में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण की शुरूआत मेदिनीनगर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज तिवारी, राज्य साधनसेवी सह राज्य मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर गोविंद प्रसाद, अर्जुन मेहता, प्रवीण कुमार रवि एवं विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी समेत प्रखंड के प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित थे। मौके पर पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी श्री तिवारी ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को प्रशिक्षण के मूल उद्देश्यों को विद्यालय के शिक्षण कक्ष तक ले जाने हेतु संकल्पित होना चाहिए। जिससे विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे भाषागत साक्षरता व गणितीय कौशल को प्राप्त कर सकेंगे। बीपीओ डॉ मनोज तिवारी ने प्रखंड के शिक्षकों से अपील की कि सतबरवा प्रखंड के सभी विद्यालय एफएलएन कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करें । राज्य साधन सेवी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि यह प्रशिक्षण झारखंड राज्य के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 3 तक के बच्चों के मूलभूत साक्षरता व संख्या ज्ञान में शतप्रतिशत दक्षता दिलाने के लिए राज्य के सभी प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना है। एसआरजी शुक्ला ने कहा कि इस प्रशिक्षण के द्वारा सभी शिक्षकों को मूलभूत साक्षरता व संख्या ज्ञान की दक्षता दिलाने हेतु अपने शिक्षण कौशल में प्रवीणता ला सकेंगे।

# जन सहयोग से मिलकर दुहरायेंगे सुनहरा इतिहास : सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ ।** आजसू सुप्रीमो सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में रामगढ़ विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। शुक्रवार को इस उन्होने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि रामगढ़ की जनता के चेहरे पर सुनहरे बदलाव की नई लकीर खींचने की बेचैनी दिख रही है। उन्होंने कहा कि महिला, युवा, किसान, मजदूर, गरीब और आम जनमानस ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। झारखंडी जनभावना से जुड़े हर विषय को झामुमो-कांग्रेस की सरकार ने तमाशा बना दिया है। जनमानस से जुड़े विषयों के हल में इनकी दिलचस्पी नहीं है। बल्कि



विषयों का राजनीतिकरण कैसे हो, इसमें इनकी दिलचस्पी है। इनके ₹झूठ एवं लूट₹ मॉडल को अब जनता समझ गई है। हमने रामगढ़ को सजाया-संवारा है। रामगढ़ की बगिया को उजाड़ने वालों को रामगढ़ की जनता इस उपचुनाव में उखाड़ फेंकेगी। विज्ञापन और आश्वासन वाली सरकार की असलियत को जनता समझ चुकी है। महतो ने कहा कि तीन साल में किसी भी गरीब को तीन लाख का आवास नहीं मिला, बेरोजगारी भत्ता की बात को गौण कर दिया गया, संसाधनों का दोहन चरम पर है। सरकारी संरक्षण में ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल चल रहा। पांच लाख नौकरी की बात करने वाली सरकार 500 युवाओं को भी नौकरी नहीं दे पाई। दुष्कर्म, हत्या और प्रताड़ना की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

### चतरा से चुराया गया ट्रक डोमचांच से बरामद, एक गिरफ्तार

**डोमचांच (कोडरमा)।** चतरा से चुराई गई ट्रक को डोमचांच पुलिस ने बरामद करते हुए एक युवक को घगिरफ्तार किया है। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने बताया कि चतरा सदर थाना क्षेत्र घनिवासी मो. मोहासीन ने 16 फरवरी को थाने में आवेदन देकर अपने ट्रक चोरी होने का मामला दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया था कि ट्रक उनके घर के समीप खुले मैदान के पास खड़ी थी, जिसे वाहन के ड्राइवर जितेंद्र कुमार उर्फ प्रमोद ग्राम मनोरथ डीह, पोस्ट खुंटा, थानाघ सतगांवा व अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर चोरी कर ले भागा है। बुधवार की शाम ट्रक मालिक ने डोमचांच पुलिस कोघ सूचना दी कि उनकी चोरी गई ट्रक नीरू पहाड़ी स्थित गणेश पंडित के गैरेज दुकान में लगी है।

# नशीले पदार्थ की खरीद बिक्री के आरोपी को दस वर्ष सश्रम कारावास

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी की अदालत ने तिलैया थाना कांड संख्या 284/16 एनडीपीएस संख्या 4/16 (नशीले पदार्थ की खरीद बिक्री) की सुनवाई करते हुए आरोपी ताराटांड़ झुमरीतिलैया निवासी रवि कुमार पिता चंद्रिका लाल को दोषी पाते हुए दस वर्ष सश्रम कारावास और एक लाख का आर्थिक जुर्माना लगाया है, जुर्माने की राशि नही देने पर आरोपी को 6 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना पड़ेगा, घटना 4 नवम्बर 2016 की है। गौरतलब हो कि तिलैया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रवि कुमार के घर में छापामारी कर, 34 किलोग्राम गांजा बरामद किया था, साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया था, मामले को लेकर सूचक और तिलैया थाना के तत्कालीन एसआई महेंद्र प्रसाद सिंह के बयान पर कांड संख्या 284/16 के तहत मामला दर्ज किया गया था। माननीय अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक प्रदीप मण्डल के द्वारा माननीय अदालत में 18 गवाहों का परीक्षण कराया, वहीं बचाव पक्ष से दो गवाहों का प्रतिपरीक्षण कराया गया। माननीय न्यायालय ने अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने तथा अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्य का अवलोकन करते हुए आरोपी को धारा 20(बी) (टू) में दोषी पाते हुए, 10 वर्ष कारावास और एक लाख का आर्थिक जुर्माना लगाया। जुर्माने की राशि नही देने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा।

### फांसी के फंदे से झूल युवती ने दी जान

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना के बलियाडंगाल गांव में एलबिना मरांडी नामक एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार सुबह 8 बजे की है। परिजनों का कहना है कि सुबह एलबिना जगने के बाद 7.30 बजे तक परिजनों के साथ बैठ कर बातचीत की है। अचानक वह उठकर अपने कमरे में चली गयी। करीब एक घंटे तक जब वह अपने रूम से नहीं निकली तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। कोई जबाब नहीं मिलने पर एस्बेस्टस उठाकर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। दरवाजा तोड़कर परिजन अंदर प्रवेश किए और फांसी के फंदे से उतार कर उसे लेकर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा इसकी सूचना मुफस्सिल थाना को दी गयी।

# सात दिवसीय राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव प्रारंभ

### मांझी थान में विधिवत पूजा अर्चना से हुई मेला का शुरूआत

खबर मन्त्र संवाददाता





**दुमका।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव का उदघाटन उल्लास जुलूस एवं पारंपरिक रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ।सांस्कृतिक वैभव का अलख जगाने वाला यह मेला आगमी 3 मार्च तक चलेगा। मेला के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। महोत्सव की शुरूआत से पूर्व हिजला मेला परिसर में स्थित मांझी थान में विधिवत पूजा अर्चना की गई। मेले के उद्घाटन सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही छऊ नृत्य और नटवा नृत्य भी पेश किए गए। मेला क्षेत्र में झारखंड सरकार द्वारा आयोजित होने वाले इस राजकीय मेले में कृषि, उद्योग, शिक्षा, मत्स्य, कल्याण समेत कई सरकारी विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई है। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिकारीपाड़ा विधायक नलिन सोरेन ने उपस्थित लोगों को हिजला मेला की शुभकामनाएं दी तथा मेले की महत्व को साझा किया।पिछले 2 वर्षों से कोरोना की वजह से यह मेला आयोजित नहीं हो रहा था। इस बार स्थिति सामान्य है तो सरकार ने इसे काफी भव्य ढंग से लगाने का निर्णय लिया है। आप अधिक से अधिक संख्या में यहां आएं और संथाल परगना की सभ्यता-संस्कृति से जुड़े इस मेले में अपनी सहभागिता दें। उन्होंने कहा कि यहां जो सरकारी विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई है, वह आपको नई - नई जानकारी प्रदान करने के लिए है। आप सभी जागरूक होकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने कहा कि संथाल परगना प्रमंडल में पिछले 133 वर्ष से आयोजित होने वाले इस हिजला मेला का इंतजार लोग पूरे वर्ष करते हैं। इस बड़े आयोजन से लोगों को अधिक से अधिक फायदा मिले, इसकी अच्छी तैयारी की गई है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आप मेला का भरपूर आनंद लें। इस अवसर पर अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी राजकीय जनजातीय हिजला मेला की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय महासचिव विजय सिंह, एसपी अम्बर लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### राशि की जानकारी को लेकर शिविर

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत सरकार की अनुदान राशि की जानकारी को लेकर शिविर लगाया गया। शिविर मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी, चिकित्सक डॉ सुरेंद्र कुमार ने सरकार द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सहायता राशि के संबंध मे जानकारी दी गई। वहीं सरकार द्वारा स्वास्थ्य सहायता राशि प्राप्त करने के लिए एसटी, एससी व ओबीसी श्रेणी मे आने वाले तथा चिकित्सक से ईलाज किए गए पर्ची, भुगतान पर्ची, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदक को आवेदन देने की बात कही। सुरेंद्र कुमार ने भी सैल्य चिकित्सा व गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को सहायता अनुदान राशि देने संबंध मे विस्तृत जानकारी दिया। क्लर्क अजय मुंडा ने बताया की शिविर मे बीमारी से संबंधित पंद्रह आवेदन प्राप्त हुए हैं। मौके पर स्वास्थ्य विभाग से एमपी डब्लू संजय गंझू, पंकज कुमार, संदीप कुमार, बलराम कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

### जिला परिषद के पहल पर लगा ट्रांसफार्मर

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत रहेया ग्राम मे छः माह बाद जिला परिषद सदस्य रमेश राम की पहल पर 63 केविए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिप सदस्य राम ने बताया की रहेया यादव टोला के ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी दी गई थी। विभाग से बात कर 63 केविए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। वहीं जिला परिषद ने ग्रामीणों को बताया की बकाया विजली बिल की राशि आप सभी भुगतान करें उसके बाद सौ केविए का ट्रांसफार्मर लगवाने का प्रयास किया जायेगा। ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों मे खुशी का माहौल देखा गया। मौके पर योगेंद्र पासवान, गोपाल यादव, चमन भुइयां, कामाख्या यादव, नागेश्वर यादव, परमेश्वर यादव रमेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### हाथियों नें तीन घरों को किया ध्वस्त

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोरपा पंचायत के जिपुआ ग्राम में गुरुवार देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने ग्राम निवासी रामकिशन यादव, विश्वनाथ यादव, फूलचंद यादव के घर को ध्वस्त कर दिया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए पीड़ित रामकिशुन यादव ने बताया कि करीब 10 की संख्या में आए हाथियों के झुंड ने घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। वही घर में रखा हुआ अनाज चट कर गए। वहीं जीपुआ ग्राम में ही मो. हलीम और प्रसाद गंझू के खेतों में लगे रहते ना व टमाटर की फसल को भी नष्ट कर दिया। घटना की सूचना पाकर वन विभाग की टीम घटनास्थल पहुंची और हाथियों को खदेड़ने में ग्रामीणों की मदद किया।

### सांसद प्रतिनिधि ने वन विभाग और थाना प्रभारी से की मुलाकात



**बरवाडीह।** वन एवं पर्यावरण विभाग प्रकोष्ठ के नव मनोनित बरवाडीह प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने शुक्रवार को वन विभाग के फॉरेस्टर नंद कुमार मेहता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वन क्षेत्र के अधीन आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर चर्चा की। अजय सोनी ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा संचालित विकास योजनाओं को पूर्ण कराना हम सब की जिम्मेवारी है। आपसी सामंजस्य से ही ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास हो सकता हैं। वहीं उन्होंने वन विभाग से संबधित कई योजनाओं पर भी गहनता से चर्चा की। इसके पूर्व अजय सोनी ने छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार से मुलाकात की। जहां थाना प्रभारी ने मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और बधाई दी।

### शिक्षकों की सुनी समस्या

**बारियातू।** प्रखंड के बालूभाँग पंचायत के सभी विद्यालय की शिक्षकों के साथ प्रमुख उर्मिला देवी उप प्रमुख निशा शाहदेव ने बैठक कर शिक्षण कार्य को बेहतर करने पर जोर दिया। सभी शिक्षकों ने एक स्वर मे कहा की सबसे बड़ी बात तो यह है की छात्र के अनुपात विद्यालय मे शिक्षक नहीं है। विभाग का उपर से विभागीय काम का बोझ रहता है। सप्ताह मे तीन दिन रिपोर्ट जमा करना पड़ता है। बीआरसी और सीआरसी का सभी तरह के काम बालूमाथ जाकर करवाना पड़ता है। बारियातू मे बीआरसी व सीआरसी कार्यालय है लेकिन कभी कभार ही अधिकारी आते हैं। जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित रहता हो जाता है। सभी शिक्षकों ने प्रमुख से कहा की यदि बीआरसी व सीआरसी फिल्ड मे आते और यहीं से रिपोर्ट जमा कर दी जाती तो हमलोगो के सहूलियत के साथ शिक्षण कार्य प्रभावित नहीं होता। इधर गर्मी भी दस्तक दे दी है कई विद्यालय मे सोलर जलमीनार खराब है। जिससे छात्रों कों पेयजल सुविधा के साथ मध्याहन भोजन बनाने मे रसोइया को भी लोहा का चना चबाना पड़ता है। विभाग से सभी विद्यालय मे पेयजल सेवा दुरुस्त करने का आग्रह किया है। इसपर प्रमुख व उप प्रमुख ने कहा की आप सभी की समस्या को आगामी बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखा जायेगा। समस्या से निजात दिलाने के भरपूर प्रयास करेंगे। मौके पर मुखिया केदार गंझु, पंसस राजेश मोची समाज सेवी नंदू उरांव, लालआशीष नाथ शाहदेव सहित बालूभाँग पंचायत से सभी शिक्षक मौजूद थे।

### ठेकेदार की मनमानी से राहगीर परेशान

छिपादोहर। छिपादोहर के लाभर से टोंगारी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही सड़क में ठेकेदार काम शुरू करते ही मनमानी करने लगा। जानकारी के अनुसार लाभर से टोंगारी तक सड़क बन रहा है जिसपर ठेकेदार सड़क पर मेटेरियल गिरा कर सड़क को बाधित कर दिया, जिससे आने जाने वाले सभी बड़े छोटे वाहनों बीच मे फंस गई जिससे गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। मामले की सूचना पर छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने त्वरित करवाई करते हुए ठेकेदार को चेतावनी दिया आगे से सड़क में मेटेरियल गिरा कर लोगों को परेशान नही करे, थाना प्रभारी ने ठेकेदार को बोल कर जेसीबी मंगवाया ओर बाधित सड़क को चालू करवाया। इस दौरान 4 घंटे तक सभी वाहन जाम में ही फंसे रहे।

## विधायक व उपायुक्त ने महुआडांड़ स्थित संत जोसेफ प्लस टू उच्च विद्यालय में तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

# लातेहार जिले के युवक-युवती प्रतिभावान एवं मेहनती हैं: रामचंद्र सिंह

## खिलाड़ियों ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है: भोर सिंह यादव

➲ तीरंदाजी खेल में झारखंड राज्य के खिलाड़ियों ने अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है: भोर सिंह यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड में स्थित संत जोसेफ प्लस टू उच्च विद्यालय, महुआडांड़ में तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र महुआडांड़ का उद्घाटन किया गया। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव के द्वारा फीता काटकर एवं रिकर्व बॉ (धनुष) से तीर चला कर तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया।



संबोधित करते उपायुक्त भोर सिंह यादव।

वहीं उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि लातेहार जिले में तीरंदाजी खेल को बढ़ावा देने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता मद (एससीए) से महुआडांड़ एवं लातेहार में निर्मित तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के लिए 15-15 रिकर्व बॉ एवं तीर का क्रय किया गया है। उन्होंने कहा तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा तीरंदाजी खेल में झारखण्ड राज्य के खिलाड़ियों ने अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना होने से लातेहार जिले से भी तीरंदाजी के अच्छे खिलाड़ी तैयार होंगे और विश्व पटल पर जिले की ख्याति बढ़ायें। इसके पश्चात विधायक मनिका एवं उपायुक्त लातेहार संत जोसफ प्लस टू उच्च विद्यालय के भवन, लाइब्रेरी, साइंस लैब एवं परिसर एवं अवलोकन किया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला गोपनीय प्रभारी सुजीत सिंह, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल अभय कुमार राय, जिला परिषद सदस्य स्टेला नागेसिया, जिप सदस्य विनोद उरांव, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, विद्यालय के प्राचार्या फादर दिलीप एक्का छात्र- छात्राएं, खिलाड़ी एवं आमजन उपस्थित थे।



फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक व उपायुक्त।

### जिले के युवक-युवती मेहनती हैं : रामचन्द्र सिंह

विधायक श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लातेहार जिले के युवक-युवती प्रतिभावान एवं मेहनती हैं। महुआडांड़ अनुमंडल क्षेत्र के युवक-युवतियों की प्रतिभा को निखारने तथा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु सुविधा एवं प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संत जोसफ प्लस टू उच्च विद्यालय महुआडांड़ में तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया है।

## मनिका प्रखंड के भदईबथान में आज दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

➲ राजद के भावी प्रत्याशी कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन, कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय के ग्राम मनिका अंतर्गत स्थित भदईबथान गांव के शिव मंदिर के प्रांगण में 25 फरवरी दिन शनिवार को होली मिलन समारोह के शुभ अवसर पर भव्य दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक सुदर्शन यादव (बिहार) और शिव शंकर यादव (झारखंड) धमाल मचाएंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी व चुनाव प्रभारी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। जिसे लेकर क्षेत्र के युवाओं में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, झामुमो नेता सह जिप सदस्य बलवंत सिंह,पूर्व जिप सदस्य रघुपाल सिंह,राजद के किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव समेत कई अन्य भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु रूपरेखा तैयार कर नवयुवक संघ कमेटी के सदस्यों के द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सदस्यों ने मनिका पुलिस प्रशासन को भी कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दे दी है। मौके पर कमेटी के लोगों ने प्रखंड और दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों से आग्रह किया है कि भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## बरवाडीह बीआरसी में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ समापन

# विकास में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण: कन्हाई राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के बीआरसी में बीते छह फरवरी से चल रहे शिक्षको के एफएलएन प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। लगातार दो बेच में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर कन्हाई राम, विनोद कुमार, पुरषोत्तम कुमार और अनिल कुमार के द्वारा शिक्षकों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित कौशलों का विकास किया गया। जहां आखिरी दिन शिक्षकों को संबोधित करते हुए कन्हाई राम और विनोद कुमार ने कहा कि जितनी भी कौशल विद्या आपने प्रशिक्षण से आत्मसात की है उसका प्रयोग छात्रों के विकास में करें। हम सभी को प्रशिक्षण के उद्देश्यों को अपने अपने स्कूलों में जाकर पूरी तन्मयता से पूरा करना है, तभी एफएलएन प्रशिक्षण की उद्देश्यों की पूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को हम इस तरह का माहौल दें कि बच्चों को प्रतीत हो कि शिक्षक हमें अपने माता- पिता से कही ज्यादा स्नेह और प्यार देते है। इससे बच्चे खुद ब खुद स्कूल आने के लिए प्रेरित होंगे। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षु शिक्षकों को बताया कि नयी शिक्षा नीति के नये ढांचे के तहत आगामी सत्र संचालित होंगे। जिसमें बच्चों को नवाचार शिक्षा देने की जरूरत है। वहीं प्रशिक्षक पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि बच्चों की बुनियादी भाषा व संख्या ज्ञान को मजबूत करने के लिए उनके साथ मित्रवत व्यवहार करना होगा। जिससे वह निःसंकोच विद्यालय आकर शिक्षा की धारा में जुड़ सके। इसके लिए बच्चों को टेक्नोलोजी से जोड़े, उन्हें प्रोत्साहित करें। संस्कारित करें ताकि वह बड़े होकर समाज के सुसभ्य नागरिक बन राष्ट्र व समाज की समर्पन भाव से सेवा करें। वहीं प्रशिक्षण के दौरान सभी शिक्षक मौजूद थे।



बैठक शिक्षको को एफएलएन प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

## बिट्टू मोबाइल दुकान का हुआ उद्घाटन



**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमु चौक के समीप शुक्रवार को बिट्टू मोबाईल दुकान की शुरूआत की गई। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर और यूथ कांग्रेस के प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह ने सयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के पूर्व स्टोर के संचालक विक्रम कुमार के द्वारा पूरे परिवार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने का काम किया गया। मोबाइल स्टोर के उद्घाटन के बाद जीप सदस्य ने कहा कि प्रखंड की बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमु चौक पर लगातार व्यवसाई प्रतिष्ठानों का खुलना क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जहां एक छोटे से स्थान पर सभी तरह की सुविधा मिलने से आसपास के लोगों को इसका भरपूर फायदा मिलेगा। मौके पर उमेश प्रसाद, चंदन कुमार, उमेश कुमार रजक, अली हसन अंसारी, भगवान प्रसाद, विनोद प्रसाद,आशीष प्रसाद, समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## खेतिहर भूमि को बर्बाद कर बाईपास निर्माण के बजाए मुख्य मार्ग होते किया जाए सड़क निर्माण: प्रमोद साहू

➲ भूमि अधिग्रहण अध्यादेश 2013 नहीं देता कृषि भूमि अधिग्रहण की इजाजत

➲ लुकुईया-चिरो तक होना है बाईपास निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लुकुईया से चिरो होते फोर लेन बाईपास निर्माण से प्रभावित हो रहे ग्रामीणों के साथ अखिल भारतीय किसान सभा ने बैठक की। बैठक सभा के बोदा कार्यालय में सम्पन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए अभाकिस नेता प्रमोद साहू ने कहा कि भूमि अधिग्रहण अध्यादेश 2013 कृषि भूमि अधिग्रहण करने की इजाजत नहीं देती है। किसानों के साथ समाज और राज्य हित के लिए भी यह अनुचित है। कहा कि चंदवा में प्रस्तावित बाइपास फोरलेन का निर्माण चंदवा होते हुए वर्तमान सड़क का चैड़ीकरण कर भी किया जा सकता है। इसका लाभ मिलेगा कि किसानों का जमीन भी बची रहेगी। सड़क का निर्माण भी हो जाएगा। बैठक में मौजूद अन्य किसान वक्ताओं ने कहा कि चंदवा में बाइपास फोरलेन का निर्माण किया जाना है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की बात कही जा रही है। किसान हित को देखते हुए ग्रामीणों ने जमीन नही देने की बात कही। मौके पर इंदुभूषण रजक, गोविंद गंझू, मंकु गंझू, सुरेश गंझू, रमेश गंझू, बबलू राम, सुनील गंझू, किशोर गंझू, बबलू गंझू, हरिदेव गझू, कुलदेव गंझू, बहोरन गंझू, मनोज गंझू, मुकुल गंझू, लालदेव उरांव, सुखदेव उरांव, अनिल उरांव राजूराम, दरबारी उरांव, टीपू उरांव, दीपक गंझू, प्रदीप भोक्ता, ओम प्रकाश साहू समेत अन्य मौजूद थे।



बैठक करते लोग।

## बालूमाथ में धूमधाम से मनी माता शबरी की जयंती



मौके पर उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरिवाटोला में शुक्रवार को अखिल भारतीय भुइँया समाज कल्याण समिति लातेहार बैनर तले 43 वां माता शबरी जयंती मनाई गई। पंडित संजय मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्र से पूजा अर्चना किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष राजू भुइँया शामिल हुए। मौके पर राजू भुइँया ने समाज के लोगो से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चो को शिक्षित करने नशापन से दूर रखे शादी विवाह में दहेज लेने की प्रथा खत्म करें समेत कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिला महासचिव सह संरक्षक राम कुमार भुइँया, सुरेन्द्र भुइँया ने भी लोगों को संबोधित किया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला प्रवक्ता बिनोद भुइँया, मिन्टू भुइँया, तुलसी राम, सुरेन्द्र भुइँया, सोमर भुइँया, संघर भुइँया, गुडू भुइँया, शकेश्वर राम, सुरेश भुइँया, सहित समाज के कई गया गणमान्य लोग शामिल रहे।

### माता शबरी का पूजा संपन्न

**बारियातू।** प्रखंड के डाढ़ा स्थित ढूबा में अखिल भारतीय भुइयाँ समाज कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष लाखो भुइया के नेतृत्व में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ माता शबरी का पूजा किया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष सुकरी देवी , कोषाध्यक्ष गीता देवी, सचिव ,सीता देवी सहित अन्य कई लोगों ने विधिवत वैदिक मंत्रोचार के साथ माता शबरी का पूजा अर्चना किया। भुईया समाज के लोग माता शबरी का पूजा डाढा के ढूबा मे चार वर्ष से मना रहे है, हमारे भुईयां समाज के लिए माता शबरी मुख्य मार्ग दिखाने की काम किए थे। मौके पर उपस्थित प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया सुरेश उरांव, पंसस जया देवी राजेश उरांव, नंदू उरांव व संतोष कुमार भारती को स्वागत किया गया। शबरी पूजा मे गणेश भुईयां, गुड्डू भुईयां, विजय भुइयां, बबलू भुईयां, संतोष भुइयां, सूरज भुइयां, सरोज देवी, बबीता देवी, संगीता देवी, पूनम देवी मुख्य भूमिका रही। इधर बारियातू मे मंटू भुइयाँ की देख रेख मे तीन वर्ष से पूजा मनाया जा रहा है। जिसमे दिनेश भुइयाँ, चरकु भुइयाँ, बंसी, बनारसी व संतोष ने अहम भूमिका निभाए। गोनिया पंचायत के चुम्बा मे बाजो भुइयाँ के नेतृत्व मे माता शबरी का पूजा धूमधाम से मनाया गया। जहाँ सुकन भुइयाँ, बिक्की भुइयाँ, बूटन व भोला सहित कई लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## चंदवा के प्रसिद्ध मां उग्रतारा मंदिर के दान पेटी को काटकर लाखो की चोरी

# लगभग दो लाख रुपये चोरी होने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

➲ बीते वर्ष दुर्गापूजा के समय अंतिम बार खुला था दान पेटी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** अब चोरों की नजर से धर्मिक स्थल भी अछूत नही रह गया है। चंदवा सहित पूरे झारखंड समेत कई राज्यों में आस्था के प्रतीक कहे जाने चंदवा के नगर ग्राम स्थित मां उग्रतारा नगर मंदिर प्रांगण स्थित लोहे के दान पेटी की कुंडी को काट कर लाखो रुपये की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली। मंदिर के पुजारी सह प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा व समिति के गोकुल शाही ने बताया कि दान पेटी आखरी बार दुर्गापूजा के समय खोला गया था, जिसके बाद दान पेटी नही खुला था। घटना की भनक शुक्रवार की दोपहर तब हुई जब मंदिर के सेवक पुजारी अश्विनी मिश्रा को दान पेटी का कुंडी के कटे होने का आभाष हुआ तो उन्होंने इसकी सूचना मंदिर समिति के लोगो व चंदवा पुलिस को दी, जिसके बाद पुअनि नारायण यादव की अगुवाई में पुलिस की टीम मंदिर पहुंचकर जांच पड़ताल तेज कर दिया है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि घटना को एक-दो दिनों के अंदर ही रात्रि में अंजाम दिया गया है। लेकिन खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नही हो पाया था कि घटना कब की है।

### सीसीटीवी के जद में है मंदिर बावजूद दानपेटी काटकर हुई चोरी



जांच करती पुलिस।

बता दें कि मां उग्रतारा नगर मंदिर सीसीटीवी के लैस है, मंदिर के हर कोने में सीसीटीवी लगा हुआ है। दान पेटी मंदिर प्रांगण स्थित गर्भ गृह प्रवेश द्वार सीढ़ी के समीप है। बावजूद इसके चोरों के हिम्मत इतनी थी कि उक्त घटना को अंजाम दिया।

### घटना का जल्द होगा उद्भेदन

पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि चोरी की घटना का जल्द ही उद्भेदन कर लिया जाएगा। सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

### मंदिर के जुड़े लोगों व श्रद्धालुओं ने चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की

मंदिर समिति के लोगो व श्रद्धालुओं ने कहा कि यह अति दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, प्रशासन तत्काल इस घटना में संलिप्त को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाये ताकि ऐसी हिमाकत कोई दोबारा न कर सके।

## एक नजर में

### होली मिलन समारोह का 26 फरवरी को आयोजन



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के द्वारा 26 फरवरी को होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर दिन शुक्रवार को अमित मेडिकल स्टोर में राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन मनिका इकाई की बैठक पुरुषोत्तम प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के तत्वधान में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व मंत्री योगेंद्र प्रसाद साहू होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जिसकी जानकारी प्रखंड अध्यक्ष पुरषोत्तम प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू,समाज सेवी रामदास साहू समेत विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध गायक राजमुनी ब्यास अपने मंडली के साथ होली गीत प्रस्तुत करेंगे। वही सभी के सर्वसम्मति से कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। मौके पर अशोक प्रसाद, नेपाली प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, राजू प्रसाद, चंदन कुमार गुप्ता, अजीत प्रसाद, श्याम प्रकाश, अशोक प्रसाद, पंकज गुप्ता, अमित गुप्ता, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### लातेहार में वैश्य समाज की बैठक हुई संपन्न



**लातेहार।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के बैनर तले वैश्य समाज की बैठक शुक्रवार को जिला कार्यालय मुरारी प्रसाद के आवास चंदनडीह में संपन्न हुआ। जिसमें तीन मार्च शुक्रवार को 11 बजे से होटल सेलिब्रेशन में होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही होली मनाने को लेकर सभी प्रखंडों से सम्पर्क किया जाएगा। साथ ही साथ सभी प्रखंड में प्रखंड कार्यालय खोलने पर भी चर्चा किया गया। बैठक में वैश्य समाज की एकता देखा गया। सभी वर्ग से लोग बढ़-चढ़कर हिसा लिए। वही बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर जी का अभिनंदन कार्यक्रम की समीक्षा भी किया गया। इस बैठक में वैसे समाज के बुद्धिजीवी लोगों ने अपना अपना विचार व्यक्त किए। साथ ही समाज के लोगों ने होली मिलन समारोह मनाने पर तन मन धन से मदद करने को भी कहा। इस बैठक में महेंद्र प्रसाद सोण्डिक, गया प्रसाद, रमेश प्रसाद गुप्ता, मुरारी प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, राजू प्रसाद, पिंटू कुमार, गब्बर सिंह, भोला प्रसाद, संतोष प्रसाद, गोविंद प्रसाद, पवन कुमार, आशीष कुमार, अभिनंदन प्रसाद, अर्जुन प्रजापति, विनोद पेंटर, जगदीश, झामलाल, रमेश कुमार गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

### हेरहंज भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न



**हेरहंज।** लातेहार जिले के हेरहंज मंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल के अध्यक्षता में मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिलाअध्यक्ष ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे कहा कि बुथ कमिटी को मजबूत करना है और केंद्र की योजनाओं को बुथ स्तर तक के कार्यकताओं और जनता के बीच लेकर जाना है। झारखंड राज्य की वर्तमान सरकार सभी जगह विफल साबित हो रही है। वहीं जिला प्रभारी ने केंद्र की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री श्याम लाल गोस्वामी उर्फ बब्लू ने किया। वही समाप्ति की घोषणा मंडल के महामंत्री कन्हाई प्रसाद के द्वारा किया गया। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमित तिवारी, जिला मंत्री संतोष यादव, मंडल प्रभारी सह जिला मंत्री ब्रजमोहन राम, गढ़वा जिला मंत्री ठाकुर प्रसाद महतो, जिला कार्यसमिति सदस्य विजय गुप्ता, अजय तिवारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन, महिला मोर्चा अध्यक्ष चिंतामणि देवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष गुड्डू वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हबीब अंसारी, जितेंद्र यादव, रंजीत गंझु, उदय यादव, कमेश पासवान, बिहारी यादव, किसुन प्रसाद समेत दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया।

### पांच दुकानो का आवंटन किया गया रदद्

**लातेहार।** लातेहार नगर पंचायत के द्वारा आम जनता को सूचित किया गया हैं कि वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्ति के कगार पर है, सभी होल्डिंग टैक्स, जलकर, ट्रेड लाईस एवं दुकानों के बकाया किराया के वसूली हेतु कार्यालय द्वारा नोटिस निर्गत किये जा रहे, जिसके तहत नगर पंचायत, लातेहार के दुकानदारों को बकाया राशि जमा नहीं करने एवं दुकानों को किराये पर लगा दिये जाने की पुष्टी होने के उपरांत पांच दुकान को आवंटन रद्दद कर दिया गया है शेष दुकानदारों को राशि जमा करने हेतु नोटिस निर्गत की गई हैं। इसी प्रकार जलकर बकाया राशि जमा करने हेतु नोटिस निर्गत किया गया है तथा जलकर के 56 बकायादारो का कनेक्शन काटते हुए सर्टीफिकेट केस करने हेतु अनुशंसा की गई है। शेष होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाईसेंस के बकायेदारों को राशि जमा करने हेतु स्थलीय निरिक्षण के साथ-साथ नोटिस निर्गत किया जा रहा है। जॉचोपरांत बकायेदारो के विरूद्ध आवश्यक कानुनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने एक फरारी वारंटी को किया गिरफ्तार

छिपादोहर। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने विशेष अभियान चला कर थाना क्षेत्र से एक स्थायी वारंटी ओर एक फरारी वारंटी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि शनिचर परहिया ग्राम चुंगरु का रहने वाला था जो स्थायी वारंटी था दूसरा फरारी का आरोपी बरवाडीह थाना क्षेत्र मंटू कुमार सिंह था। दोनों आरोपी बहुत दिनों से फरार चल रहे थे जिसे विशेष अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया, आगे और भी अभियान चला कर करवाई की जाएगी। इस अभियान में छिपादोहर थाना के सब इंस्पेक्टर रंजित राम, सहायक अवर निरीक्षक बीरबल हांसदा सहित आईआरबी के जवान शामिल थे।

# क्या थी कोहली-शास्त्री की गलती, जिसको नहीं दोहराना चाहेंगे रोहित-द्रविड़

➲ पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर की हाल ही में 'कोचिंग बियॉन्ड' के नाम से एक बुक रिलीज हुई है। जिसमें उन्होंने कई बड़े खुलासे किए हैं।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और पूर्व कोच रवी शास्त्री की आगुवाई में टीम इंडिया ने कई उचाइयां छुई। भारत ने लगातार 2 बार ऑस्ट्रेलिया को उन्ही के घर में जाकर बॉर्डर गावस्कर ट्रोफी हराई। इसी के साथ टीम को विश्व की नंबर 1 टेस्ट साइड भी बनाया। कोहली और शास्त्री नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट को अपार सफलता मिली। लेकिन उनके कार्यकाल के दौरान जो ट्रोफी भारत अपने नाम करने में नकाम रही वह है 2019 का आईसीसी वनडे वर्ल्डकप। जोकि आज तक टीम और उनके फैंस को चुबता है।

## नंबर 4 के बल्लेबाज को बताया हार की मुख्य वजह

भारत का वह वर्ल्डकप शानदार रहा था। टीम ने ग्रुप स्टेज में टॉप पर खत्म किया था। लेकिन इसके बावजूद भारतीय टीम सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार गई। जिसमें उनकी हार का मुख्य कारण नंबर चार का बल्लेबाज रहा। इस टूनार्मेंट में भारत ने टॉप ऑर्डर से लेकर गेंदबाजी तक हर चीज अच्छे से कवर कर रखी थी। लेकिन टीम की सबसे बड़ी कमी बनकर जो उजागर हुई वो थी नंबर 4 का बल्लेबाज। भारत उस स्पॉट के लिए एक स्पेशलिस्ट बल्लेबाज खिलाने में नकाम रही। ऐसे में आर श्रीधर ने अपनी बुक 'कोचिंग बियॉन्ड' में लिखा की उस समय टीम नंबर 4 के बल्लेबाज को ढूंढने में असफल रही। उन्होने किसी भी खिलाड़ी को उस स्पॉट पर टाइम नहीं दिया। विश्वकप से ठीक पहले जबरदस्त फॉर्म में चल रहे अम्बाती रायुडू को वर्ल्डकप के स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया था। उनकी जगह ऑलराउंडर विजय शंकर को मौका दिया गया था। यह फैसला हर किसी के समझ के परे था। ऐसे में आर श्रीधर ने अपनी बुक 'कोचिंग बियॉन्ड' 'हमारे पास 2015 के बाद से नंबर 4 के स्पॉट पर किसी बल्लेबाज को रेडी करने के लिए चार साल थे। नंबर 4 का स्पॉट बैटिंग ऑर्डर में एक महत्वपूर्ण रोल है. इस स्थान पर उस बल्लेबाज की जरूरत है, जो टॉप ऑर्डर के खिलाड़ियों की गति को आगे बढ़ाए और जिम्मेदारी फिनिशर्स तक पहुंचाए। आपको कोई ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो 80-90 रन प्रति 100 गेंदों पर स्ट्राइक कर सकता है और 100 की स्ट्राइक रेट पर अपनी पारी खत्म कर सकता है। ये काम हर कोई नहीं कर पाता। दुर्भाग्य से, हमने किसी भी खिलाड़ी को वहां सेट होने का मौका नहीं दिया। उन्होने आगे कहा, 'हम जल्द से जल्द रिजल्ट चाहते थे और इसलिए अगर कोई दो या तीन मैचों में फ्लॉप हो जाता था, तो हम दूसरा खिलाड़ी उस जगह पर इस्तेमाल करते थे। मेरे पास सच्ची इसके लिए कोई बहाना नहीं है।'

### राहुल और रोहित नहीं करेंगे यह गलती



आर श्रीधर ने आगे इस बात का भी जिक्र किया कि यह एक ऐसी गलती थी जिसे सही करने के लिए काफी समय था और इसको वक्त रहते नियंत्रित भी किया जा सकता था। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा यह गलती नहीं दोहराएंगे। बता दें कि अक्टूबर-नवंबर के दौरान इस साल वनडे विश्वकप भारत में होने वाला है। जिसमें चौथे पायदान पर कई हद तक श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव में से कोई एक खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएगा।

## सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा से की खास मांग



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इस समय जबरदस्त फॉर्म में चल रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही चार मैचों की रोमांचक बॉर्डर गावस्कर ट्रोफी में रोहित शर्मा की आगुवाई वाली टीम इंडिया ने पहले 2 मैच महज 6 दिनों में अपने नाम कर बवाल मचा दिया। भारतीय टीम अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में लगातार दूसरी बार क्वालीफाई करने की दहलीज पर खड़ी है। डब्ल्यूटीसी का फाइनल मैच आगामी जून में इंग्लैंड के ओवल मैदान पर खेला जाएगा। वहीं भारत को फाइनल में पहुंचने से पहले भारत के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रोहित और उनकी टीम से एक खास अनुरोध किया है। आपको बता दें कि इस साल (2023) भारत आइसीसी वनडे वर्ल्डकप के साथ-साथ एशिया कप भी खेलने वाला है। वहीं भारत तकरीबन-तकरीबन वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी प्रवेश कर चुका है। ऐसे में भारत के दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर चाहते हैं कि रोहित शर्मा की टीम डब्लयूटीसी और वर्ल्डकप का खिताब अपने नाम करे। वहीं इसके अलावा एशिया कप भी जीत जाए तो सोने पर सुहागा हो जाएगा। सुनील ने एक मीडिया हाउस से बातचीत करते हुए कहा किजब आप एक चैंपियन को सम्मानित होते हुए देखते हैं, तो आप भी उनमें से एक बनना चाहते हैं, और जब आपके एथलीट अपने खेल में सुधार कर रहे हो, तो आप जानते हैं कि सब कुछ सही ट्रेक पर चल रहा है। मैं भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्वकप जीतते हुए देखना चाहता हूं।

## विराट कोहली ने खरीदा अलीबाग में बंगला

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने मुंबई में एक और घर खरीदा है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में खेल रहे इस धाकड़ बल्लेबाज ने इंदौर टेस्ट से पहले अलीबाग में एक लग्जरी बंगला खरीदा है। विराट कोहली ने एक दिन पहले ही 23 फरवरी को मुंबई के अलीबाग इलाके में 2000 वर्ग फुट का विला खरीदा है। कोहली के इस लक्जरी बंगला की कीमत 6 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मुंबई के इस लग्जरी इलाके में कोहली की यह दूसरी प्रॉपर्टी है। इससे पहले कोहली और वाइफ अनुष्का शर्मा ने शादी के बाद मुंबई के वर्ली इलाके में ओंकार टावर में घर खरीदा था। अलीबाग में स्थित विराट की यह प्रॉपर्टी भी शानदार है।

## रन आउट पर हाय तौबा मचाने वालों को MCC ने सुनाई खरी खरी

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की विश्व क्रिकेट समिति ने कहा कि किसी भी गेंदबाज को नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन चुराने के प्रयास में अपनी क्रीज पर आगे खड़े बल्लेबाज को ह्यरन आउट करने के लिए ह्यविलेन नहीं कहा जा सकता। विश्व क्रिकेट समिति (डब्ल्यूसीसी) ने सभी उम्र ग्रुप स्तर के क्रिकेट में इस तरीके से आउट होने के तरीके को सामान्य करने की कोशिश में यह बात कही। डब्ल्यूसीसी ने इस विवादास्पद मुद्दे पर ह्यसंयम बनाए रखने की भी बात कही क्योंकि कुछ पूर्व क्रिकेटर अब भी मानते हैं कि इस तरह बल्लेबाज को रन आउट करना खेल भावना के खिलाफ है जबकि आइसीसी नियम बना चुका है कि इसे रन आउट माना जाएगा।

## खतरे में पड़ा पीएसएल का आयोजन

**कराच।** पाकिस्तान की तंगहाली का असर अब वहां के क्रिकेट पर दिखने लगा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एक तरफ देश में क्रिकेट को पूरी तरह से बहाल करने के लिए एड़ी चोटी का जोड़ लगा रहा है तो दूसरी ओर यहां की चरमराई अर्थव्यवस्था के कारण उसकी सारी मेहनत पर पानी फिरता हुआ दिख रहा है। दरअसल एक रिपोर्ट के मुताबिक के आर्थिक तंगी के कारण देश में खेले जा रहे पाकिस्तान सुपर लीग के सभी मैचों को अब एक ही वेन्यू कराची में आयोजित कराया जाएगा। पीएसएल के शेड्यूल की जब घोषणा की गई थी तो कराची के अलावा मुल्तान, लाहौर और रावलपिंडी का भी नाम शामिल था। दरअसल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और पंजाब प्रांत के सरकार के साथ पैसों को लेकर विवाद हो गया है, जिसके कारण अब मुल्तान, लाहौर और रावलपिंडी के सभी मैचों को कराची में शिफ्ट किया जा सकता है।

## सारा टेलर बोली हां मैं लेस्बियन हूं...



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड की पूर्व विकेटकीपर सारा टेलर ने अपने आलोचकों को तगड़ा जवाब दिया है। उन्हें समलैंगिक होने पर लोग ट्रोल कर रहे थे। उन पर और उनकी पार्टनर डायना की प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था। इसके बाद लोगों ने इस कपल को ट्रोल करना शुरू कर दिया। इसके बाद अब सारा ने कई ट्वीट करते हुए सभी की बोलती बंद कर दी। 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाली सारा ने कहा कि मैं लेस्बियन हूं और खुश हूं। उन्होंने ट्वीट में लिखा- मैंने यह अनुमान नहीं लगाया था कि मुझे अपने साथी की प्रेग्नेंसी की घोषणा करते समय अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के जवाब देने चाहिए थे। उम्मीद है कि मैं कुछ सवालों के जवाब दे पाऊंगी। उन्होंने आगे लिखा- आइवीएफः एक अज्ञात व्यक्ति से दान किया गया स्पर्म जो दूसरों को एक बहुत ही अनूठा अवसर देना चाहता है...। बता दें कि सारा ने कोहली को सोशल मीडिया पर शादी के लिए प्रपोज करते हुए सुर्खियां बटोरी थीं। विराट कोहली की फैन इस 30 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने लिखा- हां, मैं एक समलैंगिक हूं, और बहुत लंबे समय से हूं। नहीं, यह कोई विकल्प नहीं है। मैं प्यार में हूं और खुश हूं, यही मायने रखता है। हर परिवार अलग होता है... यह कैसे काम करता है और कैसा दिखता है। फैसला सुनाने से पहले खुद को शिक्षित करें। बच्चे को प्यार और सहारा मिलेगा...। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा- हम सभी अलग-अलग मान्यताओं के साथ अलग-अलग तरह से पले-बढ़े हैं, मैं दूसरों के बारे में फैसला नहीं सुनाती। हालांकि मैं नफरत, उपहास और दुर्व्यवहार पर फैसला सुनाऊंगी। आप यहां के नहीं हैं। जब तक आप खुश हैं तब तक जिसे आप चाहते हैं उससे प्यार करें। प्यार और समर्थन भेजने वाले सभी को धन्यवाद।

## हार के बाद छलका जेमिमा रोड्रिग्स का दर्द

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स महिला टी20 विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत की हार से काफी निराश हैं। लेकिन यह बल्लेबाज सकारात्मक चीजों पर ही इस समय ध्यान देना चाहती हैं। जेमिमा का मानना है कि उनकी टीम भविष्य में खेल में दबदबा बनाती हुई नजर आएगी। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय महिला टीम ने काफी तेजी से प्रगति की है। लेकिन कोई बड़ी ट्रोफी अपने नाम नहीं कर पाई है। बता दें कि उन्हें 2017 में वनडे विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड से हार मिली, 2020 टी20 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का मुंह देखना पड़ा और बर्मिंघम में 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने उन्हे मात दी थी।

# जर्सी नंबर 7 और ये कमबख्त रन आउट...

## तब धोनी अब हरमनप्रीत, टीम इंडिया की बदकिस्मती तो देखिए

➲ सेमीफाइनल में टूटा टीम इंडिया का दिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम एक बार फिर विश्व विजेता बनने से चूक गई। साउथ अफ्रीका में जारी महिला टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया से 5 रनों की हार का सामना करना पड़ा। इस के बाद उसका सपना चकनाचूर हो गया तो दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने छठे खिताब की ओर बढ़ गई है। मैच में सबकुछ ठीक चल रहा था कि कप्तान हरमनप्रीत कौर रन आउट हो गईं और पासा ही पलट गया। ऑस्ट्रेलिया के 172 रनों के जवाब में भारत 168 रनों तक पहुंच सका।

### तब धोनी के आउट होने के बाद भारत को मिली थी हार

दूसरी ओर, महेंद्र सिंह धोनी मार्टिन गुप्टिल के तेज तर्रार थ्रो पर रन आउट हुए थे। उन्होंने भी मैच में हाफ सेंचुरी जड़ी थी। जब तक वह मैदान पर थे तब तक भारत जीतते दिख रहा था, लेकिन उनके आउट होने के बाद भारत की उम्मीदें भी धुमिल होती गईं। न्यूजीलैंड के 239 रनों के जवाब में भारत 221 रनों पर ऑलआउट हो गया था। मैनचेस्टर में खेला गया यह धोनी के इंटरनेशनल करियर का आखिरी मैच साबित हुआ था।

### जर्सी नंबर 7 और रन आउट

हरमन के इस रन आउट ने इंग्लैंड में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप 2019 की चोट को कुरेद दिया। उस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में अहम मौके पर पूर्व कप्तान एमएस धोनी रन आउट हुए थे। इसके बाद मैच का पासा ही पलट गया था। कुछ ऐसा ही हरमनप्रीत कौर के साथ हुआ। 15वें ओवर में जब हरमन आउट हुईं तो टीम इंडिया जीतते दिख रही थी। गार्डनर के सटीक थ्रो पर एलिस हिली ने स्टंप्स बिखेर दिए, जबकि हरमनप्रीत कौर क्रीज के करीब पहुंची तो जरूर थीं, लेकिन उनका बल्ला उलझ गया। वह रन आउट हो गईं। यह संयोग ही है कि दोनों ही खिलाड़ी 7 नंबर की जर्सी पहनते हैं।




### इस तरह भारत के हाथ से फिसला मैच

इसके बाद विकेटों का पतझड़ आया और भारत जीत से दूर होता गया। आखिरी ओवर में उसे जीत के लिए 16 रन चाहिए थे, लेकिन 10 रन ही बने। इस तरह टीम इंडिया 5 रनों से हार के साथ ही टूर्नामेंट से विदा हो गई। रनआउट के बाद हरमन काफी गुस्से में थीं। वह अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सकीं और मैदान पर ही बल्ला फेंक दिया था। उन्हें पता था कि यह कितनी बड़ी गलती हो गई है। उन्होंने 34 गेंदों में 6 चौके और एक छक्का के दम पर 52 रन की पारी खेली।

## ब्रुक और रूट ने बजाई न्यूजीलैंड की बैंड

एजेंसी

**वेलिंगटन।** हैरी ब्रुक और जो रूट के बेहतरीन शतकीय पारी की मदद से दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट के नुकसान पर 315 रन बना लिए। हैरी ब्रुक दिन के खेल समाप्त होने तक 184 रन बनाकर पवेलियन वापस लौटे जबकि जो रूट 101 रन बनाकर खेल रहे हैं। इन दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 294 रनों की साझेदारी हो चुकी है। हालांकि खेल के पहले दिन बारिश ने भी खलल डाली लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड की टीम ने दूसरे टेस्ट मैच में धमाकेदार शुरूआत की है। मुकाबले में टॉस जीतने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने अपने तीन विकेट जल्दी खो दिए थे और दिन का खेल भी केवल 65 ओवर बाद खत्म करना पड़ा। लेकिन इन सबके बावजूद इंग्लैंड ने मैच में और सीरीज में नियंत्रण बना लिया है। ब्रुक ने अभी तक टेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बना लिया है, इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ 153 रन की पारी थी और पिछले पांच टेस्ट में यह उनका चौथा शतक है। उनके नाम तीन अर्धशतक भी हैं और केवल नौ टेस्ट पारियों में वह 807 रन बना चुके हैं जो टेस्ट क्रिकेट में करियर के इस पड़ाव में किसी अन्य खिलाड़ी की तुलना में सर्वश्रेष्ठ है।

## गोपालगंज की शान बने मुकेश कुमार, घर वापसी पर राजकुमार की तरह हुआ स्वागत



तेज गेंदबाज मुकेश कुमार जब अपने गृह नगर गोपालगंज पहुंचे तो उनके स्वागत में भीड़ उमड़ पड़ी। मुकेश कुमार को हाल ही में टीम इंडिया में शामिल किया गया था। इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने आईपीएल ऑक्शन में उन्हें 5.50 करोड़ में खरीदा।

## पटना पुलिस ने कुख्यात अपराधी और बालू माफिया धीरेंद्र को हथियार समेत धर दबोचा

**पटना।** कुख्यात अपराधी और बालू माफिया धीरेंद्र कुमार को पटना पुलिस और एसटीएफ के संयुक्त अभियान में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इसके पास से भारी मात्रा में राइफल बंदूक और गोलियां बरामद की है। इस बात का खुलासा पटना के सिटी एसपी पश्चिम राजेश कुमार ने शुक्रवार को दानापुर में एक संवाददाता सम्मेलन में किया है। बताया जा रहा है कि कुख्यात अपराधी और बालू माफिया धीरेंद्र कुमार को पुलिस कई महीनों से तलाश कर रही थी। बताया जा रहा है कि अमनाबाद में बालू के बचस्व को लेकर 4 लोगों की हत्या में धीरेंद्र कुमार मुख्य आरोपी रहा है। इसके अलावा धीरेंद्र कुमार पर प्रॉपर्टी डीलर रविंद्र चंद्रवंशी के हत्या करने का भी आरोप है। बताया जा रहा कि धीरेंद्र कुमार पालीगंज के जलपुरा का निवासी है। कुछ वर्षो से बिहटा एवं आसपास के इलाकों में बालू माफियाओं पर अपना वर्चस्व जमाने वाले धीरेंद्र कुमार ने पूरे इलाके में अपना दबदबा कायम रखा था। पुलिस इसे कई महीनों से तलाश कर रही थी। शुक्रवार को सूचना मिली कि धीरेंद्र कुमार बिहटा के गांव में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने पहुंचा है। सूचना मिलते ही पटना पुलिस और एसटीएफ के संयुक्त अभियान ने धीरेंद्र कुमार को धर दबोचा है। मामले की जानकारी देते हुए पटना के सिटी एसपी पश्चिम राजेश कुमार ने बताया कि धीरेंद्र कुमार आर्मी से रिटायर फौजी है। पुलिस ने उसके पास से रेगुलर राइफल एक, रेगुलर एक नाली बंदूक एक, जिंदा कारतूस 312 बोर का 41 पीस, जिंदा कारतूस 3.06 बोर का 60 पीस, जिंदा कारतूस 12 बोर का 12 पीस, 312 बोर के 39 खोखा, एक बोलेरो कार और एक मोबाइल जप्त किया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**पूर्णिया।** पूर्णिया में शुक्रवार को बाइक सवार को एक अज्ञात कार ने टक्कर मार दिया और बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। लोग कुछ समझ पाते तब तक ड्राइवर कार लेकर मरंगा के तरफ भाग गए। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगो ने घायल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना शुक्रवार को मरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइपास रोड काली मंदिर के पास की है।

## कटिहार में मुखिया पति की गोली मारकर हत्या

**कटिहार।** कटिहार में दिन के उजाले में शादी समारोह के दौरान भोज खाने पहुंचे मुखिया पति 40 वर्षीय तनवीर आलम उर्फ तनवीर राही की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली मारने के बाद अपराधी घटनास्थल से फरार हो गए। वही घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। आपको बता दे कि गोली लगने के बाद आनन-फानन में घायल तनवीर को पूर्णिया इलाज के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर बलिया बेलोन की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की जांच में जुट गई है।

# बिहार में भाजपा का खेल, महागठबंधन के सात दल और नीतीश-तेजस्वी ताकते ही रह गये

एजेंसी

➲ बिहार की सियासत में नया खेल हर दिन खेला जा रहा

➲ राजनीति को साधने के लिए सुरक्षा वाला दांव

**पटना।** बिहार की राजनीति हर दिन एक नए खेल के साथ शुरू हो रही है। जाहिर है गठबंधन की राजनीति में लगभग अकेले दिख रही बीजेपी के भीतर यह खेल विशेष संदर्भ में हो रहा है। यहां दिलचस्प यह है कि बीजेपी के सारे तीर निशाने पर लग रहे हैं। इन खेलों में एक खेल सुरक्षा का चल रहा है। इस सुरक्षा के खेल में बीजेपी भी अपने को सुरक्षित रखने के समीकरण को दुरुस्त कर रही है। सुरक्षा के खेल में केंद्रीय नेतृत्व ने सबसे पहले एलजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान और अब वीआइपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी का नाम सुर्खियों में है। इस बीच भले महागठबंधन अपने भीतर मचे घमासान को सुलझाने में व्यस्त है या फिर अपना घर जला कर तमाशा देख रही है। मगर फूंक फूंक कर कदम रख रही बीजेपी संभावित चुनावी समीकरण को एक-एक कर साध रही है। महागठबंधन के भीतर हमलावर होते लीडरान ने अपनी ही राजनीति को कुंद करने में लगे हैं। इस कड़ी में शिवानंद तिवारी, सुधाकर सिंह, उदय नारायण चौधरी, सुरेंद्र यादव की अपनी अपनी भूमिका काफी नकारात्मक है। इन स्थितियों में भाजपा पूरी परिवक्वता के साथ 2024 लोकसभा चुनावी समीकरण बनाने में व्यस्त है।

### मुकेश सहनी पर भाजपा ने डाले डोरे

विकासशील इंसान पार्टी यानी VIP प्रमुख मुकेश सहनी पर मेहरबान सरकार अब उन्हें वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा देने जा रही है। यह निर्णय केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुकेश सहनी को खुश करने के लिए की है। यह दीगर, केंद्र सरकार इंटेलिजेंस ब्यूरो की रिपोर्ट के आधार पर यह सुरक्षा अब मुकेश सहनी को दी है। अब मुकेश सहनी की सुरक्षा में कम से कम 11 सुरक्षाकर्मी साथ में रहेंगे। अब सहनी के साथ सीआईएसएफ के जवान, साथ में दो पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर और पुलिसकर्मी रहेंगे। जाहिर है इस सुरक्षा के साथ भाजपा नेतृत्व ने मल्लाह जाति को अपने पक्ष में लाने की मुहिम की शुरूआत कर दी है।



### सुरक्षा को लेकर एक क्रेज भारत में है पर बिहार में कुछ ज्यादा

वैसे तो सबसे बड़ी सुरक्षा एसपीजी होती है जो पीएम को मिलती है। इसमें कम से कम 52 सुरक्षाकर्मी होते हैं। इसके बाद अन्य वीआईपी के लिए चार X, Y, Y+, Z और Z+ सुरक्षा मिलती है। जेड प्लस की सुरक्षा वीवीआईपी को दी जाती है। इसके अलावा संभावित खतरे का अनुमान होने पर वीआइपी या बड़े नेताओं को जेड या वाई प्लस सुरक्षा दी जाती है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इस संदर्भ में बिहार सरकार से कोई फीड बैक नहीं ली गई। आईबी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के ऊपर संभावित खतरे को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें प्लस कैटेगरी की सुरक्षा दी है। कहा जा रहा है कि मुकेश सहनी को सुरक्षा देकर भाजपा वोटों के नजरिया से खुद को सुरक्षित कर की गई है। यह आगामी लोकसभा की अभी से तैयारी है।

### चिराग पर भी सुरक्षा का साथ

वैसे चुनाव को ध्यान में रखकर लोजपा (R) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान पर भी राग सुरक्षा आजमाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कुछ दिन पहले लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान को जेड कैटेगरी की सुरक्षा दी थी। इसके बाद अब चिराग के साथ लगभग 22 सुरक्षाकर्मी साथ में रहेंगे। हालांकि इसके पहले उन्हें वाई सुरक्षा मुहैया कराया गया था।

## अमित शाह का बिहार दौरा आज, स्टिंगर मिसाइल से खतरा

**पटना।** बिहार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर स्टिंगर मिसाइल से हमले की आशंका जताई गई है। स्टिंगर मिसाइल को कंधे पर रखकर उनके ऊपर हमला किया जा सकता है। यह मिसाइल हेलिकॉप्टर, जेट विमान को उड़ा सकती है। शाह शनिवार (25 फरवरी) को बिहार दौरे पर हैं। उनका पश्चिमी चंपारण और पटना में कार्यक्रम है। सुरक्षा को लेकर ADGP (सिक्योरिटी) ने पटना और पश्चिमी चंपारण के डीएम-एसपी को अलर्ट जारी किया है। भारत-नेपाल सीमा से लेकर पटना तक हवाई हमले को लेकर अलर्ट है। इसमें कहा गया है कि आतंकियों के पास स्टिंगर मिसाइलें पहुंच गई हैं। ऐसे में वीआईपी की सुरक्षा को लेकर खतरा बढ़ गया है। इस अलर्ट में हेलीपैड के निर्माण से लेकर वहां इकट्ठा होने वालों पर खुफिया नजर रखने को कहा गया है। यह भी कहा गया है कि आसपास झंडे बैनर भी न लगाएं। पुलिस मुख्यालय के अलर्ट पर गौर करें तो आतंकियों के पास ये मिसाइल पहुंच चुकी है। ऐसे में पुलिस विभाग ने मुस्तैदी बढ़ा दी है।

**कंधे पर रखकर चलाई जाती है स्टिंगर मिसाइल:** स्टिंगर मिसाइल लॉन्च सिस्टम को कंधे पर रखकर दागी जाती है। मिसाइल का वजन 10 किलो होता है और लॉन्च ट्यूब का वजन 5.2 किलो होता है। यह 5 फीट लंबी और चौड़ाई 3.9 इंच होती है।

## पेज 3 का शेष...

### सरकार को हमेशा...

उन्होंने कहा कि यहां के व्यापारी और नागरिक को अब पिछले तीन सालों से शांति महसूस हो रहा है। गठबंधन सरकार ने 3 वर्षों में आम जनता को सुरक्षा के साथ-साथ विकास भी मुहैया कराया है। वे लोग हमेशा समाज को जाति, धर्म और संप्रदाय के नाम पर तोड़ने का ही काम करते हैं।

**टका देकर वोट के पक्ष में विपक्ष :** हेमंत ने कहा कि विरोधी घर घर जा रहे हैं और हजार टका देकर वोट लेने की फिराक में हैं, लेकिन हम हर महीने पेंशन दे रहे हैं तो क्या जनता हमें वोट नहीं देगी। 27 फरवरी को जनता की अदालत में ममता देवी का फैसला होना है। उसे न्याय देने का जिम्मा अब जनता के हाथ में है। विरोधियों ने तो उसे फंसा कर जेल भेज दिया है। जनता सर्वोपरि है और मुझे उम्मीद है कि बजरंग महतो को वोट देकर जनता अपना फैसला सुनायेगी।

### पूजा पर प्राथमिकी...

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पूजा सिंघल को गिरफ्तार करने वाले प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी चार्जशीट में इस तथ्य का उल्लेख किया है। गौरतलब हो कि 18.06 करोड़ रुपये के संयुक्त गबन से संबंधित कुल 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पूजा सिंघल 16 फरवरी 2009 से 19 जुलाई 2010 की अवधि के दौरान खूंटी जिले की उपायुक्त थीं। वह विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए निधि की मंजूरी के लिए अधिकृत थी।

### रिक्त पद शीघ्र भरें, नहीं तो...

कोर्ट को यह भी बताया था कि जेजे बोर्ड में सोशल मेंबर के 6 पद रिक्त हैं। वहीं सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन के 6 पद रिक्त हैं। इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। नियुक्ति के लिए आये आवेदनों की स्क्रूटनी की गयी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि खंडपीठ को पूर्व में बताया गया था कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे) व सीडब्ल्यूसी अधिकतर पदों पर नियुक्ति कर दी गयी है, लेकिन अब भी कई पद खाली हैं। वहीं राज्य बाल संरक्षण आयोग में अध्यक्ष व सदस्य का पद कई वर्ष से खाली हैं। पद खाली रहने से आयोग सही तरीके से काम भी नहीं कर पा रहा है। प्रार्थी चंदन सिंह, बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गयी है।

### पाक आतंकियों का...

**भारत ने पाक को लताड़ा :** संयुक्त राष्ट्र महासभा के ग्यारहवें आपातकालीन विशेष सत्र में भारतीय काउंसलर प्रतीक माथुर ने पाकिस्तान के अनावश्यक उकसावे को 'अफसोसजनक' बताया। उन्होंने कहा कि दो दिनों की गहन चर्चा के बाद संयुक्त राष्ट्र में मौजूद सभी सदस्य इस बात पर सहमत हुए हैं कि संघर्ष और कलह को हल करने के लिए शांति का मार्ग ही एकमात्र रास्ता हो सकता है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने 'जवाब के अधिकार' का इस्तेमाल किया। इस्लामाबाद को आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने वाले देश के रूप में इसके ट्रैक रिकॉर्ड को देखने की सलाह दी।

स्पीड न्यूज

### पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के पति शेखावत का निधन



**पुणे।** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के पति देवीसिंह शेखावत का 89 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पूर्व राष्ट्रपति के परिवार से जुड़े करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि शेखावत को कुछ दिन पहले ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दिल का दौरा पड़ने से आज सुबह करीब नौ बजे उनका निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी प्रतिभा पाटिल, एक बेटा तथा एक बेटी हैं।

### उप्र में 14 करोड़ लोगों को फ्री राशन

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मामलों के मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता में 14 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। विधानसभा में बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को प्रश्न काल के दौरान सपा विधायक डॉक्टर रागिनी सोनकर के एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने यह जानकारी दी।

### सुकेश चंद्रशेखर की ईडी की हिरासत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को प्रमुख उद्यमी मालविंदर सिंह की पत्नी जपना एम सिंह से कथित रूप से चार करोड़ रुपये की जबरन वसूली से जुड़े धनशोधन के मामले में सुकेश चंद्रशेखर की ईडी की हिरासत तीन दिन के लिए बढ़ा दी। न्यायाधीश ने नौ दिन की ईडी हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किए जाने के बाद कथित ठग की हिरासत बढ़ा दी।

### सांस्कृतिक महोत्सव में हिस्सा नहीं लेंगे वाजपेयी

**नयी दिल्ली।** कवि अशोक वाजपेयी ने शुक्रवार को कहा कि वह उस सांस्कृतिक महोत्सव में हिस्सा नहीं लेंगे जिसमें पहले वह लेने वाले थे, क्योंकि आयोजकों ने उनसे सरकार की आलोचना वाली कविताएं नहीं पढ़ने को कहा है। हालांकि सत्र के सह–आयोजक रेख़्ता फाउंडेशन के एक प्रवक्ता ने उनके इस दावे से इंकार कर दिया है कि उन्हें कविता पढ़ने से रोका जा रहा है। वाजपेयी शुक्रवार को सुंदर नर्सरी में जी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अर्थ कल्चर फेस्ट में अनामिका, बद्री नारायण, दिनेश कुशवाहा और मानव कौल सहित अन्य कवियों के साथ एक कविता सत्र में भाग लेने वाले थे।

### कोटा में नीट परीक्षार्थी ने आत्महत्या की

**कोटा ।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे छात्र (17) ने यहां अपने छात्रावास के कमरे में कथित रूप से पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं जिला निवासी अभिषेक यादव के रूप में हुई है। कोटा में इस साल छात्र आत्महत्या का यह चौथा मामला है।

### बरेली में 27 लाख का नकली नोट बरामद

**बरेली (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों और उत्तराखंड तथा दिल्ली में जाली भारतीय मुद्रा का धंधा करने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 27 लाख रुपये की जाली मुद्रा बरामद की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार चौरसिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश एसटीएफ की मेरठ और बरेली इकाई तथा भोजीपुरा पुलिस के संयुक्त अभियान में गुरुवार शाम ईंट के भट्टे पर छापा मारकर 27 लाख की जाली मुद्रा बरामद की।

# जॉयलुक्कास ग्रुप की 305 करोड़ की संपत्ति जब्त

## हवाला के लेन-देन के आरोप में जॉय अलुक्कास वर्गीज के खिलाफ ईडी की कार्रवाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने आभूषण बिक्री करने वाले केरल के समूह जॉयलुक्कास के मालिक जॉय अलुक्कास वर्गीज की 305 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। कंपनी द्वारा हवाला के माध्यम से दुबई में भारी नकदी कथित तौर पर अंतरित करने को लेकर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के मामले में यह कार्रवाई की गई है।

जांच एजेंसी ने 22 फरवरी को त्रिशूर-मुख्यालय वाले समूह के कई परिसरों में तलाशी ली थी। ईडी ने कहा कि जब्त संपत्तियों में 33 अचल संपत्तियां (81.54 करोड़ रुपये मूल्य की) शामिल हैं, जिसमें शोभा सिटी, त्रिशूर में भूमि और आवासीय भवन,



तीन बैंक खाते (91.22 लाख रुपये की जमा राशि), 5.58 करोड़ रुपये की तीन सावधि जमा राशि और जॉयलुक्कास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (मूल्य 217.81 करोड़ रुपए) के शेयर शामिल हैं। फेमा की धारा 37ए के तहत जब्त की गई इन संपत्तियों का कुल मूल्य 305.84 करोड़ रुपये है। ईडी ने कहा कि यह मामला हवाला के जरिए भारत से दुबई में भारी मात्रा में नकदी अंतरित करने और बाद में जॉयलुक्कास ज्वेलरी एलएलसी, दुबई में निवेश करने से संबंधित है, जो वर्गीज की 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली कंपनी है। बयान में कहा गया है कि तलाशी के दौरान मिले सबूत-आधिकारिक दस्तावेज और मेल से हवाला लेन-देन में जॉय अलुक्कास की सक्रिय संलिप्ततास्पष्ट रूप से साबित हुई।

# सीडब्ल्यूसी का नहीं होगा चुनाव, खरगे करेंगे नामित

## कांग्रेस के संविधान में होगा संशोधन :जयराम रमेश

### अनूसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, महिलाओं, युवाओं और अल्पसंख्यक समुदाय का बढ़ेगा प्रतिनिधित्व

एजेंसी

**नवा रायपुर।** कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारक इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) का चुनाव नहीं होगा, क्योंकि पार्टी की संचालन समिति ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से यह फैसला किया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सीडब्ल्यूसी के सदस्यों को नामित करने के लिए अधिकृत होंगे। संचालन समिति की बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा मौजूद थे। सोनिया गांधी और राहुल गांधी दिन में करीब तीन बजे रायपुर पहुंचे। संचालन समिति की करीब तीन घंटे की बैठक के बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सीडब्ल्यूसी के चुनाव के संदर्भ में हुए फैसले की जानकारी दी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि संचालन समिति ने सर्वसम्मति से तय किया है कि कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकार दिया जाए कि वह कार्य समिति के सदस्य नामित करें। उनका कहना था कि कांग्रेस के संविधान के 16 प्रावधानों और 32 नियमों में संशोधन का प्रस्ताव है। उन्होंने यह भी बताया कि हम कांग्रेस के संविधान में संशोधन ला रहे हैं जिसके तहत अनूसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, महिलाओं, युवाओं और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए सीडब्ल्यूसी 50 प्रतिशत के प्रतिनिधित्व सुनिश्चित और सुरक्षित करने का प्रस्ताव है। यह प्रस्ताव




भी दिया गया कि कांग्रेस से ताल्लुक रखने वाले प्रधानमंत्री, पूर्व प्रधानमंत्री, संसद के दोनों सदनों में पार्टी के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी के सदस्य होंगे।

कांग्रेस के संविधान में कार्य समिति का चुनाव कराने या फिर सीडब्ल्यूसी के सदस्यों को नामित करने के लिए अध्यक्ष को अधिकृत करने का भी प्रावधान है। चुनाव होने की स्थिति में सीडब्ल्यूसी के कुल 25 सदस्यों में से 12 सदस्यों का चुनाव होता है और 11 सदस्यों को पार्टी अध्यक्ष द्वारा मनोनीत किया जाता है। कांग्रेस अध्यक्ष और संसदीय दल का नेता सीडब्ल्यूसी का स्वतः सदस्य होता है।

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत, 12 घायल


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में एक पिकअप वैन और ट्रक के बीच हुई टक्कर में चार बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई है और 12 अन्य घायल हो गये। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को केंद्र और राज्य सरकार ने कुल छह लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने बताया कि सिमगा क्षेत्र के खिलोरा गांव के रहने वाले ग्रामीण अजुर्नी इलाके में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद गुरुवार देर रात घर लौट रहे थे कि इसी दौरान खमरिया गांव के निकट वैन की ट्रक से टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में चार बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई है जबकि 12 अन्य घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस हादसे पर दुख जताया और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता और घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। बघेल ने कहा कि सड़क हादसे में मारे गये लोगों के परिवारों को चार-चार लाख रुपये और घायलों को एक-एक लाख की सहायता राशि की घोषणा करता हूं। दुःख की इस घड़ी में हम सब आपके साथ हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

## वाणिज्य की खबरें

### विश्व बैंक के अध्यक्ष के लिए बंगा के नामांकन का उद्योग जगत में स्वागत

**नयी दिल्ली।** विश्व बैंक प्रमुख के पद के लिए भारतीय अमेरिकी उद्योगपति अजय बंगा को नामित किये जाने को राजनेताओं और उद्योग जगत ने शुक्रवार को स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर प्रभावशाली संगठनों के शीर्ष पर भारतीय मूल के नेताओं की सूची में एक और बेमिसाल हस्ती जुड़ गयी है। अमेरिका के बाइडन ने गुरुवार को घोषणा की थी कि अमेरिका बंगा को विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामांकित कर रहा है। उद्योगपति इस ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण क्षण में वैश्विक संस्था की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं।

### सेंसेक्स 142 अंक और टूटा



**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए ब्याज दरों को और बढ़ाने की आशंका के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक शुक्रवार को कारोबार के दौरान अपनी शुरूआती बढ़त बरकरार नहीं रख सके और बीएसई सेंसेक्स करीब 142 अंक टूटकर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की ताजा निकासी और एचडीएफसी के दोनों शेयरो में बिकवाली के दबाव से भी बाजार की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई सेंसेक्स तेज शुरूआत के बावजूद कारोबार के अंत में 141.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,463.93 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 45.45 अंक यानी 0.26 प्रतिशत टूटकर 17,465.80 पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.92 प्रतिशत पर चढ़कर 82.97 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

### श्रीलंका ने अडाणी समूह के निवेश को दी मंजूरी

**कोलंबो।** श्रीलंका के निवेश संवर्द्धन बोर्ड ने भारत के अडाणी समूह की दो नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं देश के उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों में लगाने की मंजूरी दी है। इन दोनों परियोजनाओं में कुल 44.2 करोड़ डॉलर का निवेश किया जाएगा। मन्नार के पवन ऊर्जा संयंत्र की क्षमता 250 मेगावॉट और पूनरिन स्थित संयंत्र 100 मेगावॉट क्षमता का होगा। एक विज्ञप्ति में बताया गया कि श्रीलंका निवेश बोर्ड ने मन्नार और पूनरिन में दो पवन ऊर्जा संयंत्रों की 44.2 करोड़ डॉलर के कुल निवेश के साथ स्थापना करने के लिए भारत की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को मंजूरी पत्र जारी किया है। इसमें बताया गया कि इन संयंत्रों को दो साल में शुरू करने की योजना है, इन्हें राष्ट्रीय ग्रिड में 2025 में जोड़ा जाएगा। नई परियोजना रोजगार के 1,500 से 2,000 अवसर पैदा करेगी।

# कृषि बजट नौ साल में 1.25 लाख करोड़ से अधिक हुआ : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 2023-24 का आम बजट पिछले 8-9 वर्षों की तरह ही कृषि क्षेत्र पर केंद्रित है और तिलहन तथा खाद्य तेलों पर भारत की आयात निर्भरता को कम करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। कृषि और सहकारिता क्षेत्रों के संबंधित पक्षों के साथ बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का कृषि बजट कई गुना बढ़कर 1.25 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि 2014 में हमारे सत्ता में आने से पहले कृषि क्षेत्र का बजट 25,000 करोड़ रुपये से कम था। आज देश का कृषि बजट 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। मोदी ने कहा कि हाल के सभी बजट को ह्लगांव, गरीब और किसानह्व का बजट कहा गया। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि क्षेत्र आजादी के बाद लंबे समय तक संकट में रहा और इसके चलते देश को खाद्य सुरक्षा के लिए विदेश के ऊपर निर्भर होना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कृषि उत्पादों के आयात के लिए किए गए खर्च के कुछ उदाहरण भी दिए। उन्होंने कहा

**2014 में सत्ता में आने से पहले बजट 25000 करोड़ से कम था**



कि 2021-22 में दालों के आयात के लिए 17,000 करोड़ रुपये, मूल्य वर्धित खाद्य उत्पादों के आयात के लिए 25,000 करोड़ रुपये और खाद्य तेलों के आयात के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए है। मोदी कहा कि कृषि आयात का योग लगभग दो लाख करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि सरकार दलहन और तिलहन के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत खाद्य तेल के आयात पर लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये खर्च करता है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की संख्या नौ साल पहले लगभग नगण्य थी जो अब बढ़कर 3,000 से अधिक हो गई है।

### मेघालय को चाहिए लोगों को आगे रखने वाली सरकार :मोदी

**शिलांग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेघालय के मुख्यमंत्री एवं नेशनल पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष कोनराड के संगमा पर शुक्रवार को परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि राज्य के लोगों को ह्यपरिवार को नहीं बल्कि जनता को पहले रखने वाली सरकार की जरूरत है।

श्री मोदी ने पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मेघालय में, मैं हर जगह भाजपा की लहर देख सकता हूं। चाहे वह युवा हों या बुजुर्ग, पुरुष हों या महिलाएं, व्यापारी हों या सरकारी कर्मचारी हों, किसान हों या मजदूर, सभी एक स्वर में कह रहे हैं 'मेघालय मांगे भाजपा सरकार' (मेघालय चाहता है भाजपा सरकार)।

मेघालय और पूर्वोत्तर की जनता भाजपा के साथ है। श्री मोदी ने लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष पी ए संगमा के पुत्र और कांग्रेस शासनकाल को लेकर कहा कि कुछ परिवारों के स्वार्थ के कारण ऐसा हुआ कि मेघालय के हितों को कभी प्राथमिकता नहीं दी गयी।

### अडाणी मामले खबरों को लेकर मीडिया पर कोई रोक नहीं : कोर्ट

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर उसका फैसला आने तक मीडिया को इस बारे में खबरें देने से रोकने का अनुरोध करने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए धोखाधड़ी के आरोपों के बाद अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट संबंधी जनहित याचिकाओं के एक समूह पर अपना आदेश 20 फरवरी को सुरक्षित रख लिया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने इस मामले का जिक्र करने वाले वकील एम एल शर्मा की याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि हम मीडिया पर कोई रोक नहीं लगाएंगे।

न्यायालय ने सोमवार को अडाणी मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक के सुझाव और हिंडनबर्ग रिसर्च समूह द्वारा धोखाधड़ी के आरोप लगाए जाने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट पर फोर्ब्स द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लेने से इनकार कर दिया था। उसने अडाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट के मद्देनजर बाजार के लिए नियामक उपायों को मजबूत बनाने की खातिर विशेषज्ञों की समिति पर केंद्र के सुझाव को सीलबंद लिफाफे में स्वीकार करने से 17 फरवरी को इनकार कर दिया था।

# आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा पहला आरआरटीएस गलियारा

**ट्रेन के डिब्बों में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर के लिए निर्धारित स्थान, प्लेटफॉर्म स्क्रीन दरवाजे और स्टेशन पर पिक-अप एवं ड्रॉप-ऑफ के लिए स्थान होंगे**

**नयी दिल्ली।** देश के पहले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) गलियारे की विशेषताओं में ट्रेन के डिब्बों में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर के लिए निर्धारित स्थान, प्लेटफॉर्म स्क्रीन दरवाजे और स्टेशन पर पिक-अप एवं ड्रॉप-ऑफ के लिए समर्पित स्थान शामिल होंगे। आरआरटीएस का परिचालन जल्द ही दिल्ली और मेरठ के बीच शुरू होगा। आरआरटीएस कॉरिडोर के दुहाई डिपो-साहिबाबाद खंड के स्टेशनों को अब आरआरटीएस की विशिष्ट पहचान नीले रंग से सजाया जा रहा है। इसके साथ ही ट्रेन के अलावा स्टेशनों पर भी कई नई सुविधाएं की जा रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने आरआरटीएस के विभिन्न घटकों का परीक्षण करने के लिए शुक्रवार को दुहाई डिपो-साहिबाबाद खंड में एक और परीक्षण किया। यात्रियों के लिए पहुंच बढ़ाने और यात्रियों को लिंक रोड तथा दिल्ली-मेरठ रोड जैसी व्यस्त सड़कों को सुरक्षित रूप से पार करने में मदद करने के लिए एनसीआरटीसी एलिवेटेड स्टेशनों के प्रवेश और निकास बिंदुओं का निर्माण आरआरटीएस कॉरिडोर के दोनों सड़कों के किनारों पर कर रहा है। प्रवेश और निकास बिंदु न केवल आरआरटीएस यात्रियों के लिए, बल्कि पैदल यात्रियों के लिए भी सुलभ होंगे, जो आरआरटीएस स्टेशनों के भुगतान क्षेत्र में प्रवेश किए बिना प्रमुख सड़कों को पार करने के लिए उनका उपयोग कर सकते हैं। यह सुविधा पैदल चलने वालों के सुरक्षित आवागमन और स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन में भी मदद करेगी। अधिकारियों के मुताबिक, ज्यादातर आरआरटीएस स्टेशनों में तीन से चार मंजिल हैं और कई लिफ्ट तथा एस्केलेटर लगाए जा रहे हैं। आरआरटीएस स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन दरवाजे (पीएसडी) लगाये जा रहे हैं जो डबल-टेम्पर्ड शीशे वाले होंगे। ये ट्रेन, पटरी और यात्रियों के बीच एक सुरक्षा ढाल के रूप में कार्य करेंगे। पीएसडी को आरआरटीएस ट्रेन के दरवाजों और अत्याधुनिक ईटीसीएस लेवल-2 सिग्नल प्रणाली के साथ एकीकृत किया जा रहा है। ट्रेन के डिब्बों में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर के लिए एक निर्दिष्ट स्थान प्रदान किया गया है। चिकित्सा जरूरतों के लिए स्ट्रेचर की आवाजाही की सुविधा के लिए स्टेशनों पर लिफ्ट भी लगाई गई हैं।

### पाकिस्तान के गृह मंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने अपने सार्वजनिक भाषणों के दौरान कथित रूप से न्यायपालिका को धमकाने और सरकारी अधिकारियों को अपनी वैध जिम्मेदारियों को पूरा करनेसे रोकने के लिए गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह के खिलाफ शुक्रवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

सनाउल्लाह (68) के खिलाफ मामला अगस्त 2022 में दर्ज किया गया था। ह्यडॉनह्व अखबार ने प्राथमिकी के हवाले से कहा है कि पिछले साल और 2021 में अपने सार्वजनिक भाषणों के दौरान, सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता ने न्यायपालिका को अपना काम करने से रोकने और पंजाब पुलिस अधिकारियों के बच्चों को मारने की धमकी दी। पंजाब प्रांत के गुजरात शहर में शुक्रवार को एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने इस मामले की सुनवाई की। प्राथमिकी में मंत्री की टिप्पणी का फुटेज भी पेश किया गया, जिसे पिछले साल एक निजी समाचार चैनल ने प्रसारित किया था। एटीसी अदालत ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों को सनाउल्लाह को गिरफ्तार करने और उन्हें 7 मार्च को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। मीडिया की खबरों में कहा गया है कि गिरफ्तारी वारंट जमानती है।

# खेल-खेल में दिल हारी पाकिस्तानी युवती

- सरहदें पार कर भारत पहुंची मुलायम सिंह से की शादी
- सॉफ्टवेयर इंजीनियर समीर अंसारी समझती थी मुस्लिम वह था मुलायम सिंह यादव था, जो बेंगलुरु में सुरक्षा गार्ड का काम करता था

एजेंसी

**कराची।** एक पाकिस्तानी युवती इकरा ने कभी नहीं सोचा नहीं कि ऑनलाइन गेम लूडो की बाजी में वह इस तरह अपनी दिल हार बैठेगी। और दिल भी हारी तो किससे एक भारतीय से। दिल के हाथों मजबूर होकर इकरा पहले दुबई और फिर वहां से नेपाल के रास्ते होते हुए बेंगलुरु पहुंची। किसी फिल्मी कहानी के जैसा दिलचस्प, लेकिन दुखद यह किस्सा इकरा के चाचा ने बताया कि उसने भारत जाने के लिए हवाई टिकट के लिए गहने बेचे और दोस्तों से पैसे उधार लिए। इकरा को पिछले महीने बेंगलुरु से बरामद किया था, जहां वह हिंदू युवक मुलायम सिंह यादव के साथ रही थी, जो अब जेल में है। लड़की को रविवार को बाखा सीमा पर पाकिस्तानी अधिकारियों के हवाले कर दिया गया। दोनों ऑनलाइन मिले और प्यार हो गया और बाद में शादी करने का फैसला किया। इसके बाद कुछ महीने नेपाल पहुंची और वहां दोनों ने शादी की। यह रोचक कहानी पिछले साल सितंबर में शुरू हुई जब इकरा कॉलेज जाने के बाद लापता हो गई। इकरा से बात नहीं हो पाई, लेकिन उसके पिता सोहेल जीवानी ने कहा कि मामला अब हमेशा के लिए बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि हमें अभी भी नहीं पता कि




अकेले भारत जाने की हिम्मत उसमें कहां से आई। वह हमेशा से बहुत शर्मीली लड़की रही है।

परिवारवालों ने कहा कि उसने यह लंबी और खतरनाक यात्रा इसलिए की, क्योंकि उसे एक भारतीय शख्स से प्यार हो गया था, जिसे वह एक मुस्लिम सॉफ्टवेयर इंजीनियर समीर अंसारी समझती थी। अंसारी असल 26 वर्षीय मुलायम सिंह यादव था, जो बेंगलुरु में सुरक्षा गार्ड का काम करता था। इकरा की उससे पहचान ऑनलाइन लूडो गेम खेलने के दौरान हुई थी। मुलायम यादव ने इकरा का नाम बदलकर रवा करने के बाद उसके लिए आधार कार्ड भी बनवाया और बाद में उसने भारतीय पासपोर्ट के लिए आवेदन किया। अफजल ने कहा कि लेकिन हम उसे बरामद करने और इस खौफनाक अध्ययाय को समाप्त करने में हमारी मदद करने के लिए पाकिस्तान और भारत सरकार के शुक्रगुजार हूं। युवती पाकिस्तान लौटने के बाद से लगातार माफी मांग रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि परिवार ने उन्हें फोन के बारे में सूचित किया और उन्होंने पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के साथ संपर्क किया, जिसने लड़की को खोजने और बरामद करने में मदद करने के लिए अपने भारतीय समकक्षों से संपर्क किया।

### कंगना ने मधुबाला से अपनी तुलना की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी तुलना दिवंगत अभिनेत्री मधुबाला से की है। कंगना ने अपनी और मधुबाला की कुछ फोटोज को कोलाज बनाया है। इस तस्वीर को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए कंगना ने कहा, ह्लजैसा कि लोग चाहते हैं मैं स्क्रीन पर मैं सिनेमा की देवी मधुबाला की भूमिका निभाऊं, जब मैंने शुरूआत की थी तो मैं मधुबाला की रेप्लिका थी, अब इसके बारे में श्योर नहीं हूं ह्व



कंगना ने अपने शुरूआती करियर की कुछ फोटोज भी शेयर कीं। एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने कहा, 'ओह गॉड फिल्म इंडस्ट्री में पहले साल की ये मेरी फोटो है।'

